खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 22 जनवरी 2025 | वर्ष - 69 | अंक - 71 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 3.00 रु.


- दोषी को सजा और समाज... 04
- ट्रम्प के न बुलाये जाने के... 04
- सुपरबग से लड़ने में मदद करता है... 09
- चीन पर कैसे बदल गया डोनाल्ड ट्रंप... 09
- ट्रंप के आते ही शेयर बाजार में कोहराम, सेंसेक्स... 11
- 5 साल में 27 प्रतिशत गिरी हीरे की कीमत... 11
- भारत विरूद्ध इंग्लैंड... 10
- पूर्व भारतीय कप्तान ने... 10


सार संक्षेप

## ताईवान से दिल्ली तक कांपी धरती

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** ताइवान में धरती कांप उठी। जोरदार भूकंप से पूरा ताइवान हिल गया। वहां आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6 थी। उस भूकंप में करीब 25 से अधिक लोग घायल हो गए। इस भूकंप का असर भारत में भी तब आया जब लोग गहरी नींद में सो रहे थे, तब आधी रात में भारत के केंद्र शासित प्रदेश में धरती डोली। लोगों ने भूकंप के झटके को अच्छे से महसूस किया। दरअसल, भारत के लेह-लद्दाख में सोमावर की रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, लेह-लद्दाख में यह भूकंप 12 बजकर 9 मिनट पर आया। इस वक्त सभी अपने घरों में सो रहे थे। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग घरों से बाहर भागते दिखे। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 4.5 थी। इस भूकंप की गहराई 10 किलोमीटर अंदर थी। राहत की बात यह है कि इस भूकंप में किसी जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

यह भूकंप ताइवान के दक्षिणी इलाके में आया। इस भूकंप की वजह से 25 लोग घायल हो चुके हैं। उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। कई इमारतें ढह गई हैं। अभी तक नुकसान का आंकड़ा सामने नहीं आया है। अमेरिकी भूगर्भिक सर्वेक्षण विभाग (यूएसजीएस) के मुताबिक भूकंप के यह झटके स्थानीय समयानुसार देर रात 12 बजकर 17 मिनट पर महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र ताइवान के युजिंग से 12 किलोमीटर उत्तर में स्थित था। ठीक इसी के आसपास तिब्बत में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।




बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-** दिल्ली में सबकुछ फ्री का वादा किया गया है।

**चुहिया- हां प्रिये-** इन दिनों फ्री-फ्री का शोर जीत की गारंटी सी बनता जा रहा है।

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी

# मुठभेड़ में 19 नक्सली ढेर, 3 कुकर बम बरामद





### एक करोड़ का ईनामी नक्सली मारा गया

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षाबलों ने गरियाबंद में नक्सलियों के खिलाफ एक ऑपरेशन छेड़ दिया। इस दौरान सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच गोलीबारी हुई। सोमवार से जारी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 19 नक्सलियों को मार गिराया है। जवानों ने मारे गए नक्सलियों के शव बरामद किए हैं।

सुरक्षाबलों ने गरियाबंद में नक्सल विरोधी अभियान चलाया। ऐसे में जंगलों में छिपे नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसका सुरक्षाबलों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। इस दौरान 19 नक्सली ढेर हो गए। अभी सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है। मारे गए नक्सलियों की संख्या में इजाफा हो सकता है। गरियाबंद में सुरक्षाबलों ने नक्सल विरोधी अभियान के दौरान मौके से तीन कुकर बम भी बरामद किए हैं। गरियाबंद एसपी ने इसकी पुष्टि की है। बीते दिनों सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया था। इससे पहले सुरक्षाबलों ने 16 जनवरी को चलाए गए तलाशी अभियान में बीजापुर जिले में 12 नक्सलियों को मार गिराया था।

अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ से जिला रिजर्व गार्ड , केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और ओड़िशा से विशेष अभियान दल का एक संयुक्त दल अभियान में शामिल है। उन्होंने बताया कि ओडिशा के नुआपाड़ा जिले की सीमा से लगभग पांच किलोमीटर दूर छत्तीसगढ़ के कुलारीघाट रिजर्व वन में बड़ी संख्या में माओवादियों की मौजूदगी की जानकारी के आधार पर 19 जनवरी की रात को अभियान शुरू किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार, गोलाबारूद और एक 'सेल्फ लोडिंग' राइफल मिली थी और बारूदी सुरंग का पता चला। उन्होंने बताया कि मारे गए माओवादियों की संख्या बढ़ सकती है। सर्च ऑपरेशन लगातार चलाया जा रहा।

## जनपद पंचायत अध्यक्ष चुनाव को हाईकोर्ट ने किया शून्य घोषित

**इंदौर/भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में हाईकोर्ट द्वारा पारित किए गए एक आदेश से कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ में डबल बेंच द्वारा उज्जैन जनपद पंचायत अध्यक्ष चुनाव को शून्य घोषित कर दिया गया।

अध्यक्ष का नया चुनाव कराने का आदेश भी दिया गया है। हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष विंध्या पवार को अपस्त कर दोबारा चुनाव करवाने के आदेश दिए हैं। न्यायमूर्ति विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति गजेंद्रसिंह की डबल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता भंवरबाई के पक्ष में फैसला दिया है। 27 जुलाई 2022 को उज्जैन जनपद अध्यक्ष पद के लिए मतदान हुए थे। जनपद में भाजपा समर्थित सदस्यों का बहुमत होने के बावजूद कांग्रेस की उम्मीदवार>>शेष पृष्ठ 2 पर

ट्रंप के कड़े फैसले

# विश्व स्वास्थ्य संगठन की सदस्यता छोड़ी, 'जन्मसिद्ध नागरिकता अधिकार' खत्म किया

ट्रंप की ओर से हस्ताक्षरित आदेश में कहा गया है कि संघीय सरकार अमेरिकी धरती पर जन्मे किसी भी बच्चे को अमेरिका की नागरिकता को मान्यता देने वाले दस्तावेज जारी नहीं करेगी, जिसके माता-पिता देश में अवैध रूप से रहे हों या जो वैध रूप से लेकिन अस्थायी रूप से रहे हों।



**वॉशिंगटन/ नई दिल्ली, देशबन्धु।** डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ ग्रहण के तुरंत बाद अपने कड़े तेवर दिखाना शुरू कर दिये। अमेरिकन राष्ट्रपति ने विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका की सदस्यता छोड़ दी और जन्मसिद्ध नागरिकता अधिकार (बर्थराइट सिटीजनशिप)समाप्त कर दिया। ट्रंप ने ब्रिक्स को भी कड़े तेवर दिखाए और टिकटॉक को भी नसीहत देते हुए 75 दिन की मोहलत दी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को पदभार ग्रहण करने के बाद जन्मसिद्ध नागरिकता (बर्थराइट सिटीजनशिप) को समाप्त करने के उद्देश्य से एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। माना जा रहा है कि इससे अमेरिका में भारतीय समुदाय को भी फर्क पड़ेगा। जन्मसिद्ध नागरिकता मतलब अमेरिका में जन्मे बच्चे को स्वत: नागरिकता मिलने से है। आदेश में कहा गया है कि यह केवल उन व्यक्तियों पर लागू होगा जो इस आदेश की तारीख से 30 दिनों के बाद अमेरिका में जन्मे हैं। ट्रंप के इस आदेश का मतलब है कि यह अनडॉक्युमेंटेड प्रवासियों के अलावा अस्थायी कार्य वीजा पर कानूनी रूप से रहने वाले लोगों को भी प्रभावित करेगा।

**बर्थ टूरिज्म को टारगेट करता है आदेश**-एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति का यह कार्यकारी आदेश बर्थ टूरिज्म >>शेष पृष्ठ 2 पर

### *इन फाइलों पर किए हस्ताक्षर*

- *छह जनवरी 2021 को कैपिटल हिल पर हुए हमले के दोषी 1500 लोगों को माफी।*
- *ड्रग्स कार्टेलआतंकी संगठन घोषित होगा।*
- *अमेरिका की दक्षिणी सीमा से अवैध तरीके से देश में दाखिल हो रहे लोगों से अमेरिकी लोगों को बचाया जाएगा।*
- *मेक्सिको और कनाडा पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। यह एक फरवरी से लागू हो सकता है।*
- *पेरिस क्लाइमेट एग्रीमेंट से बाहर होगा अमेरिका*
- *संघीय सरकार में मेरिट के आधार पर नियुक्तियां होंगी।*
- *सरकारी सेंसरशिप को समाप्त किया जाएगा और अमेरिका में स्वतंत्र भाषण को फिर से बहाल करेंगे।*
- *यूएस-मैक्सिको सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित*
- *राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल की घोषणा*
- *इलेक्ट्रिक वाहन की अनिवार्यता समाप्त*
- *अमेरिका में जन्म से मिलने वाली नागरिकता खत्म*

## पागल कुत्ते ने जिस भैंस को काटा, उसका दूध पीने वालों में हड़कंप

**ग्वालियर।** जिले मे स्ट्रीट डॉग्स का आतंक हैं, लेकिन अब ये जानवरों को भी निशाना बना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया ग्वालियर जिले के डबरा कस्बे का। डबरा के पास एक गांव में एक स्ट्रीट डॉग पागल हो गया। पागल कुत्ते ने गांव की एक दूध देने वाली भैंस को काट लिया। जब गांव के लोगों को पता चला कि इस इस भैंस का दूध उन लोगों ने पिया है, तो वो दहशत में आ गए। पता चला कि गांव के 15 लोगों ने इस भैंस का दूध पिया था। पता चलने पर ये सब वहां से जिला अस्पताल मुरार पहुंचे और एंटी रैबीज के इंजेक्शन लगवाए।

### रेबिज का इंजेक्शन लगवाने की होड़ सी लगी

**हॉस्पिटल में ऐसे हैं हालात**-शहर के तीन प्रमुख शासकीय अस्पतालों में एक दिन में डॉग बाइट के 430 मरीज आए। इनमें से किसी मरीज को पहला तो किसी को दूसरा या तीसरा इंजेक्शन लगाया गया। सोमवार को जिला अस्पताल मुरार, जेएएच और सिविल अस्पताल हजीरा में डॉग बाइट के 430 मरीज आए। जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों में 15 मरीज डबरा से आए। ये वे मरीज थे, जिन्होंने उस भैंस का दूध पिया था जिसे पागल कुत्ते ने काटा था।

**डॉक्टर्स का क्या कहना है**-डॉक्टर्स की इस मामले मे अलग राय है। गजराजा चिकित्सा महाविद्यालय के पीएसएम विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉक्टर अशोक मिश्रा का कहना है कि डब्ल्यूएचओ की गाइड लाइन के अनुसार पशु को अगर कुत्ते ने काटा है और उसका दूध किसी व्यक्ति ने पिया है तो उससे रैबीज होने का खतरा नहीं होता है। इसलिए इंजेक्शन लगवाने की जरूरत नहीं है। ऐसा ही पशु चिकत्सक भी मानते हैं।

मुख्यमंत्री ने फिर दोहराया

## उज्जैन सहित प्रदेश के धार्मिक नगरों में की जाएगी पूर्ण शराब बंदी

**भोपाल, देशबन्धु।** मंत्रिमंडल में फैसला लेने के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन के एक कार्यक्रम में फिर दोहराया है कि- उज्जैन सहित प्रदेश के धार्मिक नगरों में पूर्ण शराबबंदी करने के लिए सरकार कृतसंल्पित है। उन्होंने कहा हर हाल में सनातनी परंपराओं को अक्षुण रखा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को उज्जैन की सिंधी कॉलोनी स्थित क्रांतिकारी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने अवसर पर कहा कि आज अमर शहीद हेमू कालाणी का बलिदान दिवस है। उन्होंने मात्र 19 वर्ष की उम्र में स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।



अमर शहीद हेमू कालाणी भारत मां के वीर सपूत : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हेमू कालाणी सहित अन्य क्रांतिकारियों के अथक प्रयासों से लगभग एक हजार साल का गुलामी का काल खत्म हुआ। हर शताब्दी में भारत माता की गोद में विदेशी आक्रंताओं से लड़ने वाले वीर शहीदों ने जन्म लेकर भारतीय संस्कृति की रक्षा कर जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी को चरितार्थ किया है। अंग्रेजी आक्रंताओं ने भारत से धन लूटा। हमारे अमर शहीदों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर अंग्रेजों को देश से भगाकर इस लूट को रोका था। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस न पहुंचे इसके लिए उज्जैन सहित प्रदेश के अन्य धार्मिक नगरों में जल्द ही पूर्ण शराब बंदी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संपूर्ण ध्यान धार्मिक, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को प्रदेश में बढ़ावा देने पर है। इससे प्रदेशवासियों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और प्रदेश का चहुँमुखी विकास होगा।

हेमू कालाणी एक ऐसे क्रांतिकारी थे जिन्होंने भारत की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। सिंध के सुक्कुर में जन्मे हेमू कालाणी ने बहुत कम उम्र में ही देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत होकर अंग्रेजी शासन के खिलाफ आवाज उठाई।

## तुर्की के होटल में भीषण आग, 66 की मौत



**अंकारा, ( एजेंसियां )।** तुर्की में मंगलवार को एक स्की रिसॉर्ट होटल में लगी आग में कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब बोलू प्रांत के कार्तलकाया स्की रिसॉर्ट में स्थित एक होटल में आधी रात के बाद आग लग गई। इमारत में एक मंजिल पर रेस्त्रां चलता है। आग रेस्तरां में लगी। स्थानीय अधिकारियों ने बताया, कई लोग घबराहट में होटल की इमारत से कूद गए, जिससे उनकी मौत हो गई। बोलू प्रांत के गवर्नर अब्दुलअजीज आयडिन ने बताया कि आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन आग की लपटों ने बहुत तेजी से होटल को अपनी चपेट में ले लिया।

### कई लोग घबराहट में होटल की इमारत से कूदे, 50 से ज्यादा घायल

**230 लोगों को सुरक्षित निकाला**-आग लगने की सूचना मिलने पर अग्निशमन दल, खोज एवं बचाव इकाइयां तथा चिकित्सा दल शहर मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड और बचाव टीमों ने मिलकर लगभग 230 लोगों को सुरक्षित निकाला। तुर्की के न्याय मंत्री यिलमाज़ टुनक ने बताया कि इस हादसे की जांच के लिए बोलू प्रांत के मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय द्वारा एक न्यायिक जांच शुरू की गई है।


अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ। पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2024-25
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200


रेवड़ियां | भाजपा ने खोला पिटारा

# वादा.. दिल्ली में सबकुछ फ्री

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संकल्प पत्र का दूसरा हिस्सा जारी कर दिया है। इसमें युवा और असंगठित क्षेत्र के कामगारों को ध्यान में रखकर कई बड़े ऐलान किए गए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने संकल्प पत्र का अनावरण करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो जरूरतमंद लोगों के लिए केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने ऑटो-टैक्सी ड्राइवर्स और घरों में सहायक के तौर पर काम करने वाले लोगों को बीमा देने की बात कही है।

**केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा**-अनुराग ठाकुर ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी तो सभी सरकारी संस्थानों में जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी।

**प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 15 हजार मदद**-अनुराग ठाकुर ने कहा कि युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15000 की वित्तीय सहायता और 2 बार के यात्रा और आवेदन के लिए शुल्क प्रतिपूर्ति की जाएगी।



### केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा

**अनुसूचित जाति के छात्रों को दी जाएगी मदद**-अनुराग ठाकुर ने कहा कि आपदा सरकार ने 5 साल में केवल 5 एससी छात्रों को छात्रवृत्ति दी, जबकि मोदी सरकार ने 34.5 लाख अनुसूचित छात्रों को मदद दी है।भाजपा ने कहा है कि तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की तैयारी के लिए अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को डॉ. बी आर अंबेडकर स्टाइपेंड योजना के तहत 1 हजार रुपए प्रति माह का स्टाइपेंड दिया जाएगा।

**ऑटो टैक्सी डाइवर्स के लिए बड़ा वादा**-अनुराग ठाकुर ने कहा कि आपदा सरकार ने ऑटो वालों के लिए एक भी योजना का ऐलान नहीं किया, उनके लिए बोर्ड का ऐलान नहीं किया। ऑटो टैक्सी ड्राइवर्स के लिए ऑटो टैक्सी वेलफेयर बोर्ड बनाएंगे। इसके गठन के बाद 10 लाख रुपए तक का जीवन बीमा और 5 लाख रुपए दुर्घटना बीमा देंगे। ऑटो ड्राइवर्स के बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप दी जाएगी।

**घरेलू सहायकों के लिए बोर्ड, 15 लाख तक का बीमा**-ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार घरेलू सहायक वेलफेयर बोर्ड की स्थापना करेगी। माली, सफाईकर्मी या खाना बनाने वाले ऐसे लोगों को 10 लाख रुपए का जीवन बीमा दिया जाएगा, जो लोगों के घरों में काम करते हैं। इन्हें 5 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा दिया जाएगा। इनके बच्चों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। >>शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## सेना के लिए 1560 करोड़ की लागत से खरीदे जाएंगे टैंक

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सेना के लिए 47 टैंक-72 (ब्रिज लेइंग टैंक बीएलटी) की खरीद के लिए आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड की इकाई हैवी व्हीकल फैक्ट्री के साथ 1560 करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में रक्षा मंत्रालय और हैवी व्हीकल फैक्ट्री और आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए।

### योगी सरकार की पहल

## प्रदेश के 1.33 लाख परिषदीय विद्यालयों में गूंज रहा काव्यपाठ



**लखनऊ, (आईएएनएस)।** योगी सरकार की अनूठी पहल के तहत प्रदेश के 1.33 लाख से अधिक परिषदीय विद्यालयों में 1.40 करोड़ से अधिक बच्चों के बीच देशभक्ति की कविताओं की गूंज सुनाई दे रही है। छात्रों में रचनात्मकता और राष्ट्रभक्ति की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कविता पाठ प्रतियोगिता में अव्वल छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा। विद्यालय से लेकर राज्य स्तर तक हो रही प्रस्तुतियों में श्रेष्ठता के आधार पर चयनित 10-10 छात्रों को जिला स्तर और राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत छात्रों में रचनात्मकता, तर्क क्षमता और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से योगी सरकार ने इस प्रतियोगिता का आयोजन किया है। चयन प्रक्रिया के माध्यम से विद्यालय स्तर से लेकर राज्य स्तर तक सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।


योगी सरकार ने प्रतियोगिता की चयन प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। विद्यालय स्तर पर आयोजित हो रहे देशभक्ति गीतों और काव्यपाठों में भाग लेने वाले छात्रों की प्रस्तुतियों की वीडियो रिकॉर्डिंग कराने के निर्देश संबंधित प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को दिए गए हैं। प्रत्येक विद्यालय से चयनित सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी की वीडियो रिकॉर्डिंग खंड शिक्षा अधिकारी को भेजी जाएगी। इसके बाद इन रिकॉर्डिंग्स की समीक्षा कर ब्लॉक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी का चयन किया जाएगा। चयनित रिकॉर्डिंग जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) को भेजी जाएगी।

योगी सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार, डायट प्राचार्य के निर्देशन में बनी तीन सदस्यीय समिति इन वीडियो रिकॉर्डिंग्स का मूल्यांकन करेगी। प्रत्येक जिले से तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन कर उनकी जानकारी राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) को भेजी जाएगी। इसके बाद राज्य स्तर पर विशेषज्ञों द्वारा इन वीडियो का मूल्यांकन कर 10 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा, जिन्हें राज्य स्तरीय समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।कविता पाठ के चयन के लिए योगी सरकार ने विषय की प्रासंगिकता, प्रस्तुति, भाषा की शुद्धता, मौलिकता और वीडियो की गुणवत्ता जैसे मापदंड तय किए हैं। कविता पाठ की वीडियो रिकॉर्डिंग अधिकतम 2-3 मिनट की होगी और उसकी आवाज की स्पष्टता भी अनिवार्य है। यह प्रतियोगिता छात्रों की प्रतिभा को निखारने और उनमें राष्ट्रीय भावना जागृत करने की दिशा में एक प्रभावी कदम है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने इस प्रतियोगिता के आयोजन और पुरस्कार वितरण के लिए 3,52,500 रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। राज्य स्तर पर चयनित प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 5,000, 4,000 और 3,000 रुपये की धनराशि और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला स्तर पर तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को क्रमशः 2,100, 1,500 और 1,100 रुपये की धनराशि और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया जाएगा। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से यह पहल शुरू की गई है। यह बच्चों को अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उजागर करने का अवसर प्रदान करेगी। साथ ही यह उन्हें राष्ट्रभक्ति और रचनात्मक सोच के प्रति प्रेरित करेगी। समग्र शिक्षा अभियान के तहत योगी सरकार बच्चों के बीच रचनात्मकता और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन कर रही है। यह पुरस्कार और प्रमाण पत्र बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए प्रदान किए जाएंगे।

### हाइपरसोनिक तकनीक के क्षेत्र में भारत ने लगाई लंबी छलांग

## डीआरडीओ ने स्क्रैमजेट इंजन का किया सफल ग्राउंड परीक्षण




**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की हैदराबाद स्थित प्रयोगशाला रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) ने लंबी अवधि की सुपरसोनिक दहन रैमजेट या स्क्रैमजेट संचालित हाइपरसोनिक तकनीक विकसित करने की पहल के तहत स्क्रैमजेट इंजन का सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि डीआरडीएल ने हाल ही में इन तकनीकों को विकसित किया है और भारत में पहली बार 120 सेकंड के लिए अत्याधुनिक एक्टिव कूल्ड स्क्रैमजेट कॉम्बस्टर ग्राउंड परीक्षण किया है। सफल ग्राउंड परीक्षण अगली पीढ़ी के हाइपरसोनिक मिशनों को विकसित करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

हाइपरसोनिक मिसाइलें उन्नत हथियारों की एक श्रेणी है, जो मैक-5 से अधिक गति अर्थात ध्वनि की गति से पांच गुना या 5,400 किमी प्रति घंटा से अधिक रफ्तार से चलती हैं। इन उन्नत हथियारों में मौजूदा वायु रक्षा प्रणालियों को बायपास करने और तेज तथा उच्च प्रभाव वाले हमले करने की क्षमता है।

स्क्रैमजेट कॉम्बस्टर के ग्राउंड परीक्षण ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां प्रदर्शित कीं, जो सफल इग्निशन और स्थिर दहन वाले हाइपरसोनिक वाहनों में परिचालन हेतु इस्तेमाल के लिए इसकी क्षमता को प्रदर्शित करती हैं। स्क्रैमजेट इंजन में इग्निशन 'तूफान में मोमबत्ती जलाए रखने' जैसा है।

भारत में पहली बार डीआरडीएल और उद्योग द्वारा संयुक्त रूप से एंडोथर्मिक स्क्रैमजेट ईंधन का स्वदेशी विकास इस सफलता का मुख्य कारण है। ईंधन महत्वपूर्ण शीतलन सुधार और प्रज्वलन में आसानी के दोहरे लाभ प्रदान करता है। टीम ने औद्योगिक स्तर पर डीआरडीएल की सख्त ईंधन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक विशेष विनिर्माण प्रक्रिया विकसित की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्क्रैमजेट इंजन के सफल ग्राउंड परीक्षण के लिए डीआरडीओ और उद्योगजगत को बधाई दी है। उन्होंने कहा, यह उपलब्धि अगली पीढ़ी के हाइपरसोनिक मिशनों के विकास में मील का पत्थर है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने स्थिर दहन, उन्नत प्रदर्शन और उन्नत थर्मल प्रबंधन परीक्षण में क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए डीआरडीएल टीम और उद्योग को बधाई दी।

**अमेरिका, रूस सहित कई देश कर रहे उपयोग**

अमेरिका, रूस, भारत और चीन सहित कई देश सक्रिय रूप से हाइपरसोनिक तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। हाइपरसोनिक वाहनों की कुंजी स्क्रैमजेट हैं।

### राहुल गांधी के खिलाफ अब यह मामला पहुंचा अदालत में

## 'भाषण सुनते ही हाथ से दूध की बाल्टी छूटी, 250 रुपए का नुकसान

**समस्तीपुर।** न्याय व्यवस्था का किस तरह मजाक सा बनता जा रहा है इसका बिहार में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां, समस्तीपुर जिले के रहने वाले एक शख्स ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा किया है। शख्स ने आरोप लगाया है कि 15 जनवरी 2025 को कांग्रेस के नए मुख्यालय में राहुल गांधी ने भड़काऊ भाषण दिया था, जिसे सुनने के बाद वो घबरा गया। जिस समय उसे राहुल गांधी के भड़काऊ भाषण की जानकारी मिली उसके हाथ में दूध की बाल्टी थी जो कि डर की वजह से गिर गया।

बाल्टी में 5 लीटर दूध था जो जमीन पर गिरकर बर्बाद हो गया। दूध गिरने की वजह से उसे 250 रुपए का नुकसान हो गया इसके साथ-साथ उसे भाषण से मानसिक पीड़ा भी हुई। इसे लेकर शख्स ने समस्तीपुर जिला के रोसरा व्यवहार न्यायालय में अभियोग पत्र दायर किया है। समस्तीपुर के रोसरा थाना क्षेत्र के सोनूपुर गांव के रहने वाले मुकेश कुमार चौधरी ने न्यायालय में दायर किया अभियोग पत्र में आरोप लगाया गया है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत वर्ष की राज व्यवस्था के विरुद्ध भड़काऊ भाषण दिया। राहुल ने कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन के उदघाटन के बाद पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी लड़ाई सिर्फ भाजपा और आरएसएस से नहीं बल्कि इंडियन स्टेट से भी है।

## जम्मू में मातम और दहशत के बीच वीरान हुआ गांव

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के एक गांव में इन दिनों चीख-पुकार और मातम का माहौल है। इसकी वजह यह है कि इस गांव में 7 दिसंबर से अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है। बददल नाम के इस गांव में लगभग 500 परिवार हैं। हालात इतने खराब हैं कि इस गांव के मुस्लिम समुदाय के लोग अपने परिजनों की कब्र खोदने के लिए लोगों की मदद का इंतजार कर रहे हैं। पूरे गांव में भयंकर खामोशी और दहशत फैली हुई है।

65 साल के जमालदीन कहते हैं कि लोगों में इस कदर डर है कि कोई यहां कब्र तक खोदने के लिए तैयार नहीं है। जमालदीन कहते हैं कि कुछ हफ्ते पहले तक जिस जमीन पर बच्चे खेल रहे थे, आज उन्हें इसी जमीन के नीचे दफन कर दिया गया है।जमालदीन के पोते मुश्ताक कहते हैं कि एक कब्र को खोदने के लिए कम से कम 10 से 12 लोगों की जरूरत होती है। मुश्ताक बताते हैं ये मेरे नाना हैं, लेकिन हम आज एक-दूसरे के घर में न

**कब्र खोदने के लिए भी नहीं मिल रहे लोग**

कुछ खाते हैं, न पानी पीते हैं। दिल्ली में कांग्रेस और क्क से ज्यादा दलित नेताओं को क्ष्छुक्क ने दिया टिकट, सामान्य सीटों पर भी बनाया उम्मीदवार, इसका कितना फायदा मिलेगा? मुश्ताक अहमद और उनके दादा जमालदीन यास्मीन कौसर की कब्र खोदने के लिए लोगों की मदद का इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में यास्मीन की मौत इस अनजान बीमारी से हुई है। उनके पिता का नाम मोहम्मद असलम है। इससे पहले मोहम्मद असलम की मौसी और चाचा के अलावा पांच और बच्चों की मौत इस बीमारी की वजह से हो गई है।

**डॉक्टर्स और एक्सपर्ट्स भी नहीं लगा पा रहे पता**-हैरान करने वाली बात यह है कि लोगों की मौत किस वजह से हो रही है, इसका पता नहीं चल पा रहा है जबकि देश के कई बड़े अस्पतालों के डॉक्टर्स की टीम गांव का दौरा कर चुकी है। 17 लोगों की मौत के बाद केंद्र सरकार को इस मामले में एक टीम बनानी पड़ी है। दहशत की वजह से लोग घरों के अंदर ही बंद हैं और पूरा गांव एकदम वीरान हो गया है।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र./2409/अ-6/2024-2025

जबलपुर, दिनांक 20/01/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रीतम प्रसाद मिश्रा पिता श्री गिरवर प्रसाद मिश्रा निवासी कछपुरा माल गोदाम के पास जबलपुर के द्वारा मौजा कछपुरा नजूल ब्लॉक नं. ... प्लॉट नंबर ... स्थित भूमि खसरा नं. 338/1 में से रकवा 1300 व.फु. भूमि पर मिठाईलाल चक्रवर्ती वल्द मन्नूलाल चक्रवर्ती की मृत्यु दिनांक ... को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र / फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक .... तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-20/01/2025

पेशी दिनांक-30/01/2025

र.नं. 2726 **तहसीलदार अधारताल जबलपुर**



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं शपथकर्ती रोमा देवानी (ROMA DEWANI) पिता SALAMATRAI HARCHANDMAL MADHYANI पति कैलाश देवानी निवासी म.नं. 1336, शोभापुर रोड, स्टेट बैंक के पास, अधारताल जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ।
2. यह कि मेरे शिक्षा रिकार्डो / कक्षा दसवीं की अंकसूची में मेरा नाम ज्योति मध्यानी (JYOTI MADHYANI) दर्ज है, एवं मेरे पेन कार्ड में मेरा नाम ज्योति सलामतराय मध्यानी दर्ज है, जो कि पूर्व का नाम है।
3. यह कि मैं अपने शिक्षा रिकार्डो / कक्षा दसवीं की अंकसूची में मेरा नाम JYOTI MADHYANI संशोधित करवाना चाहती हूँ, अतः मेरे शिक्षा रिकार्डो / कक्षा दसवीं की अंकसूची में मेरा नाम ROMA DEWANI दर्ज करवाना चाहती हूँ।
4. यह कि JYOTI MADHYANI उर्फ ज्योति सलामतराय मध्यानी एवं ROMA DEWANI उक्त दोनों नाम मेरे याने एक ही महिला के नाम है।

शपथकर्ती

रोमा देवानी (ROMA DEWANI)

र.नं. 2723



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं श्रीमति सोनाली सासानी आयु 40 वर्ष, पति श्री रविन्द्र कुमार सासानी निवासी ग्राम गाँधी वार्ड गाडरवारा तह. व थाना गाडरवारा जिला नरसिंहपुर पते की स्थायी निवासी हूँ।

यह कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड में सोनाली सासानी दर्ज है।

यह कि मेरा विवाह पूर्व मेरा नाम मेरी अंकसूचियों में प्रियंका गाजरानी दर्ज हैं

यह कि विवाह उपरांत नाम सोनाली सासानी पति श्री रविन्द्र कुमार सासानी है।

यह कि उक्त दोनों नामों में से मेरा वर्तमान का नाम सोनाली सासानी है। जो कि सही है। इसी नाम से मैं जानी पहचानी जाती हूँ। मेरे नाम सोनाली सासानी को लिखा पढा एवं समझा जावे।

पुराना नाम - प्रियंका गाजरानी

नया नाम - सोनाली सासानी



**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र./827/अ-6/2024-2025

जबलपुर, दिनांक 16/01/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश कुमार यादव बगै. पिता श्री रूपराम यादव निवासी उपरैनगंज जबलपुर के द्वारा मौजा ... नजूल ब्लॉक नं. 07 प्लॉट नंबर 131/1 स्थित भूमि खसरा नं. ... में से रकवा 7348 व.फु. भूमि पर मंदिर श्री शंकर जी देवक्षरवाकार घसीटे लाल पि. नारायन दास की मृत्यु दिनांक 30/10/2001 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र / फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 31/1/25 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-16/01/2025

पेशी दिनांक-31/01/2025

र.नं. 2721 **तहसीलदार अधारताल जबलपुर**



In The Court Of VI Additional District and Session Judge District Court, Jabalpur

Presiding Officer: विपिन सिंह भदौरिया

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

**(MJC GW/0000006/2025)**

हर्षराज पटैल...वादी

Vs

आम जनता...प्रतिवादी

Process Id-/ 2025

पेशी दिनांक.:-25/02/2025

प्रेषिती-(1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी हर्ष राज पटैल ने अपके विरूद्ध आवेदन पत्र वास्ते अव्यस्क की सम्पत्ति के व्ययन की अनुमति हेतु अंतर्गत धारा 8 हिंदू अप्राप्तव्य एवं संरक्षकता अधिनियम 1956 सहठित धारा 29 संरक्षण एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 16 जनवरी 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी - प्रकाशन व उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र की छायाप्रति संलग्न।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(विपिन सिंह भदौरिया)

जिला न्यायाधीश (षष्टम)

र.नं. 2724 जबलपुर (म.प्र.)



In The Court Of VI Additional District and Session Judge District Court, Jabalpur

Presiding Officer: विपिन सिंह भदौरिया

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

**(MJC GW/0000003/2025)**

रविता यादव...वादी

Vs

आम जनता...प्रतिवादी

Process Id-/ 2025

पेशी दिनांक.:-27/02/2025

प्रेषिती-(1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी रविता यादव ने अपके विरूद्ध एमजेसी जी डब्ल्यू आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 8 हिन्दु अप्राप्तव्य एवं संरक्षकता अधिनियम 1956 वास्ते अवयस्क आवेदक क्रमांक 02 से 04 की संपत्ति को विक्रय करने की अनुमति प्रदान किये जाने बावत। के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 16 जनवरी 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी - प्रकाशन नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 8 हिन्दू अप्राप्तवय एवं संरक्षकता अधिनियम 1956 वास्ते अवयस्क आवेदक क्रमांक 02 से 04 की संपत्ति को विक्रय करने की अनुमति प्रदान किये जाने बावत पत्र की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

र.नं. 2722 (विपिन सिंह भदौरिया)

जिला न्यायाधीश (षष्टम) जबलपुर (म.प्र.)



In The Court of III Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur

Presiding Officer: रिशा अहमद कुरैशी

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

**(RCS A/ 0000782/ 2024)**

श्रीमती पपियर रानी बाला................वादी

Vs

आम जनता..... प्रतिवादी

Process Id-2024

पेशी दिनांक 07/10/2024

प्रेषिती

(1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी श्रीमती पपियर रानी बाला ने आपके विरूद्ध आर सी एस ए के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 14 सितम्बर 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन एवं उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ वाद पत्र एवं शपथ पत्र की की छायाप्रति संलग्न।

कृपया ध्यान दें: 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(रिशा अहमद कुरैशी)

तृतीय सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ खण्ड)

र.नं. 2725 जबलपुर (म.प्र)



In The Court of VIII Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur

presiding Officer: अंकिता शाही

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000203/2025)

मुकेश चावड़ा..........आवेदक

Vs

जयश्री चावड़ा.....अनावेदक

Process Id- /2024

पेशी दिनांक:-17/02/2025

प्रेषिती-

(1) आम जनता पता - जबलपुर मध्यप्रदेश

(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश चावड़ा पता म.नं. 1839/2 पं. बनारसी दास भानोट वार्ड, डॉ. चौबे अस्पताल के पीछे नर्मदा रोड तहसील व जिला जबलपुर पता ने मृतक हंसा चावड़ा निवासी म.नं. नया 918 पुराना 14/2 गुजराती मोहल्ला जबलपुर की 1. श्रीमान शाखा प्रबंधक महोदय पता- भारतीय स्टेट बैंक शाखा गोरखपुर तहसील व जिला जबलपुर 2. श्रीमान शाखा प्रबंधक महोदय पता- भारतीय स्टेट बैंक शाखा तुलाराम चौक तहसील व जिला जबलपुर में जमा राशि प्राप्ति हेतु राशि/संपत्ति हेतु नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 17 फरवरी 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 17 फरवरी 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 09 जनवरी 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- उपस्थिति हेतु नोटिस तथा प्रकाशन नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(श्रीमती अंकिता शाही)

अष्टम सिविल न्यायाधीश

(वरिष्ठ खण्ड) जबलपुर (म.प्र.)


### प्रथम पृष्ठ का शेष

**जनपद अध्यक्ष चुनाव.....**

विंध्या देवेंद्र सिंह पंवार 12-0 से अध्यक्ष का चुनाव जीती थीं। कांग्रेस समर्थित नासिर पटेल निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए थे। भाजपा समर्थित उम्मीदवार भंवरबाई ने चुनाव प्रक्रिया को अवैध बताते हुए न्यायालय में याचिका दायर की थी जिस पर हाई कोर्ट ने चुनाव शून्य घोषित करते हुए अध्यक्ष का नया चुनाव कराने का आदेश दिया है। चुनाव प्रक्रिया में हुई धांधली के खिलाफ वर्तमान मुख्यमंत्री तथा तत्कालीन उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव ने भाजपा समर्थित कार्यकर्ताओं के साथ धरना भी दिया था।


**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

भवन नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि काँचघर कालोनी जबलपुर में भवन क्रमांक बी-14 श्री भरत लाल अर्जितवार पिता स्व.श्री जीवन लाल अर्जितवार के नाम आवंटित है। श्री भरत लाल अर्जितवार पिता स्व.श्री जीवन लाल अर्जितवार की मृत्यू दिनॉक 22.11.2024 को हो चुकी है। आवंटी की पत्नि श्रीमति शिवकुमारी अर्जितवार ने उक्त संपत्ति का नामांतरण स्वयं के नाम करने हेतु आवेदन संलग्न दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन / भूखण्ड के हस्तांतरण / नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने पर काँचघर कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमांक बी.-14 श्रीमति शिवकुमारी अर्जितवार पति स्व. श्री भरत लाल अर्जितवार के नाम हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/दावा मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

र.नं. 2730


**ट्रंप के कड़े फैसले.....**

को टारगेट करता है, जहां विदेशी नागरिक अपने बच्चों को जन्म देने और उनके लिए अमेरिकी नागरिकता हासिल करने के लिए अमेरिका की यात्रा करते हैं। ट्रंप ने इस प्रेक्टिस की आलोचना की है। एक बयान में उन्होंने कहा, हम इसे खत्म करने जा रहे हैं क्योंकि यह हास्यास्पद है। उन्होंने अवैध आव्रजन पर अंकुश लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**भारतीयों को पड़ेगा फर्क**-प्यू रिसर्च सेंट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यूएस सेंसस ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, 2022 तक लगभग 4.8 मिलियन भारतीय-अमेरिकी अमेरिका में रह रहे थे। इनमें से एक महत्वपूर्ण अनुपात में लोग अमेरिका में जन्मे हैं। चूंकि ट्रंप के आदेश में कहा गया है कि यह केवल उन लोगों पर लागू होगा जो इस आदेश की तारीख से 30 दिनों के बाद अमेरिका में जन्मे हैं। इसका मतलब है कि अमेरिका में भारतीयों की आने वाली पीढ़ी इसके दायरे में होगी।

वहीं, ट्रंप की पॉलिसी लागू हो जाने के बाद अस्थायी कार्य वीजा जैसे कि ॥-1बी या ग्रीन कार्ड का इंतजार कर रहे भारतीय नागरिकों के अमेरिका में जन्म लेने वाले बच्चों को अब स्वाचालित रूप से अमेरिकी नागरिकता नहीं मिल सकेगी। वहीं, परिवार आधारित इमिग्रेशन अमेरिकी नागरिकों को 21 वर्ष की आयु होने अपने माता-पिता को देश में लाने के लिए पिटीशन फाइल करने की अनुमति देता है। जन्म से मिलने वाली नागरिकता के बिना भारतीय प्रवासियों से जन्मे बच्चे अपने माता-पिता को स्पॉन्सर नहीं कर पाएंगे।

**वादा.. दिल्ली में सबकुछ....**

**रेहड़ी-पटरी वालों को लोन**-भाजपा सांसद ने कहा कि दिल्ली में 4 लाख रेहड़ी पटरी वालों को बिना कुछ गिरवी रखे लोन दिया जाएगा। **आप के घोटलों पर स्ङ्क्ष्ञ्ज बनेगी**-अनुराग ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद आम आदमी पार्टी के घोटालों की एसआईटी जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 सालों में दलालों को खत्म कर दिया है और डीबीटी के जरिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। दिल्ली में आपदा के कारण कोविड महामारी के दौरान जहां ऑक्सीजन नहीं मिल पाती थी, अस्पतालों में बेड नहीं मिल पाते थे उस दौरान इन्होंने सैकड़ों करोड़ शराब कारोबारियों के माफ कर दिए। 2026 करोड़ रुपए का घोटाला किया। सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा में पेश नहीं किया। दिल्ली जल बोर्ड के घाटे पर क्यों नहीं चर्चा करवाई, मोहल्ला क्लीनिक के फर्जी जांच और शीशमहल घोटाले पर चर्चा क्यों नहीं हुई। भाजपा की सरकार बनी तो आम आदमी पार्टी के घोटालों पर एसआईटी की जांच बिठाएगी। भाजपा की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति है।

**संकल्प पत्र के पहले हिस्से में भी कई बड़े वादे**-इससे पहले भाजपा ने महिलाओं को साधने के लिए कई वादे किए थे। भाजपा ने कहा है कि यदि उसकी सरकार बनी तो दिल्ली में हर महिला को मासिक 2500 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। गरीब महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया गया है। पेंशन में इजाफे का वादा भी किया गया है। इसके अलावा झुग्गी-झोपड़ी के पास अटल कैंटीन खोले जाएंगे जिसमें 5 रुपए में भरपेट भोजन की व्यवस्था होगी। पहली कैबिनेट बैठक से ही दिल्ली में केंद्र सरकार की अयुष्मान योजना को लागू करने की बात कही गई है।


**कार्यालय, नगर पालिका परिषद् कोतमा, जिला-अनूपपुर (म. प्र.)**

Office: Municipal Council Kotma Dt-Anuupur(M.P.)

Email-cmokotma@mpurban.gov.in Ph.-(07658)233260

क्रमांक-3177/न.पा. /भण्डार/ई-टेण्डर/2024 कोतमा, दिनांक -24.12.2024

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑनलाईन टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_390496_1 24.12.2024 | वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लिए किराये से टेण्ट व्यवस्था कार्य। | 15 माह 2000000.00 | 2000.00 15000.00 | 22/01/2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी,**

**नगर पालिका परिषद कोतमा, जिला- अनूपपुर म.प्र.**

# देश-प्रदेश

उवाच

## सरकार की नीतियों में आम लोगों का हित नदारदः राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार की विकास नीतियों पर सवाल करते हुए कहा है कि मोदी सरकार की नीतियों में मेहनत आम आदमी करता है और उसकी मेहनत का फायदा कोई और उठाता है। श्री गांधी ने मंगलवार को कहा, मोदी के विकसित भारत की सच्चाई- मेहनत आपकी, मुनाफा किसका। आप सभी के खून पसीने से देश की अर्थव्यवस्था का पहिया घूम रहा है लेकिन क्या आपको इसमें उचित हिस्सा मिल रहा है। जरा सोचिए-मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 60 साल के सबसे निचले स्तर तक चली गई। इस वजह से लोगों को रोज़गार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।



### मुख्यमंत्री ने ग्वालियर में बैठक लेकर जानी वस्तुस्थिति

## जेसी मिल श्रमिकों की देनदारियों के भुगतान की प्रक्रिया अंतिम दौर में



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि- ग्वालियर की जेसी मिल के लगभग 8 हजार श्रमिकों की देनदारियों के भुगतान करने के प्रति सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। सरकार के प्रयास आखिरी दौर में पहुँच गए हैं।

हमारा प्रयास है कि इंदौर की हुकुमचंद मिल और उज्जैन की विनोद मिल की तर्ज पर जेसी मिल के लगभग 8 हजार श्रमिक बंधुओं की देनदारियों का भुगतान भी जल्द से जल्द हो और उनकी दीवाली खुशियों के साथ मने। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जेसी मिल श्रमिकों की देनदारियों के भुगतान के लिये हो रहे प्रयासों को गति देने के उद्देश्य से ग्वालियर में आयोजित हुई अहम बैठक में यह बात कही। बैठक में ग्वालियर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट वर्चुअल रूप से शामिल हुए। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर बैठक में मौके पर मौजूद थे। मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में जेसी मिल श्रमिकों के भुगतान को लेकर की जा रही कार्रवाई के बारे में संभाग आयुक्त मनोज खत्री ने विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त परिसमापक व्योमेश सेठ से कहा कि पुराने और नवीन दावों के आधार पर जल्द से जल्द भुगतान का आंकलन कर उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें, जिससे उच्च न्यायालय में विचाराधीन जेसी मिल श्रमिकों के भुगतान से संबंधित मामले का शीघ्र निराकरण हो जाए और श्रमिकों की देनदारियों का भुगतान किया जा सके।

### नए उद्योगों से ग्वालियर जिले के 80 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

मंगलवार को संभाग आयुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर की जेसी मिल और रतलाम की सज्जन मिल सहित प्रदेश की सभी बंद मिलों पर श्रमिकों का बकाया भुगतान तो सरकार करायेगी ही, साथ ही इन मिलों की जमीन पर सरकार नई औद्योगिक इकाईयाँ भी स्थापित करेगी, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। इस कड़ी में अकेले ग्वालियर जिले में स्थापित होने जा रही औद्योगिक इकाइयों से 80 हजार से एक लाख स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा सरकार द्वारा क्षेत्रीय इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव की श्रृंखला चलाई जा रही है। इसके तहत प्रदेश के सात संभागों में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित हो चुकी हैं। इनमें बड़े पैमाने पर निवेश के प्रस्ताव सामने आए हैं। इनसे चार लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

### कैलारस शुगर मिल की समस्या भी सरकार हल करेगी


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुरैना जिले की कैलारस शुगर मिल से जुड़े श्रमिकों की समस्याओं का समाधान भी प्रदेश सरकार करेगी। इसी तरह उज्जैन की बंद सोयाबीन फैक्ट्री के श्रमिकों का भुगतान कराया जायेगा।

### श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने जताया आभार

बैठक में मौजूद जेसी मिल श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधिगण राजेन्द्र सिंह नाती, कुलदीप सिंह सेंगर और रतीराम यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के इतिहास में पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने श्रमिकों की देनदारियों के भुगतान के लिये अपनी ओर से पहल की है। इसके लिए जेसी मिल ग्वालियर के श्रमिक उनके सदैव आभारी रहेंगे।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने बेलगावी में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण, कहा-

## संविधान की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी



**बेलगावी, एजेंसी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कर्नाटक के बेलगावी में सुवर्ण विधान सौध के परिसर में महात्मा गांधी की 25 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। यह कार्यक्रम उस ऐतिहासिक अवसर की शताब्दी का प्रतीक है, जब महात्मा गांधी ने कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष का पद संभाला था और ब्रिटिश शासन के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम शुरू किया था।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने संबोधन में कर्नाटक सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय राज्य के लिए सम्मान लाता है। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी ने देश को स्वतंत्रता दिलाई। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और बाबासाहेब बीआर अंबेडकर के कार्यकाल के दौरान संविधान अस्तित्व में आया। उन्होंने कहा, संविधान की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। संविधान के बिना देश में अराजकता फैल जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हाल ही में कई नेता महात्मा गांधी की प्रशंसा कर रहे हैं। उनका योगदान, बलिदान और काम सराहनीय है। 1924 में महात्मा गांधी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। यह पहली और आखिरी बार था जब उन्होंने इस पद को संभाला था। कार्यकाल पूरा करने के बाद उन्होंने फिर कभी इस पद को स्वीकार नहीं किया। खरगे ने आगे कहा कि महात्मा गांधी ने छुआछूत के खिलाफ और देश के निर्माण के लिए नारे दिए थे। बेलगावी ने देश में सम्मान का स्थान अर्जित किया है

### संविधान के बिना अराजकता फैल जाएगी

क्योंकि यहीं पर गांधी जी ने एआईसीसी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला था। यह शहर राष्ट्रीय गौरव का स्रोत है। मैं प्रतिमा के अनावरण का अवसर पाकर आभारी हूं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि मैं अपने गृहनगर कलबुर्गी में भी ऐसी ही एक प्रतिमा स्थापित करने की योजना बना रहा हूं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर, विधान परिषद के सभापति बसवराज होरट्टी, राष्ट्रीय संगठन सचिव केसी वेणुगोपाल, कर्नाटक कांग्रेस प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला और अन्य नेता मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय आंदोलन में अपनी भागीदारी बताए आरएसएस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि भाजपा और आरएसएस ने आजादी की लड़ाई में कोई हिस्सा नहीं लिया और वह उन्हें चुनौती देते हैं कि वे इतिहास में ढूंढकर बताएं कि आंदोलन में उनकी भागीदारी कितनी रही। श्री खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, बाबासाहेब डॉ अंबेडकर जी को सम्मान देने के लिए कांग्रेस ने जो किया ऐसा शायद दूसरा कोई नहीं कर सकता था। मुंबई से संविधान सभा में लाने के लिए कांग्रेस ने अपने सदस्य एम आर जयकार का इस्तीफा कराया। गाँधी जी ने ही संविधान सभा के ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के लिए बाबासाहेब डॉ अंबेडकर जी के नाम का सुझाव दिया था।

## संजय रॉय के लिए मौत की मांग, सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान; सुनवाई कल



**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले पर सुप्रीम कोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह संज्ञान उस वक्त लिया जब कोलकाता की एक अदालत ने दोषी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई। इस फैसले के बाद संजय रॉय के लिए मौत की सजा की मांग की जा रही है।

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट इस मामले में बुधवार को सुनावई करेगा। गौरतलब है कि सीलदह अदालत के अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने संजय रॉय को इस जघन्य अपराध का दोषी करार दिया था। यह घटना 9 अगस्त को घटी थी, जब अस्पताल में पोस्टग्रेजुएट प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की गई। इस निर्मम अपराध ने पूरे देश में भारी आक्रोश पैदा किया और लंबे वक्त तक प्रदर्शन हुआ।

पश्चिम बंगाल सरकार ने इस मामले में संजय रॉय के लिए मृत्युदंड की मांग करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक अपील दायर की। सरकार ने सियालदह सिविल एवं आपराधिक न्यायालय के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनिरबन दास द्वारा दोषी रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के एक दिन बाद उच्च न्यायालय का रुख किया। सत्र न्यायाधीश ने अपने फैसले में कहा है कि मामले को %दुर्लभतम% की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता और राज्य सरकार को पीड़िता के माता-पिता को 17 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया।

सूत्रों के मुताबिक कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को निचली अदालत के आदेश के खिलाफ अपील दायर करने की अनुमति दे दी है। राज्य के महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने न्यायमूर्ति देबांगसु बसाक की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष याचिका दायर की। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने निचली अदालत के फैसले पर असंतोष व्यक्त किया और कहा कि आजीवन कारावास की सजा पाए कैदी को कभी-कभी दो से तीन साल बाद या पैरोल पर रिहा कर दिया जाता है।

ममता बनर्जी ने मालदा में कहा, क्या यह स्वीकार्य है कि दुष्कर्म और हत्या के ऐसे मामले में अपराधी को समाज में स्वतंत्रता मिले और वह घूमता रहे। उन्होंने कहा , मेरे लिए उसका अपराध समाज में सबसे दुर्लभ, अत्यधिक संवेदनशील और जघन्य है और हम चाहते हैं कि ऐसे अपराधियों को मृत्युदंड मिले। उन्होंने कहा कि वह कानून के बारे में जानती हैं क्योंकि उन्होंने खुद भी कुछ मामलों में वकालत की है। उन्होंने कहा, हमने मृत्युदंड की मांग की है और हम इस पर कायम हैं।

## मुख्यमंत्री आज पुणे में निवेशकों से करेंगे संवाद

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार द्वारा औद्योगिक विकास और निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए 22 जनवरी को इंटरेक्टिव सत्र पुणे में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पुणे में मध्यप्रदेश में निवेश के अवसर पर आयोजित इंटरेक्टिव सत्र में निवेशकों और उद्योगपतियों से सीधा संवाद करेंगे। यह सत्र न केवल मध्यप्रदेश के निवेश अवसरों को प्रदर्शित करेगा, बल्कि राज्य को उद्योगों के लिए एक अनुकूल स्थान के रूप में स्थापित करने की दिशा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों की निरंतरता को भी दर्शाएगा। मुंबई, कोलकाता, बैंगलोर और कोयंबटूर में मिली सफलता के बाद पुणे का यह सत्र निवेशकों के लिए एक और सुनहरा अवसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव संस्थान के प्रतिनिधियों के साथ नेटवर्किंग डिनर में शामिल होंगे।

## रापुसे के 69 अधिकारियों के स्थानांतरण, ईओडब्ल्यू से 9 डीएसपी हटाए

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य शासन द्वारा राज्य पुलिस सेवा के 69 अधिकारियों को स्थानांतरित किया गया है। इनमें आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडल्यू) से 9 डीएसपी को हटाया गया है। वहीं हॉक फोर्स से 17 अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है।

गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ से अनिल शर्मा, श्रीमती उमा नवल आर्य, सुश्री कल्पना शर्मा, स्वर्णजीत धामी, मंजीत सिंह सेठी, सुश्री लक्ष्मी यादव, विनोद सोनी, वी.श्यामदास नायर और श्रीमती योगिता साटनकर के सेवाएं सामान्य प्रशासन विभाग से वापस लेते हुए उप पुलिस अधीक्षक, पुलिस मुख्यालय भोपाल पदस्थ किया गया है।

वहीं सहायक सेनानी हॉक फोर्स बालाघाट से रोबिन जैन को उप पुलिस अधीक्षक ग्वालियर, संदीप मालवीय अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) जावरा रतलाम, ललित सिंह सहायक पुलिस आयुक्त अपराध इंदौर, रवि शर्मा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बुधनी सीहोर, मनीष यादव अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बैहट ग्वालियर, सोनू कुर्मी नगर पुलिस अधीक्षक ओमती जबलपुर, ललित कुमार नगर पुलिस अधीक्षक सागर, वीरेन्द्र धार्वे अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कैमोर (विजयराघौगढ़) कटनी, आदित्य तिवारी अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कन्नौद देवास, नीमेष देशमुख अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) शुजालपुर शाजापुर, महेन्द्र सिंह गौतम अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गुना , अजय कुमार रिठोरिया अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बिजावर छतरपुर, हिमांशु कार्तिकेय सहायक पुलिस आयुक्त आजाद नगर इंदौर, संघप्रिय सम्राट अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) देपालपुर इंदौर, अमित मेश्राम अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) नौगांव छतरपुर, अजय बाघमारे अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सेंधवा और आदित्य राज सिंह ठाकुर को सहायक पुलिस आयुक्त बैरागढ़ भोपाल स्थानांतरित किया गया है। वहीं निहित उपाध्याय को सहायक पुलिस आयुक्त हबीबगंज, अनिल बाजपेयी को सहायक पुलिस आयुक्त शाहजहांनाबाद, सुश्री सुरभि मीना को सहायक पुलिस आयुक्त जहांगीराबाद और महेन्द्र सिंह चौहान को उप पुलिस अधीक्षक पुलिस महानिरीक्षक जोन कार्यालय नर्मदापुरम में पदस्थ किया गया है।

## लखनऊ : ऋण योजनाओं में रूचि न लेने पर बैंको के विरुद्ध होगी कार्रवाई- मंडलायुक्त



मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने ली बैठक

**लखनऊ, देशबन्धु।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में सरकार द्वारा संचालित लाभार्थी परक योजनाओं में बैंक द्वारा आ रही कठिनाइयों के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आयुक्त सभागार कार्यालय में आहूत किया गया। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त केके सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोज़गार योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, ओडीओपी, मुख्यमंत्री ग्राम रोज़गार योजना, पशुपालन व मत्स्यपालन से सम्बन्धित योजनाओं तथा सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न ऋण योजनाओं की समीक्षा के दौरान बैंकों को निर्देश दिया कि लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण सुनिश्चित कराएं। मंडलायुक्त ने कहा कि बैंक मिशन मोड में कार्य कर अधिक से अधिक लोगों को स्वाबलम्बी बनाने में रचनात्मक सहयोग प्रदान करें। मंडलायुक्त ने सचेत किया कि पुनः समीक्षा में फिसड्डी पाये जाने पर सम्बन्धित बैंकों के स्टेट हेड व कन्ट्रोलिंग अथारिटी को कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया जायेगा।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में मंडल के 357 प्रकरण लंबित मिले। उन्होंने ने संबंधित को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोज़गार में शून्य प्रगति वाले बैंकों की सूची उपलब्ध करायी जाये। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अन्तर्गत सीसीएल की प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर उपायुक्त एनआरएलएम को निर्देश दिया कि ब्लाकवार व बैंक शाखावार रोस्टर तैयार कर सम्बन्धित बैंकों में कर्मचारियों को भेजकर प्रगति में सुधार लाये।

मंडलायुक्त ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, जनधन इत्यादि योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि मा. प्रधानमंत्री द्वारा देश के आर्थिक विकास एवं देशवासियों के सुरक्षा कवच को ध्यान में रख कर बनाई गयी महत्वपूर्ण योजनाएं हैं, बैंक प्राथमिकता के साथ निर्धारित लक्ष्य को पूरा करें। मंडलायुक्त ने उप निदेश कृषि को निर्देश दिया कि वार्षिक कृषि ऋण एवं केसीसी की प्रगति की गहन समीक्षा करते रहें तथा सम्बन्धित बैंकों से समन्वय कर प्रगति में सुधार लाया जाय। बैठक के दौरान बैंक एटीएम एवं बैंक मित्र, ऋण जमा अनुपात, वार्षिक ऋण योजना, केसीसी, वित्तीय समावेशन सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये गये।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/

दिनांक 20/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चन्द्रकांत नाहातकर पिता श्री बासुदेव नाहातकर श्रीमती जया नाहातकर पत्नी श्री चन्द्रकांत नाहातकर ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक तृतीय तल 3 डी/ब्लाक-4 दत्त गार्डन न्यू तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004527788 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस पर तृतीय तल 1100 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती किरण श्रीवास्तव पति श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 2720 — **संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. 15815291W RANK L/NK NAME PERUMALA RAJESH Presently residing at Vill- RAVIVALASA, P/O- MAL-LAMPET TEH- BADANGI, DISTT-VIZIANAGARAM A.P. 535124 शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम LAXMI एवं जन्मतिथि 15/10/1970 दर्ज हो गया है जो कि गलत है मेरी माताजी का सही नाम P LAKSHMI एवं सही जन्मतिथि 01/01/1970 है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है मेरी माताजी के इस नाम P LAKSHMI एवं सही जन्मतिथि 01/01/1970 को पढा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम-LAXMI
गलत जन्मतिथि- 15/10/1970
सही नाम-P LAKSHMI
सही जन्मतिथि- 01/01/1970
कृति

**नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. 15815291W RANK L/NK NAME PERUMALA RAJESH Presently residing at Vill- RAVIVALASA, P/O- MAL-LAMPET TEH- BADANGI, DISTT-VIZIANAGARAM A.P. 535124 शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिताजी का नाम ADI-NARAYANA एवं जन्मतिथि 22/11/1962 दर्ज हो गया है जो कि गलत है मेरे पिताजी का सही नाम PARAMALI ADINARAYANA एवं सही जन्मतिथि 01/01/1956 है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है मेरे पिताजी के इस नाम PARAMALI ADI-NARAYANA एवं सही जन्मतिथि 01/01/1956 को पढा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम-ADINARAYANA
गलत जन्मतिथि- 22/11/1962
सही नाम-PARAMALI ADINARAYANA
सही जन्मतिथि- 01/01/1956
कृति

**नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. 6949653M एन के पंचदी वारहा नरसिम्हा मूर्ति Presently residing at VILL- MADHAVA DHARA, POST- MURLI NAGAR, DISTT- VISHAKAP-ATNAM, STATE- A.P. PIN-530007 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिताजी का नाम GOVIND RAO एवं जन्मतिथि 04/04/1964 दर्ज हो गई है जो कि गलत है जबकि आधार कार्ड में PANCHADI GOVINDA RAO एवं जन्मतिथि 09/03/1960 दर्ज है जो कि सही है एवं मेरे पिताजी के इस नाम एवं जन्मतिथि को मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम-GOVIND RAO
गलत जन्मतिथि- 04/04/1964
सही नाम-PANCHADI GOVINDA RAO
सही जन्मतिथि- 09/03/1960
कृति

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. 14647157Y, Rank- CHM/ INSTPT Name- DHATRAK PRAVIN SHANTARAM, PRESENT-LY RESIDING AT PINJAR, AKOLA MAHARASHTRA - 444407 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम BHAGYASHRI दर्ज है जो कि गलत है मेरी पत्नी का सही नाम BHAGYASHRI PRAVIN DHATRAK दर्ज है जो कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी पत्नी के इस नाम BHAGYASHRI PRAVIN DHATRAK को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम-BHAGYASHRI
सही नाम-BHAGYASHRI PRAVIN DHATRAK
कृति

**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**CHANGE OF NAME**

I, RADHAKRISHNAN is legally Father of Army No- 15747549X Rank - Sigmn Name - Sarath Krishnan R Unit- HQ 1 Signal Training Centre (Corps of Signal) Home Address Vill - Cheriyanad Post - Mampra Teh - Chengannur Dist - Alappuzha State - Kerala Pin- 689508. I have change my name from RADHAKRISHNAN to RADHAKRISHNA PILLAI E R vide affidavit dated before Notary Jabalpur (MP)

INCORRECT NAME
RADHAKRISHNAN
CORRECT NAME
RADHAKRISHNA PILLAI E R
कृति

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.-स.अधि./सं.क्र. 12/ 2024-25/ एम-45 दिनांक 20/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्रीमती भारती रामरखवानी, पति- श्री माधवदास रामखवानी ने मकान नं. 635 का भाग, वार्ड- लोक मान्य तिलक ,कुल क्षेत्रफल 765.37 व.फु., निर्मित क्षेत्रफल 825.37 व.फु. भूतल 60 व.फु., प्रथम तल 765.37 व.फु., विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

सं.अधि. स्वीकृति दिनांक 20/01/2025 अनुसार

कृति — **संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.-स.अधि./सं.क्र. 12/ 2024-25/ एम-44 दिनांक 20/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्रीमती कोमल बुधरानी, पति- श्री सुधीर बुधरानी ने मकान नं. 772, ओ.एल.डी.-1,ए.एन.पी.- 1,2, वार्ड- लोक मान्य तिलक ,कुल क्षेत्रफल 1700 व.फु., निर्मित क्षेत्रफल 2961 व.फु. भूतल 987 व.फु., प्रथम तल 987 व.फु., द्वितीयतल 987 व.फु., विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

सं.अधि. स्वीकृति दिनांक 20/01/2025 अनुसार

कृति — **संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**

पत्रांक/ सं. क्र.-03/एम/2024-25/282 दिनांक 21/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गणेश सिंह पिता श्री शिव प्रसाद सिंह एवं श्रीमती दिव्या सिंह पति श्री गणेश सिंह ने फ्लैट नं. बी-2 वार्ड ग्वारीघाट वार्ड द्वितीय तल 498 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक फ्लैट नं. बी-2 वार्ड ग्वारीघाट वार्ड गृह स्वामी ( कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार ) श्री सूर्य प्रकाश शर्मा पिता श्री कन्हैया शर्मा के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक-3 शक्ति भवन रोड रामपुर, नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 2729 — **संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-03 रामपुर नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/

दिनांक 21/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शशि सोनी श्री बेनी प्रसाद सोनी ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन प्लाट नं. 135 मां नर्मद सिटी होम्स फैस-2 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 2000158947 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. पर निर्मित भूतल 590 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 590 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री संदीप चौरसिया पिता रामरतन चौरसिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 2728 — **संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/

दिनांक 21/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुमन झारिया पत्नी स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार झारिया ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन 2075/1 नई बस्ती कजरवारा सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000389018 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. पर निर्मित भूतल 1080, 224 व.फु. सीमेंट शीट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री सुरेन्द्र कुमार झारिया पिता श्री पंचम लाल झारिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

कृति — **संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, S Solochana Rani is legally MOTHER of Army No- 15715903N Rank-LNK NAME- S Gangadhar Unit - MB Area Sig CoyCorps of Signals C/0 56 Apo Home address Vill - Nandyal Post - Nandyal Teh - Nandyal Dist - Kurnool State - Andhra pradesh Pin - 518501. I have changed my name S Solochana Rani to Setty sulochana Rani and date of birth 08/08/1968 to 04/06/1972 Vide Affidavit before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
S Solochana Rani
INCORRECT DOB
08/08/1968
CORRECT NAME
Setty sulochana Rani
CORRECT DOB
04/06/1972
कृति

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, S Gangaiah Father of Army No- 15715903N Rank-LNK NAME - S Gangadhar Unit - MB Area Sig CoyCorps of SignalsC/0 56 Apo Home address Vill- Nandyal Post - Nandyal Teh - Nandyal Dist - Kurnool State - Andhra pradesh Pin - 518501. I have changed my name S Gangaiah to Setty Gangaiah and date of birth 21/09/1964 to 21/09/1959 Vide Affidavit before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
S Gangaiah
INCORRECT DOB
21/09/1964
CORRECT NAME
Setty Gangaiah
CORRECT DOB
21/09/1959
कृति


### वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन की पत्रकार वार्ता, कहा-

## जातिगत जनगणना की विरोधी भाजपा, संविधान के साथ कर रही छेड़छाड़



**भोपाल, देशबन्धु।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जन्मस्थली महू से जय बापू जय भीम और जय संविधान अभियान रैली को लेकर कांग्रेस द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। 27 जनवरी को होने वाली इस रैली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी मुख्य रूप से शामिल होंगे। यह जानकारी आज भोपाल में पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन ने पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि- भाजपा जातिगत जनगणना का विरोध इसलिए कर रही है, क्योंकि वह अमीर को ओर अमीर और गरीब को और गरीब बनाना चाहती है। देश के संसाधनों को अपने पूंजीपति मित्रों को देना चाहती है, जबकि राहुल गांधी चाहते हैं कि देश में जातिगत जनगणना कराकर देश के सभी वर्गों में समानता और न्याय के साथ जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाये। गरीब और अमीर में अंतर न्यूनतम हो सके।

जबलपुर, बुधवार 22 जनवरी 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## दोषी को सजा और समाज की जिम्मेदारी

प.बंगाल में आरजी कर अस्पताल में 8-9 अगस्त 2024 की रात ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के दोषी संजय रॉय को सोमवार को सियालदह कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। इससे दो दिन पहले अदालत ने 18 जनवरी को संजय को दोषी ठहराया था। अदालत ने इस मामले को जघन्य तो माना, लेकिन दुर्लभतम यानी रेयरेस्ट ऑफ द रेयर नहीं माना, इसलिए दोषी को मृत्युदंड न देकर मरने तक उम्रकैद दी गई है। हालांकि प.बंगाल सरकार ने अब कलकत्ता हाईकोर्ट में उम्रकैद को सही नहीं मानते हुए दोषी को फांसी देने के लिए याचिका दायर की है, जो मंजूर तो कर ली गई है, लेकिन इस पर सुनवाई कब होगी, यह अभी तय नहीं है। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- मुझे पूरा विश्वास है कि यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला है, जिसके लिए मौत की सजा मिलनी चाहिए। कोर्ट यह कैसे कह सकता है कि यह दुर्लभतम मामला नहीं है? वहीं भाजपा ने भी इस मामले में उम्रकैद मिलने पर अपनी नाराजगी जताई और इसके लिए ममता सरकार को कटघरे में खड़ा किया। जबकि भाजपा यह जानती है कि मामले की पूरी जांच सीबीआई की निगरानी में हुई और उसके द्वारा पेश तथ्यों और सबूतों के आधार पर ही दोषी को सजा दी गई है। अगर भाजपा को आपत्ति दर्ज करनी ही है तो उसे फिर सीबीआई पर भी सवाल उठाने चाहिए। लेकिन ऐसा लगता है कि यहां न्याय से अधिक राजनीतिक लाभ लेने का खेल चल रहा है। वैसे पीड़िता के परिजन भी इस फैसले से निराश हैं और उन्होंने भी बड़ी अदालत में याचिका दायर करने का फैसला किया है। सियालदह अदालत ने दोषी को सजा के साथ-साथ पीड़िता के परिवार को मुआवजा देने का भी आदेश दिया है। अदालत ने डॉक्टर की मौत के लिए 10 लाख और बलात्कार के लिए 7 लाख मुआवजा तय किया। इस दौरान कोर्ट में मौजूद ट्रेनी डॉक्टर के माता-पिता ने हाथ जोड़कर कहा कि हमें मुआवजा नहीं, न्याय चाहिए। इस पर जज ने कहा- मैंने कानून के मुताबिक यह मुआवजा तय किया है। आप इसका इस्तेमाल चाहे जैसे कर सकते हैं। इस रकम को अपनी बेटी के बलात्कार और हत्या के मुआवजे के तौर पर मत देखिए।

बात सही है कि इस जघन्य अपराध का कोई मुआवजा तय ही नहीं हो सकता, फिर भी अदालत ने कानून के दायरे में जो उचित था, वैसा फैसला सुनाया। पीड़िता के माता-पिता ने यह दावा भी किया है कि जांच ठीक से नहीं हुई है। कई लोगों को बचाया गया है। इस बारे में अदालत ने भी पुलिस और अस्पताल के रवैये की आलोचना की है। अस्पताल की तरफ से घटना की जानकारी देने में देर की गई और उसके बाद पुलिस ने केस दाखिल करने में देर की। दो पुलिसकर्मियों के बयान के आधार पर अदालत ने टिप्पणी की, 'इस बात में कोई शक नहीं कि अधिकारियों द्वारा ये कोशिश की जा रही थी कि इस मौत को आत्महत्या दिखाया जाए ताकि अस्पताल पर कोई बुरा असर न पड़े। जज ने अपने फैसले में कहा, चूंकि जूनियर डॉक्टरों ने विरोध करना शुरू कर दिया था, इसलिए ये 'ग़ैर क़ानूनी सपना' पूरा नहीं हो पाया।

अदालत की यह टिप्पणी काफी गंभीर है, क्योंकि समाज में अनेक महिलाएं ताउम्र केवल इसलिए नाइंसाफी का शिकार बनी रहती हैं क्योंकि किसी न किसी वजह से दोषी को बचाने या मामले को दबाने की कोशिश की जाती है। इसमें अगर राजनीति का खेल शुरु हो जाता है, तब तो बात और बिगड़ जाती है। आर जी कर मामले में ही देश ने देखा कि किस तरह भाजपा ने इसे ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधने के लिए इस्तेमाल किया। इससे पहले निर्भया मामले में भी भाजपा का रवैया ऐसा ही था। लेकिन कठुआ, हाथरस, उन्नाव जैसे मामलों में भाजपा का रवैया दूसरा ही रहा। मणिपुर की घटना पर तो अंतरराष्ट्रीय मंचों से आलोचना हुई, लेकिन फिर भी भाजपा की तथाकथित डबल इंजन सरकार नाकारा साबित हुई। यही हश्र महिला पहलवानों के संघर्ष का भी रहा, जो यौन उत्पीड़न की शिकायत करती रहीं, मगर आरोपी सत्ताश्रय में मजे से रहे।

आर जी कर मामले के दोषी संजय रॉय को चाहे मरने तक जेल में रहना पड़े या उसे बड़ी अदालतें से मौत की सजा मिल जाए, इससे देश में महिलाओं के साथ अत्याचार रुकेगा, इसका दावा नहीं किया जा सकता। निर्भया मामले में भी दोषियों को फांसी की सजा हुई, लेकिन इससे महिलाओं के लिए असुरक्षित और नकारात्मक माहौल में कोई बदलाव नहीं आया। इसलिए केवल कानूनी या अदालती कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, इसमें हर तरह से सजगता चाहिए।

आर जी कल मामले में ही सीबीआई ने आरोपपत्र में कहा कि संजय रॉय को बलात्कार या हत्या का कोई पछतावा नहीं है, उसका व्यवहार जानवरों जैसा था। कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक संजय रॉय की कई शादियां भी हो चुकी हैं। यानी उसके चरित्र के सारे दाग अब दिखलाए जा रहे हैं। लेकिन इसी संजय रॉय ने 2019 में कोलकाता पुलिस में डिजास्टर मैनेजमेंट ग्रुप के लिए वॉलंटियर के तौर पर काम करना शुरू किया था, तब उसकी पूरी पृष्ठभूमि क्यों नहीं खंगाली गई, यह बड़ा सवाल है। अगर तब उसकी असलियत पता चल जाती तो शायद एक लड़की की जान बच जाती। क्योंकि पुलिस के लिए स्वयंसेवी के तौर पर काम करने के बाद संजय वेलफेयर सेल में चला गया। और अपने संपर्कों की बदौलत उसने कोलकाता पुलिस की चौथी बटालियन में घर भी ले लिया। इस घर की वजह से ही आरजी कर अस्पताल में उसे नौकरी मिली। बताया जाता है कि वह अक्सर अस्पताल की पुलिस चौकी पर तैनात रहता था, जिससे उसे सभी विभागों में आने-जाने की छूट मिली थी।

संजय रॉय जैसे कितने ही दरिंदे इंसानों की शक्ल में हमारे आसपास घूमते रहते हैं, जिन्हें समाज या प्रशासन की लापरवाही के कारण अपराध करने की छूट मिल जाती है।

# ट्रम्प के न बुलाये जाने के लिये मोदी खुद ही जिम्मेदार हैं

एक समय था जब किसी भी देश के राष्ट्राध्यक्ष, खासकर बड़े देशों के राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में कौन आमंत्रित है और कौन नहीं, यह बहुत मायने नहीं रखता था। देखा यह जाता था कि किस व्यक्ति के सर्वोच्च पद पर आसीन होने से किस तरह की आंतरिक व बाह्य नीति अपनाई जायेगी? हाल के वर्षों में शपथ ग्रहण समारोह एक इवेंट बन गया है जो घरेलू मोर्चे के साथ-साथ विदेशी मित्र हों या शत्रु अथवा तटस्थ देश-सभी को साधने का अवसर माना जाने लगा है। जब से यह परिपाटी चल पड़ी है, तब से मेहमानों की सूची इस मौके की सबसे अधिक गौरपूर्वक देखे जाने वाली बात बन गयी है। अतिथियों का चयन शपथ लेने वाले व्यक्ति पर काफी कुछ छोड़ दिया गया है और वह इस अवसर पर कौन उपस्थित रहेगा यह तय करने के साथ ही यह संदेश भी दे देता है कि अपने कार्यकाल में वह किसके साथ कैसे सम्बन्ध निभायेगा (या निभायेगी)। देश और पार्टी की नीतियां एवं विचारधाराएं अब गौण हो चली हैं तथा ज्यादातर राष्ट्राध्यक्ष जनता को अपने बूते हांकने लगे हैं। विशेष रूप से वे शासक जिनका रवैया अपेक्षाकृत कम या अलोकतांत्रिक होता है। ऐसे शासक अपने देश की चिर-परिचित नीतियों के साथ-साथ वैश्विक संतुलन बिगाड़ने में भी सक्षम होते हैं।

अमेरिका के नये बने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लेकर इसी तरह की आशंकाएं हैं। उनकी वाणी जैसी स्वच्छंद है, कार्यप्रणाली वैसी ही उच्छृंखल। 4 साल के अंतराल के बाद फिर से लौटे ट्रम्प जब दुनिया के सबसे ताकतवर राष्ट्रपति के पद की सोमवार को वाशिंगटन डीसी में शपथ ले रहे थे तो उनके अतिथियों के रूप में उन्हीं के जैसे अनेक दक्षिणपंथी नेता मौजूद थे। अतिथियों के रूप में किसे बुलाना है और किसे नहीं, इसके सामान्यत: दो उद्देश्य होते हैं- एक, नयी शुरुआत करने की इच्छा की अभिव्यक्ति । याद करें 2014 में पहली बार नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री की शपथ ले रहे थे तब उन्होंने सार्क देशों के प्रमुखों को आमंत्रित किया था। पाकिस्तान के पीएम नवाज़ शरीफ़ को भी बुलाकर मोदी ने संदेश दिया था कि वे पड़ोसी मुल्कों के साथ अच्छे सम्बन्ध बनाना चाहते हैं। यह हो नहीं सका वह अलग बात है जिसके अनेक कारण हैं। दूसरे, ऐसे राष्ट्राध्यक्ष अपने जैसे राष्ट्रपतियों-प्रधानमंत्रियों का कुनबा बनाते हैं। ये मिलकर दुनिया पर राज करने की इच्छा रखते हैं या सम्मिलित गुट के रूप में अपने हितों को साधते हैं। अमेरिका और उसके जैसे बड़े देश सम्बन्ध निर्वाह में अपनी शर्तें लाद सकते हैं। वहां के राष्ट्रपति किसे बुलाते हैं किसे नहीं, इसका असर उनके अपने देशों पर कम आमंत्रित या अनामंत्रित देशों पर अधिक पड़ता है- जैसे मोदी को न बुलाये जाने पर अमेरिकियों को फर्क नहीं पड़ेगा लेकिन वह भारत में हंगामे का सबब बन गया है। मोदी नहीं बुलाये गये हैं तो यह साफ संकेत हैं कि आने वाले समय में अमेरिका को लेकर भारत की परेशानियां बढ़ सकती हैं।


डॉ. दीपक पाचपोर

> अमेरिका के नये बने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लेकर इसी तरह की आशंकाएं हैं। उनकी वाणी जैसी स्वच्छंद है, कार्यप्रणाली वैसी ही उच्छृंखल। 4 साल के अंतराल के बाद फिर से लौटे ट्रम्प जब दुनिया के सबसे ताकतवर राष्ट्रपति के पद की सोमवार को वाशिंगटन डीसी में शपथ ले रहे थे तो उनके अतिथियों के रूप में उन्हीं के जैसे अनेक दक्षिणपंथी नेता मौजूद थे।

पिछले एक दशक से भारत की स्थिति अंतरराष्ट्रीय पटल पर चाहे जो रही हो, लेकिन यह सच है कि मोदी ने भारत की विदेश नीति को राष्ट्रीय की बजाये अपनी व्यक्तिगत छवि निर्माण की नीति बना रखा है। वे राष्ट्राध्यक्षों के ग्रुप फोटो में कहां खड़े होते हैं, किसके साथ चाय पी रहे हैं, किसे झूला झुला रहे हैं- यह अधिक महत्वपूर्ण बना दिया गया है। इसलिये वे संसदीय परम्पराओं के अनुरूप अपनी विदेश यात्राओं की रिपोर्ट न संसद में पेश करते हैं और न ही राष्ट्रपति को देते हैं। अपने कारोबारी मित्रों को साथ लेकर घूमना और उन्हें विदेशों ठेके दिलाना तो विदेश नीति नहीं हो सकती। दो देशों के सम्बन्धों को मोदी ने व्यक्तिगत दोस्ती के प्रदर्शन का विषय बना लिया है। वे किसके गले लगते हैं, किसे अंगूठी भेंट करते हैं और किस देश में जाकर वहां का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पाते हैं, इसका उपयोग हेडलाइन मैनेजमेंट के लिये तो किया जा सकता है; या खुद को अपने लोगों के बीच देवता के रूप में स्थापित करने में भी वह उपयोगी होगा, परन्तु वह देशहित में रत्ती भर भी नहीं है। जिन लोगों के लिये मोदी विश्वगुरु हैं, वे सोचें कि आज वे अनामंत्रित क्यों हैं। दरअसल, इसका आभास ट्रम्प को होगा कि मोदी अपने देश में ही कमजोर पड़ गये हैं। भारत ने अपनी पूरी वैदेशिक नीति को मोदी के जरिये कुछ लोगों के व्यवसाय संवर्धन अथवा हथियार खरीद तक सीमित कर दिया है। अमेरिका जानता है कि फिलहाल मोदी अपनी जमीन पर ही ठीक से खड़े नहीं हो पा रहे हैं। मोदी को यदि ट्रम्प ने नहीं बुलाया है, तो यह उनकी अपनी पराजय है। इसे भारत की हार, नाकामी या अपमान के रूप में नहीं देखा जाना चाहिये क्योंकि भारत की चिर-परिचित विदेश नीति तटस्थता की रही है। उस विदेश नीति को मोदी कभी से मटियामेट कर चुके हैं। वर्तमान दौर की यह उनकी अपनी निजी यात्राएं बन गयी है वरना हमारी विदेश नीति में न तो ताकतवर राष्ट्राध्यक्षों की चिरौरी करने की परम्परा रही है और न ही किसी भी कदम के लिये किसी शक्तिशाली राष्ट्रपति के सामने अपने सुरक्षा सलाहकार को भेजकर इस बात की सफाई देने की रही कि हमारे राष्ट्रपति ने आपके साथ युद्ध कर रहे देश के राष्ट्रपति के कंधे पर हाथ रखकर चलहकदमी क्यों की। हमारे किसी भी पूर्व प्रधानमंत्री ने अपनी विदेश यात्राओं के दौरान पार्टी या सरकार के खर्च पर विदेशी जमीन पर भीड़ नहीं जुटाई, न ही किसी के लिये नारे लगवाये कि 'अबकी बार फलां-फलां की सरकार'। तमाम बड़े देशों में हमारे पीएम जाते रहे हैं और वहां की सड़कों के दोनों ओर वहीं की जनता जोश व सम्मान के साथ उनका अभिवादन करती थी- अमेरिका हो या उसका धुर विरोधी तत्कालीन सोवियत रूस। अमेरिका जान गया है कि भारत के पास अब ऐसा प्रधानमंत्री नहीं है जो अपने राजदूत को यह सुनने पर तत्काल वापस बुला लेता था कि 'जो अमेरिका के साथ नहीं वह उसका दुश्मन है।' अब उसके पास ऐसा पीएम भी नहीं है जो दुनिया को कह सके कि 'अमेरिका अपना सातवां बेड़ा भेजे या सत्तरवां। यह युद्ध नहीं रूकेगा।' अब तो ऐसी सरकार है जो अपने देश की सबसे बड़ी सैन्य जीत की प्रतीक बनी तस्वीर को सेना मुख्यालय से हटाती है।

ट्रम्प द्वारा एक स्वाभिमानी भारत को नहीं वरन उन मोदी को 'नहीं' बुलाया गया है जो हर राष्ट्राध्यक्ष से निजी मित्रता के दावे करते हैं, किसी के आने पर उन्हें गंगा आरती दिखाते हैं तो किसी के आगमन पर अपने ही देशवासियों की बस्तियों के आगे रातों-रात दीवारें खड़ी कर देते हैं ताकि उनकी गरीबी न दिख सके। फिर, भारतीय प्रधानमंत्री को न बुलाना बहुत स्वाभाविक है क्योंकि कोई भी पूंजीवादी व्यक्ति अथवा देश उसी से लगाव रखता है जिसमें उसे फायदा दिखे। उसके हितों का विस्तार हो। आज अमेरिका को भारत के मुकाबले चीन से मित्रता में अधिक लाभ दिख रहा है सो ट्रम्प ने मोदी को नज़रंदाज कर दिया।

देश को आगे कीजिये मोदी जी! आप ताकतवर अपने बल पर नहीं वरन भारत के भरोसे हैं। जवाहर लाल नेहरू से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी से होते हुए मनमोहन सिंह सभी की अपनी शख्सियतें थीं लेकिन किसी ने खुद को देश से बड़ा नहीं बताया। देश को बड़ा कीजिये- आप अपने आप बड़े बन जायेंगे!

**( लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं )**

# वाहियात लड़ाई वाला महत्वपूर्ण चुनाव

दिल्ली को सबसे अच्छी तरह जानने और दिल्ली विधान सभा चुनाव को काफी करीब से जानने के आधार पर कहा जा सकता है कि देश की राजनीति में अपने कद से काफी बड़ा स्थान रखने के बावजूद इतना वाहियात चुनाव प्रचार कहीं नहीं होता। बड़े मुद्दे बताते हुए दिल्ली राज्य सरकार के अधिकार और उसकी सीमाओं की चर्चा भी हो सकती है लेकिन यहां दिल्ली का यातायात (खासकर जाम की समस्या), दमघोंटू प्रदूषण, शिक्षा और स्वास्थ्य से लेकर हर मामले में कई-कई स्तर का साफ बंटवारा (और हर दल के नेता और अधिकारियों के एक अलग ही स्तर पर जीने), संसाधनों के दुरुपयोग (जिसमें सबसे ज्यादा नेताओं के प्रचार का खर्च अखरता है), गंदगी के साम्राज्य, अपराधों, की भरमार, बेतहाशा शराबखोरी और महंगाई-बेरोजगारी चुनावी मुद्दा बनते ही नहीं। सत्ता के साथ समृद्धि का केंद्र बनाकर दिल्ली जिस तरह दूरदराज के गरीब इलाकों के बेरोजगार और बीमार लोगों को बसने और इलाज के लिए आकर्षित करती है उसमें यहां कोई व्यवस्थित नीति बने यह चर्चा सिरे से गायब है- जबकि पुरबिया प्रेम अचानक सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बन गया है। उसमें जरा सी चूक या मन के तह में बैठे पुरबिया द्वेष के बाहर आते ही बवाल मच जाता है-भाजपा के एक नामी प्रवक्ता तो 'झा जी' को 'झान्टूजी' कहकर शहीद भी हो चुके हैं।


अरविन्द मोहन

> पुरबिया वोट के मसले पर भाजपा शुरू से बहुत संवेदनशील रही है लेकिन उसने पुरबिया लोगों के लिए कुछ किया नहीं है। संवेदनशीलता की हालत यह है कि कहीं बाहर से लाकर मनोज तिवारी को सर्वेसर्वा बना दिया और इस बार उनका टिकट रिपीट भी किया लेकिन ये सारे फैसले भाजपा के मूल चरित्र और आधार से इतना उलट है।

चुनाव के समय अचानक पुरबिया समाज के महत्वपूर्ण होने के मसले की चर्चा से पहले यह देखना जरूरी है कि जैसे ही कोई गंभीर मसला उठता है दोनों प्रमुख पक्ष एक दूसरे को दोषी बताने का नाटक चलाकर चुप्पी साध लेते है। भाजपा शिक्षा का रोना रोएगी तो आप वाले प्रिंसिपल और अध्यापकों की नियुक्ति की फाइल लाट साहब द्वारा रोकने की बात करेगी। अदालत पेड़ कटवाने पर उप राज्यपाल को दोषी बताते हैं तब भी आप के नेताओं को उस पर दबाव बनाने की नहीं सूझती। जबकि वे लगभग रोज उनकी दखलंदाजी की या अधिकारियों द्वारा उनका निर्देश न मानने की शिकायत करते हैं। इस बार तो शक्तियों के बंटवारे का सवाल उठा ही नहीं वरना अभी तक दिल्ली चुनाव में केंद्र बनाम राज्य एक मुद्दा रहा करता था। भाजपा झुग्गी झोपड़ी वालों को मकान देने का आप का वायदा पूरा न होने का आरोप लगाएगी तो आप वाले डीडीए से जमीन न मिलने का बहाना ढूंढ लेते हैं। दंगा, अपराध, प्रदूषण, यमुना सफाई, गंदगी, कूड़े का पहाड़ जैसे हर मुद्दे पर यही खेल चलता है और बात आई गई हो रही है और यह अखरता ज्यादा है क्योंकि चौथी बार आप और भाजपा आमने सामने है तथा सारा जोर भी लगा है पर मुद्दों के मामले में 'खेल' और बिगड़ा है।

27 साल से दिल्ली की सत्ता से बाहर रहने और महाबली नरेंद्र मोदी की सत्ता के ठीक नीचे अरविन्द केजरीवाल का एक अलग तरह की राजनीति शुरू करना और बार बार-बार भाजपा को पटखनी देना मोदी-शाह को जरूर अखरता है लेकिन जिस तरह आप और अरविन्द खड़े रहा करते हैं और दिल्ली से बाहर हर जगह की चुनावी लड़ाई में मोटे तौर पर भाजपा को ही मदद करते रहे हैं उससे भाजपा उनकी मौजूदगी से ज्यादा शिकायत नहीं लगती। पंजाब में जरूर आप की सत्ता हो जाने से अरविन्द को बल मिला है लेकिन वहां कांग्रेस का हारना भाजपा को अच्छा ही लगा है। दिल्ली की लड़ाई भाजपा चुनाव के अलावा भी लगातार लड़ती है लेकिन जिस तरह उसने अपना स्थानीय नेतृत्व खत्म किया है और इस चुनाव में भी साफ कमजोरियां दिखा रही है वह उसके इस डर को भी बताता है कि कहीं कांग्रेस और राहुल गांधी मजबूत न हों जाएं। भाजपा ने शराब नीति के घोटाले और मुख्यमंत्री आवास के मसले पर कुछ 'अति' कर दिया हो लेकिन इन्हें मुद्दा बनाने में वह सफल रही, चुनाव में उस पर जोर न देना समझ नहीं आता। केजरीवाल ने भी इन मुद्दों पर बेशर्मी की हद तक राजनीति की (उन्हें हेमंत सोरेन से सीख लेनी चाहिए थी) लेकिन वे अब इन्हें भुलाने में लगे हैं क्योंकि इनका असर देखकर ही उन्होंने मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ी थी।

पुरबिया वोट के मसले पर भाजपा शुरू से बहुत संवेदनशील रही है लेकिन उसने पुरबिया लोगों के लिए कुछ किया नहीं है। संवेदनशीलता की हालत यह है कि कहीं बाहर से लाकर मनोज तिवारी को सर्वेसर्वा बना दिया और इस बार उनका टिकट रिपीट भी किया लेकिन ये सारे फैसले भाजपा के मूल चरित्र और आधार से इतना उलट हैं कि लाभ करने की जगह नुकसान ही हुआ लगता है। इस बार भी आप के एक दर्जन पुरबिया उम्मीदवारों की जगह उसने मात्र चार या पांच उम्मीदवार उतारे हैं, वह भी कपिल मिश्र को पुरबिया बताकर जबकि उनका पूरब से कोई लेना-देना नहीं है। आप को यह आधार मिला लेकिन यह कांग्रेसी आधार है। इस बार कांग्रेस जोर लगा रही है लेकिन ऐसा कोई बड़ा शिफ्ट होता दिखाई नहीं देता। मुसलमान वोटों के मामले में ऐसा कहना जल्दबाजी होगी पर उसमें बदलाव हो सकता है। खुद कांग्रेस पूरा जोर नहीं लगा रही है। अभी तक राहुल गांधी की सिर्फ एक सभा हुई है और प्रियंका तो मैदान से बाहर ही हैं। कांग्रेस के प्रति दलितों और पिछड़ों में आकर्षण बढ़ा है लेकिन मतदान तक की स्थिति बहुत मेहनत और भरोसे से आती है। फिर दिल्ली की चुनावी राजनीति में जाति उतना बड़ा फैक्टर नहीं होती जितना यूपी-बिहार-राजस्थान या उत्तराखंड में। यहां उसकी तुलना में वर्ग का आधार ज्यादा कारगर है जो काफी कुछ मुहल्लों और चुनाव क्षेत्रों की बसावट से भी जाहिर होता है। स्लम और निम्न-मध्यमवर्गी बस्तियों में पहले कांग्रेस का जोर रहता था और अब आप का।

लेकिन इन सबसे दिल्ली चुनाव का महत्व इतना काम नहीं हो जाता कि कभी सैफ के कथित हमलावर की राष्ट्रीयता तो कभी काटोगे-बांटोगे और कभी भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला जी जुबान फिसलने को केन्द्रीय मुद्दा बना दिया जाए। अभी भी छोटा और सत्ता से कमजोर राज्य होने के बावजूद दिल्ली देश की राजधानी है और उभरते भारत की प्रतिष्ठा इसके साथ जुड़ी है। सत्ताईस साल से सत्ता से दूर रही भाजपा के स्थानीय नेता अगर भूखे भेड़िए सा व्यवहार करते हैं तो बात समझ आती है। नरेंद्र मोदी तथा अमित शाह के लिए भी काफी कुछ दांव पर लगा है क्योंकि हर्षवर्द्धन जैसे नेता को किनारे करना और भाजपा के पंजाबी, बनिया और ब्राह्मण आधार को झुठलाकर पुरबिया मनोज तिवारी जैसों के हाथ में पतवार देने का फैसला उनका ही रहा है। कांग्रेस का ज्यादा कुछ दांव पर भले न हों पर आप का फिर से जीतना इंडिया गठबंधन की राजनीति को मटियामेट करेगा और संभव है कांग्रेस विरोधी एक तीसरे मोर्चे की राजनीति भी शुरू करा देगा और अरविन्द केजरीवाल तथा आप के लिए तो जीवन-मरण प्रश्न है। उन्हें सिर्फ जीतना ही नहीं है अगर सीटें ज्यादा काम हुई तब भी भाजपा और मोदी उन्हें जीने नहीं देंगे। बीते पांच साल भी इस बात की गवाही हैं।

## आपके पत्र

### शैक्षिक गुणवत्ता के लिए बुनियादी ढांचे का विकास ज़रूरी

इस वर्ष की शुरुआत में शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी यूडीआईएसई प्लस डेटा के अनुसार 2023-24 में स्कूलों में दाखिले की संख्या में करीब 37 लाख की कमी दर्ज की गई है। सबसे अधिक माध्यमिक स्तर पर करीब 17 लाख नामांकन में कमी पाई गई है। यह कमी आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े समुदायों और लड़कियों के वर्ग में अधिक देखी गई है। हालांकि इन सबके बीच अच्छी बात यह है कि प्री-प्राइमरी स्कूलों में नामांकन में करीब 29 लाख की बढ़त दर्ज की गई है। दरअसल इसके पीछे अन्य कारकों के साथ साथ स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं के अभाव को अहम माना जाता है।

बिहार की राजधानी पटना राज्य का एक महत्वपूर्ण शैक्षिक केंद्र रहा है लेकिन यहां सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। यह समस्या न केवल बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता को प्रभावित कर रही है, बल्कि उनके स्वास्थ्य और मानसिक विकास पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। इन सरकारी स्कूलों में सबसे अधिक आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवारों और स्लम बस्तियों के बच्चे पढ़ने आते हैं। कई सरकारी स्कूलों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं है। इसलिए अक्सर बच्चे घर से ही पीने का पानी लाते हैं। इस संबंध में पटना के अदालतगंज स्थित स्लम बस्ती की रहने वाली 10 साल की मुस्कान बताती है कि वह राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, तारामंडल की पांचवीं कक्षा की छात्रा है। उसके स्कूल में पीने का साफ़ पानी उपलबध नहीं है। नल से अक्सर पीने के लायक पानी नहीं आता है इसलिए वह और सभी बच्चे घर से ही पीने का पानी लाते हैं। वहीं उसकी मां किरण देवी बताती हैं कि स्कूल में मिलने वाले मिड डे मील की गुणवत्ता भी अच्छी नहीं है। अक्सर बच्चे बेहतर खाना नहीं मिलने और इसकी क्वालिटी की शिकायत करते हैं। इसलिए अब वह मुस्कान को घर से ही टिफिन बना कर दिया करती हैं।

पटना सचिवालय और पटना जंक्शन से कुछ ही दूरी पर स्थित इस स्लम बस्ती की आबादी लगभग एक हजार के आसपास है। जहां करीब 60 प्रतिशत ओबीसी और 20 प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय निवास करते हैं। तीन मोहल्ले अदालतगंज, ईख कॉलोनी और ड्राइवर कॉलोनी में विभाजित इस स्लम एरिया की रहने वाली सभी लड़कियां और लड़के आसपास के सरकारी स्कूलों में ही पढ़ते हैं। जहां अक्सर उन्हें बुनियादी सुविधाओं के अभाव से गुज़रना पड़ता है। बस्ती से कुछ ही दूरी पर संचालित राजकीय कन्या विद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा कहती है वहां के शौचालय की स्थिति बहुत खराब है। वह किसी प्रकार से उपयोग के लायक नहीं होता है। ऐसे में सबसे अधिक लड़कियों को माहवारी के समय कठिनाइयां आती हैं।

डिजिटल शिक्षण में अवसरों की कमी इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को आधुनिक शैक्षिक अवसरों से दूर कर देती हैडिजिटल शिक्षण में अवसरों की कमी इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को आधुनिक शैक्षिक अवसरों से दूर कर देती है. हालांकि इस कमी की ओर राज्य सरकार अब विशेष रूप से ध्यान दे रही है और सरकारी स्कूलों के बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा से जोड़ने का प्रयास कर रही है. इस संबंध में पिछले महीने राज्य के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने प्राथमिक शिक्षा निदेशालय को नए शैक्षणिक सत्र से राज्य के 31 हजार 297 मध्य विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षा लागू करने का निर्देश दिया है। हालांकि इस कमी की ओर राज्य सरकार अब विशेष रूप से ध्यान दे रही है और सरकारी स्कूलों के बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा से जोड़ने का प्रयास कर रही है। इस संबंध में पिछले महीने राज्य के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने प्राथमिक शिक्षा निदेशालय को नए शैक्षणिक सत्र से राज्य के 31 हजार 297 मध्य विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षा लागू करने का निर्देश दिया है।

**पूनम कुमारी, पटना, बिहार**



## ललित सुरजन की कलम से

### विरासत संरक्षण में तकनीकी की भूमिका

*'विरासत अथवा धरोहर के बारे में सही समझ हमारे लिए कई मायनों में उपयोगी होगी। सबसे पहले तो कोई भी विरासत हमें अहसास दिलाती है कि यह मेरी चीज है, मैं इसका अधिकारी हूं। यह ठीक उसी तरह की भावना है जैसे दादा-दादी या माता-पिता ने हमें कोई ऐसी भेंट दी हो जिसे हम हमेशा संभालकर रखने की इच्छा रखते हैं। दूसरे, विरासत से हममें उचित गर्व या अभिमान का भाव जागृत होता है। श्रीनगर की डल झील हो या जैसलमेर का किला, ताजमहल हो या अजंता के चित्र, इन सबके बारे में सोचते हुए हमारा मन फूल जाता है। हम अपनी नजरों में ही कहीं ऊंचे उठ जाते हैं। इसका विपर्यय भी हमें नहीं भूलना चाहिए। बाज वक्त हम यह कहने से नहीं चूकते कि अमेरिका की संस्कृति चार सौ साल पुरानी है, जबकि हमारी हजारों साल पुरानी। ऐसी तुलना करना और ऐसी भावना रखना थोथे अहंकार व मानसिक अपरिपक्वता को दर्शाता है।' 'विरासत की समझ से हमें इतिहास की समझ भी मिलती है और अतीत से स्वयं को जोड़ने का अवसर भी। गुजरात के समुद्र तट पर सोमनाथ के मंदिर को देखकर एक विदेशी आक्रांता का स्मरण सहज हो जाता है, लेकिन सोमनाथ से मात्र सौ किलोमीटर दूर उसी पश्चिमी समुद्र तट पर द्वारिका का मंदिर अक्षुण्ण देखकर यह प्रश्न अपने आप मन में आता है कि इसे आक्रांताओं ने क्यों छोड़ दिया। इसी तरह एक ओर जलियांवाला बाग की गोलियों से छलनी दीवार औपनिवेशिक क्रूरता की याद दिलाती है, तो 1911 में तामीर मैसूर का भव्य राजप्रासाद सोचने पर बाध्य करता है कि राजे-महाराजे किस तरह से विदेशी शासकों की ताबेदारी कर रहे थे। इस बात को समेटते हुए कहा जा सकता है कि ऐसी प्राचीन विरासतों का संरक्षण करना इतिहास की सही समझ विकसित करने के लिए न सिर्फ सहायक बल्कि आवश्यक भी है।'*

**( अक्षर पर्व नवम्बर 2013 अंक में प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/12/blog-post_9.html

## पावन प्रसंग

### कुसंगति से बचें

मनुष्य के स्वभाव में भली और बुरी, दोनों ही प्रकार की प्रवृत्तियां हैं। संगति और वातावरण जिन प्रवृत्तियों को आकर्षित, आमंत्रित करते हैं; वे ही प्रवृत्तियां बढ़ती और फलती-फूलती हैं।

संगति जैसा स्वाभाविक निर्णायक तत्व भी वातावरण पर ही अवलंबित होता है और वातावरण भी वही प्रभावित करता है, जिसके कि निकट संपर्क में रहना पड़ता है। वातावरण यों एक स्थिति का नाम है। जहां जिस प्रवृत्ति के लोग अधिक होंगे, वहां वैसा ही वातावरण उत्पन्न होगा। इन अर्थों से मनुष्य का स्वभाव इस बात पर निर्भर करता है कि वह कैसे व्यक्तियों का साथ करता है? दृढ़ संकल्पी और निष्ठावान व्यक्तियों की बात अलग है; अन्यथा लोग अपने निकटवर्ती व्यक्तियों और परिस्थितियों से प्रभावित होकर ही कोई क्रिया- कलाप या गतिविधियां अपनाते हैं। इसी कारण कहा गया है-

संगति से गुण होत है, संगति से गुण जाय।
बांस-फांस और मिसरी, एक ही भाव बिकाय ॥

जैसे लोगों के साथ रहना पड़ता है, जिनका निकट संपर्क मिलता है, उनके गुण ही सबल होकर व्यक्ति को अपने समान बना लेते हैं। मिसरी की डली में पड़ी हुई बांस की फांस भी मिसरी के ही भाव बिकती है। व्यक्ति निसर्गत: तो अपना कोई बना-बनाया व्यक्तित्व लेकर नहीं आता। बचपन में भी उसे जिस तरह के बच्चों की संगति मिलती है, वह वैसे ही हाव- भाव और रीति-नीति अपनाता है। वही आदतें आगे चलकर अपने अनुरूप स्वभाव के लोगों को खोज लेती हैं और वैसी प्रवृत्तियां अपनाती हैं।

परिस्थितिवश अच्छे लोग भी जब बुरे वातावरण में फंस जाते हैं तो व्यक्तित्व में अपेक्षित दृढ़ता न होने के कारण अच्छे स्वभाव के लोग भी बुरी आदतें सीख लेते हैं। उदाहरण के लिए नशेबाजी को ही लें। नशे में न कोई जायका होता है और न ही उसकी कोई आवश्यकता, उपयोगिता रहती है। फिर लोग क्यों नशा करते हैं? सौ में से निन्यानवे लोग अपने नशेबाज यार-दोस्तों के आग्रह पर बीड़ी-सिगरेट का कश लेते हैं। फिर धीरे-धीरे यह आदत उनके स्वभाव में इस कदर रच-पच जाती है कि छोड़े नहीं छूटती।

नशे की तरह ही जुआ खेलना, गाली- गलोज करना, निठल्ले बैठना, मुफ्तखोरी करना, समय बरबाद करना, फैशन में रहना आदि कितनी ही ऐसी दुष्प्रवृत्तियां हैं, जिन्हें व्यक्ति अपनी मित्र-मंडली में रहकर ही सीखता है। जिन व्यक्तियों के साथ हम मित्रता करते हैं, स्वाभाविक ही उनकी दुष्प्रवृत्तियों से भी मित्रता करने लगते हैं और न जाने कहां-कहां की गंदी आदतें सीख जाते हैं। यहां तक कि कोई आदमी व्यभिचारी या चरित्रहीन बनता है तो उसके इस पतन का शत-प्रतिशत कारण उसकी संगति ही रहती है; अन्यथा आरंभिक जीवन में तो सभी सदाचारी रहते हैं। सामाजिकता, लोक-लाज, अपमान का भय और प्रचलित मान्यताओं की पाबंदी हमारे समाज में कुछ है ही इस प्रकार की कि व्यक्ति का कुमार्गगामी होना कठिन है। कदम-कदम पर इस राह पर पग बढ़ाते हुए भय, संकोच और लज्जा उत्पन्न होती है। लेकिन । कुसंग में, बुरे साथी मिलने पर यह लज्जा और झिझक टूट जाती है।

**-युग निर्माण योजना**

# धान खरीदी लक्ष्य के करीब

## भुगतान की गति कमजोर होने से किसान परेशान

### अंतिम तिथि 23 जनवरी

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिले में समर्थन मूल्य पर हो रही धान खरीदी लक्ष्य के करीब पहुंच चुकी है। उल्लेखनीय है कि इस बार धान खरीदी का लक्ष्य 4 लाख मीट्रिक टन रखा गया है। बताया जाता है कि अभी तक धान खरीदी 3 लाख 76 हजार मीट्रिक टन पर पहुंच चुकी है। धान खरीदी की अंतिम तिथि 23 जनवरी है, अब देखना यह है कि धान खरीदी अपने लक्ष्य तक पहुंच पाती या नहीं। पिछले वर्ष धान खरीदी का आंकड़ा 5 लाख मीट्रिक टन के पार था। इस बार धान उपार्जन के लिए 55 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया था, जिसमें से अभी तक करीब 47 हजार से अधिक किसान समर्थन मूल्य पर अपनी ऊपज बेच चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक धान खरीदी की गति अब धीमी होने लगी है, कई केन्द्रों में धान की आवक भी लगभग शुन्य होती जा रही है। उधर भुगतान की गति अभी भी कमजोर बनी हुई है। बताया जाता है कि धान खरीदी का किसानों को अभी तक 685 करोड़ का भुगतान हो चुका है। जबकि 831 करोड़ से ज्यादा की धान खरीदी हो चुकी है। सूत्रों का यह भी कहना है कि इस बार कई केन्द्रों में धान की तुलाई में किसानों से अधिक धान भी कमीशन के रूप में ली गई।

कई केन्द्रों में किसानों को अव्यवस्थाओं का भी सामना करना पड़ा। कहीं बारदाना की किल्लत तो कहीं छन्ना, पंखा की मारा मारी का आलम रहा।

### नोडल अधिकारियों की मौजूदगी में होगी खरीदी

समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के आखिरी दो दिन 22 और 23 जनवरी को कलेक्टर दीपक सक्सेना ने प्रत्येक खरीदी केंद्र पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी दोनों दिन खरीदी केंद्र पर मौजूद रहकर सुनिश्चित करेंगे कि वास्तविक किसानों से ही धान का उपार्जन हो और एफएक्यू धान ही खरीदी जाये।

कलेक्टर श्री सक्सेना ने खरीदी केन्द्रवार नोडल अधिकारियों की नियुक्ति आखिरी दिनों में किसानों के नाम पर व्यापारियों या बिचौलियों द्वारा उपार्जन व्यवस्था का अनुचित लाभ उठाये जाने की आशंका के मद्देनजर की है। उन्होंने नोडल अधिकारियों के स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि उपार्जन के अंतिम दिनों खरीदी केंद्रों पर पूरे समय मौजूद रहें और अपने सामने वास्तविक किसानों से एफएक्यू धान की खरीदी सुनिश्चित करायें। नोडल अधिकारियों को आखिरी दिनों में खरीदी गई धान का ब्यौरा निर्धारित प्रारूप में कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा को देने के निर्देश भी दिये गये हैं। किसी भी प्रकार की कठिनाई की स्थिति में तुरंत कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा अथवा संबंधित क्षेत्र एसडीएम, तहसीलदार या क्षेत्र के कनिष्ठ आपूर्ति नियंत्रक से संपर्क करने की सलाह भी नोडल अधिकारियों को दी गई है।

# कलेक्ट्रेट में महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट परिसर में जनसुनवाई के दौरान मंगलवार को उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया जब एक महिला ने स्वयं पर पैट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला अपने स्वामित्व की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत लेकर पहुंची थी। कलेक्ट्रेट अचानक उन्होंने अपने साथ लाया हुआ पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। जिससे कलेक्ट्रेट परिसर में हड़कंप का माहौल निर्मित हो गया। पीड़ित महिला पिछले कई दिनों से सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट कर थक गई थीं। जिसके बाद उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाने की कोशिश की।



उक्त महिला का आरोप है कि उसका मदन महल क्षेत्र में काली मंदिर के पास 700 वर्ग फीट का प्लॉट है, जिस पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है और वहां जाने पर उनके साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी दी जाती है। इसको लेकर उन्होंने मदन महल थाने में और एसपी कार्यालय में कई बार शिकायत की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्हें कोर्ट जाने को कहा गया। जिससे परेशान होकर महिला अपने परिवार के साथ मंगलवार को कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में पहुंची जहां उन्होंने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की लेकिन मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों द्वारा तत्काल उसे पेट्रोल की बोतल छीन ली गई जिससे एक बड़ी घटना होते-होते टल गई। इसके बाद महिला को समझाइश देकर सभा कक्ष में ले जाया गया जहां संबंधित राजस्व अधिकारियों द्वारा महिला की पूरी शिकायत सुनी और उसकी समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया।

# पटवारियों की हड़ताल : किसान हो रहे हैं परेशान

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में पटवारी हड़ताल पर हैं। इससे सरकार के राजस्व महाअभियान की हवा निकलने की स्थिति बन गई है। अपनी मांग को लेकर जारी हड़ताल के चलते मंगलवार को किसान और अन्य लोग इससे परेशान रहे। इस बीच धरना देने वाली पटवारियों को राजस्व निरीक्षक संघ ने भी पहुंचकर समर्थन जता दिया है। इससे स्थिति और ज्यादा बिगड़ गई है। इधर अनिश्चित कालीन हड़ताल से प्रशासन के आला अधिकारियों की चिंता बढ़ गई है। क्योंकि बिना पटवारी और राजस्व निरीक्षक के राजस्व और शासकीय योजनाओं से जुड़े कोई काम नही हो रहे हैं। इससे ग्रामीण अंचल में स्थिति खराब है। किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इधर मंगलवार को फिर से पटवारी संघ ने प्रशासन से मांग की है कि उनके साथ शहपुरा के पटवारी राजेंद्र कुंजे के खिलाफ पुलिस कार्रवाई को निरस्त करते हुये चरगवां थाना प्रभारी को निलंबित करने की बात कही है।



# स्व. निम्मी देवी रोहाणी स्मृति टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. ईश्वरदास रोहाणी की माता स्व. श्रीमती निम्मी देवी रोहाणी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन केंट विधानसभा के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु यह आयोजन 21 जनवरी 2025 से 25 जनवरी 2025 तक वेस्टलैंड ग्राउण्ड, खमरिया में आयोजित है। इस आयोजन में विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 51000रू. एवं शील्ड, द्वितीय पुरस्कार उपविजेता टीम 25000 रू. एवं शील्ड, तृतीय पुरस्कार 11000 रू. एवं शील्ड, चतुर्थ पुरस्कार 5100रू. एवं शील्ड एवं प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, गेंदबाज, क्षेत्ररक्षक, खिलाड़ी सहित अन्य पुरस्कार भी प्रदान किए जावेगें।

आशीर्वाद कप 2025 इस प्रतियोगिता का शुभारंभ एम.एन. हल्दार मुख्य महाप्रबंधक आयुध निर्माणी खमरिया, जबलपुर के मुख्य आतिथ्य में एवं अशोक रोहाणी, विधायक केंट विधानसभा की अध्यक्षता में वेस्टलैंड ग्राउण्ड, खमरिया में स्व. श्रीमती निम्मी देवी रोहाणी जी के तेलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री हल्दार ने कहा कि मैं विधायक अशोक रोहाणी को साधुवाद देता हूं कि उन्होंने खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु इतनी बड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया। स्व. श्रीमती निम्मी देवी टेनिसबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घघाटन वाले दिन पहला मैच डी.डी. 11 तथा नर्मदा 11 के मध्य खेला गया जिसमें डी.डी. 11 की जीत हुई द्वितीय मैच महावीर बॉयज तथा स्पार्टन खमरिया के मध्य खेला गया जिसमें महावीर बॉयज जीते, तीसरा मैच रांझी स्पोर्टिंग तथा गली बॉय के बीच खेला गया जिसमें गली बॉय जीते, चैथा मैच जॉर्ज 11 तथा मां खेरामाई के मध्य हुआ जिसमें जॉर्ज बाय जीते, पांचवा मैच घाना 11 सिविल लाइन इलेवन के मध्य खेला गया जिसमें घाना 11 जीते, छठवां मैच एमबीपी तिलहरी तथा शौंकी 11 के मध्य खेला गया जिसमें एमबीपी के खिलाड़ी जीते तथा अगले राउण्ड में मैजिक मोमेंट, महावीर इलेवन, गली बॉय, जॉर्ज इलेवन, घाना इलेवन तथा डी डी बॉय पहुंचे।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र की धनवंतरी नगर शाखा का शुभारम्भ

**जबलपुर,देशबन्धु।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र जो देश का अग्रणीय और विश्वसनिय सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है ने बैंक की मंगलवार को धनवंतरी नगर में अपनी 17 वीं शाखा का शुभारम्भ किया जबलपुर अंचल में 39वीं और देश में 2547 वीं शाखा है शुभारम्भ के मौके पर सुभाषचंद मेडिकल कॉलेज के डीन प्रोफेसर नवनीत सक्सेना बैंक के जोनल मैनेजर मोहम्मद शाहजीव अतिथि के रूप में शामिल रहे। इस मौके पर कहा गया है कि बैंक अपने ग्राहकों को बेहतर और सुलभ सेवाऐं देने के लिए संकल्पित है।

# पटवारी, सिंगार और कटारे का आगमन आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार,उपनेतस प्रतिपक्ष हेमंत कटारे एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव अल्प प्रवासर पर आज नगर आएंगे।





इस मौके पर वे पहले सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे और संगठन से जुड़ी बातों पर मंथन करेंगे। इसके अलावा आने वाले दिनों में प्रदेश स्तर पर होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा की जायेगी। उल्लेखनीय है कि इसी माह राहुल गांधी महु पहुंचकर संविधान को लेकर मचे विवाद पर दौरा करेंगे। इसमें गृहमंत्री अमित शाह द्वारा पिछले दिनों संविधान निर्माता अंबेडकर के अपमान के मामले को उठाया जायेर्गा। वहीं पार्टी अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं ने स्वागत की तैयारी की है। पार्टी विधायक लखन घनघोरिया, आलोक मिश्रा, अचल सिंह गौर, सौरभ नाटी शर्मा, कौशिल्या गोटिया, विवेक अवस्थी, टीकाराम कोष्टा, पार्षद सतेंद्र चौबे, अयोध्या तिवारी, अमरीश मिश्रा ने पार्टी जनों से स्वागत की अपील की है।

# कलेक्टर दीपक सक्सेना कायस्थम - सम्मान से सम्मानित

**जबलपुर, देशबन्धु।** कायस्थम मध्य प्रदेश द्वारा जबलपुर जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना को प्रशासन के क्षेत्र में उनके द्वारा की गई उत्कृष्ट सेवाओं के लिए कायस्थम - सम्मान प्रदान किया गया है। विगत 17 जनवरी को भोपाल में आयोजित कायस्थम - 2025 के आयोजन में व्यस्तता के कारण दीपक सक्सेना सम्मान लेने नहीं पहुंच पाए थे। कायस्थम मध्य प्रदेश के महासचिव श्री अभय श्रीवास्तव ने कलेक्टर कार्यालय जबलपुर स्थित उनके कक्ष में उन्हें यह सम्मान भेंट किया। अभय श्रीवास्तव ने श्री सक्सेना को कायस्थम - सम्मान, अंगवस्त्र, श्रीफल और प्रशस्ति - पत्र सौंप कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर श्री सक्सेना को बधाई दी गई।



# छात्र-छात्राओं को स्कूटी, लैपटॉप योजना का लाभ कब मिलेगा : कांग्रेस

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी टीकाराम कोष्टा ने कहा कि भाजपा सरकार पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव के दौरान प्रचार प्रसार में 23,24 में 12वीं के सभी छात्र-छात्राओं को 75त्न से अधिक अंक लाने वालों को सरकार 25000 देगी और विद्यालय में टॉप करने पर स्कूटी प्रदान करेगी।

चुनाव के बाद सरकार बनाना ली बच्चों का रिजल्ट भी आ गया। बच्चे भी हो रहे भाजपा सरकार के झूठे वादों के शिकार बालिका स्कूटी योजना लैपटॉप जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं से आज प्रदेश के मेधावी छात्र वंचित है सरकार की अनदेखी लापरवाही के कारण योजनाओं का वास्तविक लाभ अब तक मेधावी छात्राओं के पास नहीं पहुंचा है। सरकार की योजनाएं कागजों तक क्यों सीमित है।

कोष्टा ने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता सिर्फ राजनीति है ना कि छात्रों का भविष्य प्रदेश के छात्र आज भी अपने अधिकारों और योजनाओं के लाभ से वंचित है यह सब सरकार के खोखले वायदे का नतीजा है।

# डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड की रोड निर्माण से क्षेत्रीयजनों में खुशी




**जबलपुर,देशबन्धु।** डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड के पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जाकिर हुसैन वार्ड की सबसे बड़ी रोड काज़ी मेडिकल मेडिकल उस्मान गनी से अंसार नगर उचुआ चौक तक रोड निर्माण पार्षद अनुशंसा व नगर निगम से कराया गया। इस रोड के निर्माण से सम्पूर्ण अंसारी समाज व क्षेत्रीय जन बेहद खुश है जिससे आम जनता को मेन रोड से जोड़ने वाला एक अच्छा चौड़ा रास्ता मिल गया है। इस घनी आबादी को काफी अरसे के बाद जाम से राहत मिली। पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने बताया कि जल्द ही वार्ड को एक संजीवनी क्लीनिक और महिला गार्डन का उपहार दिया जाएगा। श्री याकूब अंसारी ने इस मौके पर पूर्व विधान सभा विधायक लखन घनघोरिया जी एवं महापौर जगत बहादुर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, आयुक्त नगर निगम के सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

# कमियां मिलने पर वाणिज्य प्रबंधक ने लगाई पेनाल्टी

**जबलपुर, देशबन्धु।** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशांक गुप्ता द्वारा जबलपुर रेल कोच रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई कमियाँ पाई गईं, जिसके परिणामस्वरूप अनुबंधकर्ता पर पेनल्टी लगाई गई और आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए। कार्रवाई से रेलवे में हड़कंप व्याप्त रहा।

आगजनी की घटना को देखते हुए जबलपुर रेल मंडल में अधिकारी सतर्क हो गए हैं। जबलपुर मंडल के वाणिज्य विभाग के दल ने मुख्य स्टेशन के माल गोदाम चौक की ओर स्थित रेल कोच रेस्टोरेंट की औचक जांच की। यहां रेस्टोरेंट के कर्मचारी निर्धारित गणवेश में नहीं मिले। रेल कोच रेस्टोरेंट में अग्निदुर्घटना से निपटने की आपात व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। वहां रखी अग्निशमन यंत्रों के उपयोग की अंतिम तिथि को जांचा। गड़बड़ी पर 10000 का अर्थ दंड लगाया गया है।

श्री गुप्ता ने रेस्टोरेंट कर्मचारियों से अग्निशमन यंत्र चलाकर दिखाने को कहा, जिसमें वे विफल रहे। अग्नि दुर्घटना की स्थिति में आपदा से बचाव के उपायों को लेकर कर्मचारियों से कुछ सवाल किए, जिनका वे संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं कर सके।



रेस्टोरेंट में कार्यरत किसी भी कर्मचारी के पास वैध पहचान पत्र या मेडिकल कार्ड नहीं था, जो मानक परिचालन प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। खाना बनाने वाले शेफ बिना दस्ताने पहने काम करते पाए गए, जो खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है। रेस्टोरेंट के आसपास का क्षेत्र अव्यवस्थित पाया गया और स्वच्छता के मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था।

निरीक्षण के दौरान प्रबंधक और कर्मचारियों द्वारा परिचालन रिकॉर्ड और आवश्यक दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं किए गए। पैकेज्ड पेयजल के डिब्बे टेकअवे काउंटर के सामने रखे गए थे, जिससे रेस्टोरेंट की उपस्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।

श्री गुप्ता ने अनुबंधकर्ता को इन कमियों के शीघ्र सुधार हेतु निर्देशित किया है और भविष्य में ऐसी लापरवाही को रोकने के लिए कड़ी निगरानी रखने का आदेश दिया है।

# ट्रेनों के संरक्षित परिचालन की जरूरत : पमरे महाप्रबंधक

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में को-आर्डिनेशन रिव्यु मीटिंग सम्पन्न हुई। इस मौके पर ट्रेनों के संरक्षित परिचालन पर जोर देने की बात कही गई।



इस बैठक में अपर महाप्रबंधक/प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर नितिन चौधरी एवं प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रवीन खोराना, प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर श्री एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक गुरिंदर मोहन सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधल कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य इंजीनियर आशुतोष, प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रभात, प्रमुख मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर मुकेश, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एम, एस हाशमी सहित मुख्यालय के अन्य विभाग के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। इसके आलावा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

**आय बढ़ाने के टिप्स**-बैठक में स्टेशन पुनर्विकास, कैपिटल एक्सपेंडिचर (कैपेक्स), फ्रेट लोडिंग, ओरजिनेटिंग रेवन्यू बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही की-परफॉरमेंस इन्डेक्स (केपीआई ) के सभी बिंदुओं पर फोकस रखने, गतिशक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीएसटी) एवं प्राइवेट फ्रेट टर्मिनल (पीएफटी) को विकसित करने, गुड्स ट्रैफिक में इम्प्रूवमेंट एवं ट्रेनों के सेफ्टी अनुक्षण जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा रेल कर्मियों को सेफ्टी से अनुरक्षण के दौरान मिलने वाली सुविधाओं एवं सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय एवं रेलगाडियों के संरक्षित परिचालन पर जोर देने की बात कही गई। इसके साथ ही ट्रेनों के कवच इंस्टालेशन जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को रेलवे प्रोजेक्ट्स कार्यो एवं स्टेशन रिडवलपमेंट के कार्य की समीक्षा और तेजी लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

महाप्रबंधक ने संरक्षा एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से सम्बंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करने हेतु निर्देशित किया।

# पीएफ प्रक्रिया को आसान बनाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने अपने सदसयों के लिए काम को आसान बनाने के लिए, ईपीएफओ में नौकरी बदलने पर पीएफखाते के हस्तांतरण की प्रक्रिया को सरल बना दिया है, जिसमें अधिकांश मामलों में पिछले या वर्तमान नियोजक के माध्यम से ऑनलाइन हस्तांतरण दावों को रूट करने की आवश्यकता को हटा दिया गया है। संशोधित प्रक्रिया की शुरूआत के साथ, यह उम्मीद की जाती है कि भविष्य में कुल दावों का 94 प्रतिशत नियोजक के हस्तक्षेप के बिना सीधे ईपीएफओ को भेज दिया जाएगा। राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-। ने बताया कि वर्तमान में कुछ स्थितियों में स्थानांतरण दावों के लिए नियोजक से किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती है, जब कोई सदस्य किसी रोजगार को छोड़कर किसी अन्य प्रतिष्ठान में शामिल होता है। इस सरलीकृत प्रक्रिया के परिणामस्वरूप सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले दावों के टर्नअराउंड समय में काफी कमी आएगी। उन्होनें यह भी बताया कि इससे सदस्यों की शिकायतों में भी काफी कमी आएगी, आंकड़ों के आधार पर पाया गया है की वर्तमान में कुल शिकायतों का 17 प्रतिशत स्थानांतरण मुद्दों से संबंधित रहा है और इस प्रक्रिया से दावों के अस्वीकृतियों में भी कमी आएगी। साथ ही बड़े नियोजक जिनके पास ऐसे मामलों को अनुमोदन देने का बड़ा कार्यभार है, उनके लिए आसानी से व्यापार करने म प्रक्रिया में महत्वपूर्ण सुधार होगा।

राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-। ने आगे बताया कि इस संशोधित प्रक्रिया के लागू होने के बाद स्थानांतरण दावों को सीधे ईपीएफओ द्वारा संसाधित किया जाएगा, जिससे सदस्यों के लिए सेवा में तेजी आएगी।

# गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने समझाईश



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा निगमायुक्त प्रीति यादव के मार्गदर्शन में शहरी क्षेत्रों में बड़े जोर शोर से स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने का कार्य विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से किया जा रहा है। इन सभी गतिविधियों और स्वच्छता के कार्यो पर निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है और आकस्मिक रूप से कार्य स्थलों पर पहुँचकर कार्यो की गुणवत्ता एवं अन्य जानकारियाँ भी ली जा रही है। इसी कड़ी में निगमायुक्त श्रीमती यादव के द्वारा आज स्वच्छता की अलख जगाने 3 संभागों के वार्डो में भ्रमण कर लोगों के घरों में खुद दस्तक दीं और नागरिकों से बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं को सुनने के उपरांत उनका समाधान करते हुए आग्रह करते हुए कहा कि शहर आपका हैं और आपके सहयोग से ही जबलपुर को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 प्रतियोगिता में नम्बर वन बनाने का संकल्प हम लोगों ने लिया है। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने घर-घर दस्तक के दौरान सभी लोगों से यह भी आग्रह किया कि आप सभी अपने अपने घरों के कचरे को अलग अलग डस्टबिन में रखें और कचरा गाड़ी में ही कचरा डालें। निगमायुक्त ने गीले कचरे को हरे डस्टबिन में और सूखे कचरे को नीले डस्टबिन में एकत्रित कर रखने के लिए भी अनुरोध किया।




घर-घर लोगों से मिलने और बातचीत करने के उपरांत स्वच्छता के संबंध में साकारात्मक सहयोग प्रदान करने निगमायुक्त ने अपील की, इसके उपरांत उन्होंने शहर को साफ स्वच्छ रखने में सहायक सिद्ध हो रहे विभिन्न प्लांटों का भी निरीक्षण किया और वहाँ के रखरखाव व्यवस्था के साथ-साथ रिकार्ड को भी चेक किया। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने ट्रीटमेंट प्लांट के अंदर जाकर भी सारी व्यवस्थाओं को बारीकी से चेक कर उचित एवं सुरक्षात्मक तरीके से देखरेख करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। निगमायुक्त ने निरीक्षण के दौरान शहर के सभी सार्वजनिक एवं सामुदायिक प्रसाधन केन्द्रों का भी निरीक्षण किया और वहाँ की साफ-सफाई व्यवस्था के साथ-साथ अन्य सुविधाओं का भी मुआयना किया और सारी सुविधाएँ स्थाई रूप से रखने के निर्देश प्रसाधन संचालकों एव केयरटेकर को प्रदान किये, इसपर निगरानी रखने के लिए सभी स्वास्थ्य अमले को भी निर्देशित किया। इसके उपरांत निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने इमरती तालाब का भी निरीक्षण किया और साफ-सफाई रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

**आज का शिविर**- अनाधिकृत पात्र कॉलोनियों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आज 22 जनवरी बुधवार को संभाग क्रमांक 1 के गढ़ा वार्ड अनुराग श्रीवास्तव ले-आउट गढ़ा, विकास शुल्क 84/- प्रति वर्गफुट के हिसाब से जमा करने शिविर का आयोजन किया गया है।

## अयोध्या धाम में भगवान श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर सिद्ध मंच पर आज होगा दिन भर पूजन पाठ

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रीरामलीला समिति गढ़ा जाबालिपुरम श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम बर्ष गांठ के अवसर पर दिनांक 22 जनवरी को सिध्दमंच में प्रातः 9 बजे संगीतमय सुन्दर काण्ड पाठ,भजन कीर्तन, हवन शांति तदोपरांत भोजन प्रसादी ,दोपहर 3 बजे से 5.30 तक संगीतमय भजन कीर्तन,

शाम 5.30 बजे से रामलीला नाट्य मंचन की प्रस्तुति कमलेश यादव और मदन गोपाल पटेल के निर्देशन में होगी जो की रात्री 9 बजे तक चलेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय राकेश सिंह केबीनेट मंत्री होंगे। दर्शकों के लिये भोजन व्यवस्था होगी7 समिति संयोजक पं अशोक मनोध्याय ने बताया कि अयोध्या धाम में तो त्रिदिवसीय महोत्सव हिन्दी माह और मुहुर्त के अनुसार हो चुका है परंतु समिति ने कैलेण्डर दिनांक से 22 जनवरी 2025 को वर्षगांठ मनाने का निर्णय लिया है। अध्यक्ष राकेश पाठक, महामंत्री लोकराम कोरी,रमाशंकर कटारे,शरद दुबे कुररिया,हरीश मनोध्याय,राजेन्द्र प्यासी,भोलाराम खत्री,भूपेंद्र उपाध्याय,अशोक



बघेल दादा भाई,आलोक पाठक,मथुरा जैन उत्साही, राजेन्द्र सिंह, मोती शिवहरे,राजेश मिश्रा, राजेश नेमा,मुकेश मिश्रा, डॉक्टर नीना उपाध्याय, सुधा यादव,पूजा कोष्टा,ज्योति मिश्रा,अनीता मिश्रा ने संस्कारधानी के धर्मप्रिय जनमानस से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

## प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर सीताराम प्रभात फेरी मंडल द्वारा भव्य शोभायात्रा एवं विशाल भंडारा कल

**जबलपुर,ा देशबन्धु।** भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर सीताराम प्रभात फेरी मंडल रामपुर द्वारा कल बुधवार 22 जनवरी को दोपहर 2 बजे लक्ष्मीनारायण मंदिर यादव मोहल्ला रामपुर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी साथ ही दोपहर 3 बजे रामपुर अखाड़ा यादव मोहल्ला रामपुर में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम संयोजक रजनीश यादव ने बताया सीताराम प्रभात फेरी मंडल द्वारा विगत एक वर्ष से अनवरत सीताराम प्रभात फेरी निकाली जाती है साथ ही भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के भी एक वर्ष पूर्ण होने पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकरसहित गणमान्य जन शामिल होंगे। कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील सीताराम प्रभात फेरी मंडल द्वारा की गई है।

## जबलपुर महिला मारवाड़ी मंडल का कार्यक्रम

## बुंदेली गीतों पर थिरकी गांव की गोरियां



**जबलपुर, देशबन्धु।** सीधी सरल सी है इस दिल की ख्वाहिश, बड़े ख्वाब ये सजाता नही... थोड़ी खुशियां थोड़ा सुकून और साथ अपनों का, इसके अलावा ये दिल कुछ ओर चाहता नहीं... कुछ ऐसी ही स्वरचित कविताओं से महिलाओं ने नए साल का उत्सव मनाया। जबलपुर महिला मारवाड़ी मंडल के तत्वावधान में न्यू ईयर सेलिब्रेशन हुआ। कार्यक्रम में लेडीज ने जहां तरह-तरह के गेम्स खेल कर नए साल का उत्साह मनाया, वहीं म्यूजिक एंड डांस में भी जलवा बिखेरा। इस दौरान महिलाओं ने एक दूसरे के लिए स्वरचित शायरी और कविताएं बोली।

शपथ ग्रहण और सम्मान

कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ शपथ ग्रहण समारोह और पूर्व अध्यक्षों का सम्मान भी किया गया। इसी क्रम में हल्दी कुमकुम, हाउजी और गेम्स में भी महिलाओं की भागीदारी रही। पंक्चुएलिटी गेम्स और सरप्राइज गेम्स में लेडीज ने प्राइज जीते। इस मौके पर अध्यक्ष किरण अग्रवाल, सचिव नीता शर्मा, गीता पचौरी, रश्मि अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, माधुरी सुरजन, सीमा राठी, शक्ति खंडेलवाल, अर्णिका सिंघई ,अदिति मौजूद रहीं।

## अमर शहिद हेमू कालाणी की 82 वी पुण्य तिथि पर कांग्रेस ने किया माल्यार्पण



**जबलपुर, देशबन्धु।** अमर शहिद हेमू कालाणी जी की 82 वी पुण्य तिथि पर नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया खेलने कूदने पढ़ने की उम्र में अपने प्राण निछावर कर दिये। ऐसे वीर बलिदानी को देश कभी भुला नहीं सकता, जय हिंद, जय भारत इस अवसर पर रितेश नोतननी रवि रेकवार टीकाराम कोष्टा कैलाश ठाकुर प्रिवेंद चौहान रितेश बंटी गुप्ता अलीम अंसारी गुड्डा गुप्ता शेन्की डीन रिंकू सोंधिया दीपक शिवहरे भारत पटेल अमित पालिया आदि उपस्थित रहे।

## मैराथन में थर्ड रैंक




**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी की महिला धावक हेमावती सिंह ने भोपाल में आयोजित हुई आर्मी हाफ मैराथन में हिस्सा लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। उन्होंने 35 से 44 एज ग्रुप में 21 किमी की दौर पूरी की है।

## साइकिल से पहुंचेंगे कुंभ



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के पारस सप्रे 22 जनवरी को साइकिल से महाकुंभ का सफर तय करने के लिए शहर से निकलेंगे। वे जबलपुर से मैहर होकर प्रयागराज पहुंचेंगे उसके बाद अयोध्या का सफर करेंगे। इसके पूर्व पारस जबलपुर से उज्जैन का सफर साइकिल से पूरा कर चुके हैं।

### स्वरांजलि कार्यक्रम

**जबलपुर, देशबन्धु।** संगीत संकल्प संस्था के तत्वावधान में 23 जनवरी को रानी दुर्गावती कलावीथिका में शाम 5.30 बजे से पं. आनंद जोशी स्मृति समारोह और स्वारांजलि का आयोजन किया जाएगा।

## संस्कार रंगोली से सजाया परिसर, पोस्टर में भारतीय संस्कृति के दर्शन

### गवर्नमेंट मानकुंवर कॉलेज में स्नेह सम्मेलन का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मेहंदी, रंगोली, कार्टून और पोस्टर कॉम्पीटिशन में स्टूडेंट्स ने कलात्मक अभिव्यक्ति दी। मंगलवार को गवर्नमेंट मानकुंवर कॉलेज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन के अंतर्गत मंगलवार को विविध कार्यक्रम हुए। सम्मेलन की थीम उमंग-परंपरा एवं प्रगति का मेल विषय रखी गई है। कार्यक्रम संयोजक प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ल, स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ. जगिन्दर कौर गुजराल, डॉ. अर्चना सिंह का सहयोग रहा। आयोजन में प्रतिभागियों को प्राचीन भारत के विज्ञान, कला, दर्शन साहित्य और संस्कृति से जुड़ी थीम प्रदान की गई।

**कार्टून, पोस्टर और रंगोली**-उत्सव में स्टूडेंट्स के लिए कार्टून, पोस्टर, रंगोली, ऑन द स्पॉट प्रतियोगिता के लिए कुंभ-भारतीय परंपरा, कार्टून के लिए ज्वलंत सामाजिक विषय, क्ले मॉडलिंग के लिए श्रम साधना विषय दिए गए थे। कोलाज का विषय प्रकृति एवं मानव दिया गया था।

**थाली व कलश सज्जा**-स्नेह सम्मेलन में थाली और कलश सज्जा प्रतियोगिता भी सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में छात्राओं ने भारतीय ज्ञान परम्परा को जीवंत करते हुए सुंदर कलश और पूजा थाल डेकोरेट किए। मेहंदी कॉम्पीटिशन में भी छात्राओं ने परम्परागत डिजाइन सजाकर लालिमा बिखेरी।

**एकल और समूह गायन**-समारोह में एकल और समूह गायन में भी छात्राओं ने हुनर दिखाया। कार्यक्रम में डॉ. उज्जवला खारपाटे, डॉ. रश्मि चौबे, डॉ. नंदिनी भारिल्ल, डॉ. ब्रम्हानंद त्रिपाठी डॉ. अर्चना चतुर्वेदी, डॉ. अरुणा, डॉ. नीना उपाध्याय, डॉ. आरिफ खान, डॉ. सुनीता मिश्रा, डॉ. प्रतिभा सिंह, डॉ. दीपक श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति जाट, डॉ. उज्जवला अयाचित, डॉ. रोली राज मौजूद रहीं।

**इन्होंने जीती बाजी**-क्विज में प्रथम रूचि यादव, पूजा थाली सज्जा में प्रथम जान्हवी झारिया, कलश सज्जा में प्रथम श्रेष्ठा केसर, पोस्टर में प्रथम कोमल शर्मा, कार्टून में प्रथम इरम खान, क्ले मॉडलिंग में प्रथम माधुरी पटेल, ऑन द स्पॉट प्रतियोगिता प्रथम प्रेमलता कोरी, कोलाज में पूजा सैनी, रंगोली में प्रथम खुशी कुशवाहा, सुगम गायन में प्रथम आरती दुबे, शास्त्रीय गायन में प्रथम अर्पिता तिवारी, समूह गायन में प्रथम आरती दुबे एवं समूह, मेहंदी में अनन्या सोनी एवं शीतल गुप्ता ने बाजी मारी।

## दोस्तों का मिला साथ, याद किए पुराने दिन



**जबलपुर, देशबन्धु।** पुराने दोस्तों ने मिलकर जहां स्कूल से जुड़ी यादों को ताजा किया, वहीं फैमिली गेट टू गेदर भी किया। मॉडल हाई स्कूल के मॉडेलियन 1976 बैच का रीयूनियन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व छात्र और परिवारजनों ने मिलकर मनोरंजक गतिविधियों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आभा सुराना व सुनीता तिवारी ने गेस द फिगर, तंबोला एवं अन्य गेम्स खिलवाए। कॉम्पीटिशन में सपना जैन, प्रभात जैन, संजय श्रीवास्तव, प्रकाश सदानी, साधना मेहरा, नारायण मेहरा, नम्रता जैन, अकलंक जैन, सीमा, अजीत वैद्य ने उपहार जीते। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा

कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर हुनर दिखाया। नृत्य और संगीत की प्रस्तुति से मुकेश भार्गव, रेखा, शम्भुनाथ पाठक, आभा सुराना, आभा, संजय श्रीवास्तव, अनिल तिवारी, विनीत सुराना, प्रभात जैन, अनिल जैन, पीयूष वर्मा ने दी। इस मौके पर मुकेश कथूरिया, अशित पॉल, राकेश खरे, शलभ गुप्ता, जयंत भट्ट, पवन खत्री, सुनील नेमा, उमेश हंस मौजूद थे।

## फन एंड जॉय एक्टिविटी से सेलिब्रेट किया न्यू ईयर

**जबलपुर, देशबन्धु।** ओएमजी विमन क्लब का न्यू ईयर और रिपब्लिक डे सेलिब्रेट किया गया। कार्यक्रम में लेडीज ने ग्रुप गेम्स एंजॉय किए। डिफरेंट गेम्स में म्यूजिकल चेयर और हाउजी खेली गई। रील्स मेकिंग कॉन्टेस्ट में विनर्स को प्राइज दिए गए। इसके साथ ही जोक्स और सॉन्ग कॉम्पीटिशन में हुनर दिखाया। कार्यक्रम में लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया गया। इस मौके पर प्रेसिडेंट रूपाली गुप्ता, कविता जैन, शिल्पी झुरेले, स्वाति जैन, प्रिया शर्मा, आरती कनोजिया, पूजा मलिक, मंजू ठाकुर, मेघा राय, निधि गुप्ता, निष्ठा, बरखा बेहरे, पारुल बड़ेरिया, अनिता पालीवॉल, संगीता जैन, अर्चना गुप्ता मौजूद रहीं।

## दैनिक राशिफल

**बुधवार 22 जनवरी 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। माघ कृष्ण पक्ष की अष्टमी, नक्षत्र-स्वाती।**

**मेष** - आज आपका मन बेचैन रहेगा। किसी बात को लेकर कुछ ज्यादा ही इमोशनल रहेंगे। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरें।

**वृषभ** - आर्थिक कामों में आज कोई अड़चन आ सकती है। मित्रों और रिश्तेदारों के मिलने से मन खुश रहेगा। व्यापार में भागीदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा।

**मिथुन** - आपके दिन का आरंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से होगा। आप खुश रहेंगे। परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे। `क-

**कर्क** - आज आपके धन की आय कम और व्यय अधिक होगा। आंखों के दर्द रह सकता है। मानसिक चिंता भी रहेगी। वाणी में संयम बनाए रखें।

**सिंह** - आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहेगी। लोगों के साथ संभलकर बातचीत करें। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन शुभ नहीं है। मन में चिंता रहेगी।

**कन्या** - आपकी आज की सुबह आनंदप्रद और लाभप्रद रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। उधार दिए पैसे वापस आ सकते हैं।

**तुला** - आज आपको शारीरिक और मानसिक सुख अच्छा रहेगा। व्यापार में आप उत्साहपूर्वक काम करेंगे।

**वृश्चिक** - आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में ना पड़ें। व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल नहीं होगी। संतान के साथ मतभेद हो सकता है।

**धनु** - आज आपको हर मामलों में सावधान होना पड़ेगा। क्रोध करने से हानि होने की आशंका बनी रहेगी। शारीरिक अस्वस्थता रह सकती है। बिजनेस में कर्मचारीयों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।

**मकर** - आज अपने प्रिय दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ घूमने-फिरने का मन करेगा। वाहन-सुख मिलेगा तथा मान-सम्मान भी मिलेगा।

**कुंभ** - आज आपको काम में सफलता मिलेगा। इससे आपका यश बढ़ेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सामाजिकरूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन** - आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। कला के क्षेत्र में आपकी अभिरुचि बढ़ेगी। मित्रों से हुई मुलाकात आनंद देगी।

म.

## महापौर आज़ाद कप की तैयारी शुरू

**जबलपुर, देशबन्धु।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू भैया के संरक्षण में आज़ाद संगठन द्वारा महापौर आज़ाद कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता संस्करण 7 का आयोजन दिनांक 03 फ़रवरी 2025 से रानीताल क्रिकेट ग्राउंड में शुभारंभ होगा जिसमें प्रतियोगिता 2 चरणों में आयोजित होगी पहला ओपन जिसमें सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी खेल सकते है एवं दूसरा चरण लेजेंड्स लीग 35 प्लस आयु वर्ग जिसमें 35 वर्ष या 35 वर्ष से ऊपर के सभी खिलाड़ी खेल सकते हैं जिसमें विजेताओं को क्रमशः 1,00,000/-एवं 51000/- उपविजेताओं को क्रमशः 31000/- एवं 21000 एवं अन्य आकर्षक नगद उपहार प्रदान किया जाएगा । प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए आज़ाद ग्रुप के सदस्यों महेश सोनी, अतुल पटेल, देवेंद्र काछी, निक्की सालवार, गुरु कुशवाहा, संदीप माली,कल्याण से संपर्क कर सकते हैं 9685044900-9340387246।

## मार्च में विशाल प्रदर्शन करेंगे पेंशनर्स

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री श्याम जोशी तथा जबलपुर के अध्यक्ष एच.पी. उरमलिया ने बताया है कि म.प्र. शासन के मुख्यमंत्री मुख्य सचिव के पास राज्य के 4.5 लाख पेंशनर्स की लंबित मांगों के निराकरण के लिए न तो मिलने का समय और न ही हमारे किसी भी मांग पत्र पर कोई भी आदेश इन 24 वर्षों में जारी नही हो सके, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य के 4.5 लाख पेंशनर्स को म.प्र. तथा छत्तीसगढ़ राज्य की विसंगतियों में उलझाये रखकर उनका आर्थिक शोषण किया जा रहा है जो कि न्यायहित में नहीं है। आंदोलन में विशेष रूप से पेंशनर्स संगठनों की ओर से श्री श्याम जोशी, ओमप्रकाश बुधोलिया, गणेश दत्त जोशी, म.प्र.वि.मं. से के.के. अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, डी.पी. दुबे, उमेश दुबे, आर.पी. चौबे आदि के निर्देशन में अधिक से अधिक पेंशनर्स भोपाल पहुंचकर अपना मांग पत्र प्रदेश के मुख्य सचिव महोदय को सौंपेंगे तथा प्रदेश की सोती हुई सरकार को जगायेंगे।

## व्यक्ति विकास पर कार्यक्रम आयोजित



**जबलपुर,देशबन्धु।** जमात ए इस्लामी हिन्द जबलपुर ने पर्सनेलिटी डवलेपमेंट फॉर सोशल चेंज विषय पर एक प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन किया यह कार्यक्रम ईदगाह कम्पाउंड गोहलपुर में आयोजित हुआ, जिसमें लगभग 1000 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत तिलावत से हुई, जिसके बाद उबेदुल्लाह आमिर साहब ने स्टूडेंटस इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन और गर्ल्स इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन का परिचय प्रस्तुत किया। उन्होंने इन संगठनों की अहमियत और उनके कार्यों के बारे में जानकारी दी, इसके बाद, मुख्य वक्ता जनाब अमीनुल हसन जो जमात ए इस्लामी हिन्द के वाइस प्रेसिडेंट है ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व के विकास के लिए प्रेरित किया और जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आवश्यक कदमों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंतिम चरण में, गुलाम रसूल साहब, नाजिम ए शहर, ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया उन्होंने इस तरह के आयोजनों के महत्व को रेखांकित किया और सभी छात्रों को अपनी क्षमता का सर्वोत्तम उपयोग करने की प्रेरणा दी कार्यक्रम का समापन गुलाम रसूल साहब की दुआ के साथ हुआ जिससे यह प्रेरणादायक और सकारात्मक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## संत रविदास विचार मंच ने मानव समाज को एक नई दिशा दी



**जबलपुर,देशबन्धु।** संत रविदास विचार मंच के शारदा प्रसाद चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी रविवार को मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी ने सिहोरा पहुंचकर संत रविदास आश्रम में सभा का भारी संख्या में वहां पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जो कि संत रविदास विचार मंच के कमल चौधरी एवं मोहनलाल तथा ग्रामीण अध्यक्ष रामबाई चौधरी ने एवं नगर अध्यक्ष मीना चौधरी ने अपने उदबोधन में कहा उन्हें ऐसी नई शिक्षा का ज्ञान प्रस्तुत किया एवं नई दिशा की जानकारी दी। मंच के मुन्नालाल चौधरी, कमल चौधरी, नरेन्द्र चौधरी, राजकुमार चौधरी, छोटीबाई चौधरी, प्रेमवती चौधरी, किरन बाई, रेखा बाई, कैलाशबाई रामसिपाही सेठ, ओमनाथ चौधरी, श्यामसुंदर चौधरी, श्यामलाल चौधरी, खरे, रामबाई, सियाबाई आदि सभा में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती सावित्री बाई ताम्रकार**- सराफा कमानिया के पास निवासी श्री मोती लाल ताम्रकार की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री बाई ताम्रकार (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गजेन्दर सिंह बग्गा**- गोरखपुर थाने के पीछे पंसारी मोहल्ला निवासी श्री गजेन्दर सिंह बग्गा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री किशोरी लाल राजपूत**- गुप्तेश्वर स्थित संतोषी माता मंदिर के पास निवासी श्री किशोरी लाल राजपूत (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती नरिन्दर कौर**- गुप्तेश्वर पोस्ट आफिस के पास निवासी श्री संतोख सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती नरिन्दर कौर (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती आशा पांडे**- सिद्धबाबा वार्ड हनुमान होटल के पास निवासी श्री लक्ष्मण पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती आशा पांडे (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला चौरसिया**- सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री छिदामी लाल चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती कमला चौरसिया (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती उमा झा**- अशोक नगर अधारताल निवासी श्री जीतेंद्र कुमार झा की धर्मपत्नी श्रीमती उमा झा (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री शंकर कोल**- छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखजी वार्ड निवासी श्री शिवनाथ कोल के पुत्र श्री शंकर कोल (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कौशल्या बाई**- चंडालभाटा चेरीताल निवासी श्री गंगा प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या बाई (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. सृष्टि प्रजापति**- सेठी नगर निवासी श्री हरीश कुमार प्रजापति की अल्पायु पुत्री कु. सृष्टि प्रजापति (07) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर में किया गया।

**श्री मनोज कुमार महावर**- सदर मेन रोड निवासी श्री मनोज कुमार महावर (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामपति बाई चौधरी**- बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री नंद किशोर चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती रामपति बाई चौधरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती अमिया बाई**- ग्वारीघाट रामलला मंदिर के पास निवासी श्री बारे लाल की धर्मपत्नी श्रीमती अमिया बाई (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सीता तिवारी**- चांदमारी द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री देवमुनी तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती सीता तिवारी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# पत्नी बच्चों के सामने युवक की हत्या

## बलात्कार व अपहरण के अपराध में पैरोल पर छूटकर आया था आरोपी

**जबलपुर,देशबन्धु।** मोटर साइकिल में टक्कर लगने की बात पर मोटर साइकिल सवार दो युवकों ने चाकू से हमला की पत्नी व बच्चों के सामने ई-रिक्शा चालक की हत्या कर दी। ई-रिक्शा चालक पर हमला करने वाला आरोपी बलात्कार व अपहरण के अपराध में जेल से पैरोल पर छूटकर आया था। पुलिस ने दोनों आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

गोहलपुर थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को से प्राप्त जानकारी के अनुसार मकबूल उर्फ टिंगू पिता मुमताज अंसारी उम्र 28 साल निवासी गुर्दा गौशाला बायपास रोड ई-रिक्शा चलाता था। युवक सोमवार की रात लगभग 10.30 बजे ससुराल से अपनी पत्नी व बच्चों को ई-रिक्शा से वापस घर ले जा रहा था। अमखेरा रोड पर उसके ई-रिक्शा तथा मोटर साइकिल सवार दो युवकों में टक्कर हो गयी। जिसके बाद दोनों पक्ष में विवाद हो गया।

मोटर साइकिल सवार युवकों ने ई-रिक्शा चालक पर पत्नी व बच्चों के सामने हमला कर दिया। ई-रिक्षा चालक को घायल अवस्था में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर



दिया। पुलिस ने सूचना मिलने पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लाश को पंचनामा कार्यवाही के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने सरगर्मी से तलाश करते हुए अमित चौधरी उम्र 21 साल निवासी अमरेखा तथा सागर रैकवार उम्र 23 साल निवासी हनुमान मंदिर अमखेरा निवासी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की तो उन्होने ई-रिक्षा चालक की चाकू से हमला कर हत्या करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू भी बरामद किया है। आरोपी सागर आदतन अपराधी है और न्यायालय ने उसे बलात्कार व अपहरण के अपराध में सजा से दंडित किया था। वह जेल से पैरोल पर आया हुआ था। युवक की हत्या की खबर क्षेत्र में आग की तरफ फैल गयी थी। घटना के विरोध में क्षेत्रीय लोगों देर रात गोहलपुर थाने में एकत्र हो गये थे।

## लाखों के जेवरात व नगदी बरामद

# सूने मकान में चोरी करने वाले गिरोह पकड़ाया

**जबलपुर,देशबन्धु।** सूने मकान में चोरी करने वाले तीन सदस्यीय गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये तीनों आरोपी नवयुवक है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लाखों रूपये के जेवरात व नगदी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आवष्यक कार्यवाही की।

गौरतलब है कि मझौली थानान्तर्गत रात्रि अनिल पटैल उम्र 34 वर्ष निवासी मझौली परिवार सहित पैतृक गांव कंजइ गया था। युवक 30 दिसम्बर की दोपहर को वापस लौटा तो देखा कि उसके मकान में ताला टूटा हुआ है और सामान फैला हुआ पड़ा है। दोनो कमरों की आलमारियों केद ताले टूटे है और उसमें रखे सोने का एक मोहन हार,एक रानीहार, चार अंगूठी, एक जोड़ी झाला, एक जोड़ी कान के सुई धागा झाला,



गले का चिक सेट तथा नगदी 50 हजार रूपये गायब थे। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसके संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी थी।

एसडीओपी सिहोरा सुश्री पारूल शर्मा के मार्गनिर्देशन में थाना प्रभारी मझोली जय प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में जांच टीम गठित की थी। गठित टीम द्वारा सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गये, मिले सीसीटीव्ही फुटेज तथा वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर चिन्हित करते हुये संदेही पंकज मरावी पिता कन्हैया मरावी उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम भरहुत थाना कोतवाली जिला उमरिया हाल निवासी ग्वाल घाट मोहल्ला ग्राम राजा सैलया थाना बाकल जिला कटनी एवं अरविंद गौड़ पिता वीरेन्द्र गौड़ उम्र 20 वर्ष निवासी ग्वाल घाट मोहल्ला ग्राम राजा सैलया थाना बाकल जिला कटनी तथा मोहित उर्फ सोनम उर्फ चिकना पिता सिंगार सिंह गौड उम्र 23 वर्ष निवासी ग्वाल घाट मोहल्ला ग्राम राजा सैलया थाना बाकल जिला कटनी को अभिरक्षा में लेते हुये पूछताछ करने पर तीनों नें मझोली में सूने मकान का ताला तोडकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशादेही पर चुराये हुये सोने के जेवर सोने का रानी हार , मंगलसूत्र, गले का सैट, पंजाबी झाला, सुई धागा कान के, अंगूठी, कीमती 6 लाख 50 हजार रूपये के तथा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल कंमाक एमपी 54 जेड बी 6589 को जब्त करते हुये नगदी रूपये के सम्बंध में पूछने पर खर्च कर देना बताये।

# स्पॉ सेंटर के संचालक एवं मैनेजर के खिलाफ प्रकरण दर्ज

## शासन के नियम का नहीं कर रहे थे पालन




**जबलपुर,देशबन्धु।** विजय नगर थानान्तर्गत आदि प्लाजा में संचालित स्पा सेंटर में पुलिस टीम ने दबिश दी। दबिश के दौरान पुलिस ने पाया कि शासन के द्वारा निर्धारित नियम का पालन किये बिना स्पा सेंटर संचालित किया जा रहा है। पुलिस ने स्पा सेंटर को सील करते हुए संचालक व मैनेजर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

विजय नगर थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह पवार से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि अट्रैक्शन थाई यूनिसेक्स स्पा एण्ड सैलून आदि प्लाजा विजयनगर में अवैध रूप से बिना लाइसेंस के स्पा सेंटर का संचालन किया जा रहा है। सूचना पर दबिश देकर संचालक आर्यन पटेल उम्र 28 वर्ष निवासी साईं मंदिर के पास थाना मदन महल एवं मैनेजर आदर्श सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी धनवंतरी नगर थाना संजीवनी नगर से स्पॉ सेंटर एवं सैलून चलाने के संबंध में वैधानिक कागजात पूछने पर किसी भी प्रकार का लाइसेंस न होना बताये सैलून में 2 महिलाएं कार्य करते मिली उन्होंने पूछताछ पर सैलून में 8 हजार रूपये महीना में काम करना बतायीं । स्पॉ एण्ड सैलून सेंटर संचालक एवं मैनेजर द्वारा शासन की गाइडलाइन का उल्लंघन करना पाये जाने पर स्पॉ एण्ड सैलून सैंटर संचालक एवं मैनेजर के विरुद्ध धारा 223, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# बस की टक्कर से मोटरसाइकिल दो युवकों की घटना स्थल में मौत

## कटंगी थानान्तर्गत राजघाट पौड़ी की घटना

**जबलपुर,देशबन्धु।** कटंगी थानान्तर्गत ग्राम राजघाट पौड़ी के समीप बस चालक ने तेज रफतार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटर साइकिल सवार दो युवकों को सामने से टक्कर मार दी। बस की चपेट में आने के कारण दोनों युवकों की घटनास्थल में मौत हो गयी। घटना के बाद आरोपी चालक बस छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर ष्वों को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

कटंगी पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कमलेश सेन उम्र 32 वर्ष निवासी चुंगीनाका आईटीआई मा?ीताल और अमर सिंह गों? उम्र 24 वर्ष निवासी




ग्राम खैरी अपने रिष्तेदार तथा दोस्तों के साथ मैच देखने कटंगी आया था। मैच समाप्त होने के बाद दोनों मोटर साइकिल में सवार होकर वापस लौट रहे थे। उनके रिष्तेदार तथा दोस्त भी अन्य मोटर साइकिल में सवार होकर पीछे आ रहे थे।

कमलेश सेन अपनी मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 एनई 6527 स्वंय चला रहा था और अमर सिंह गौड पीछे बैठा था। दोनों जैसे ही हिरण नदी का पुल क्रॉस कर ग्राम राजघाट पौ?ी पहुॅचे तभी सामने से जबलपुर-सागर जाने वाली राधा बस सर्विस की बस क्रमांक एमपी 15 पीए 1454 के चालक बस को तेज गति लापरवाही से चलाते हुये मोटर साइकिल को सामने से टक्कर मार दी। बस की चपेट मे आने के कारण दोनों युवकों की घटनास्थल पर मौत हो गयी। आरोपी चालक घटनास्थल में वाहन छोडकर फरार हो गया था। पुलिस ने सूचना मिलने पर ष्वी को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा कर आरोपी चालक के खिलाफ धारा 281, 106(1) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी चालक की सरगर्मी से तलाश जारी है।



## छह दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**जबलपुर,देशबन्धु।** पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय जबलपुर में दिनांक 20-25 जनवरी 2025 तक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन, अधिष्ठाता डॉ राजेश शर्मा के निर्देशन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. वैशाली खरे की अगुवाई एवं सिंजेंटा फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से मुर्गीपालन उधमियो हेतु छह दिवसीय कुक्कट पालन प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 28 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे । पांच दिवसीय इस प्रशिक्षण में विभिन्न विषयों के वैज्ञानिकों प्रशिक्षणार्थियों को कुक्कुट पालन से जु? सभी विषयों पर सैद्धांतिक एवम प्रायोगिक व्याख्यान देंगे । यह प्रशिक्षण सिंजेंटा फाउंडेशन एवम नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है

# प्रतिबंध के बावजूद भी कोरेक्स सिरप का दवा कंपनी कर रही उत्पादन

## हाईकोर्ट ने दिये नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो व पुलिस को कार्यवाही के निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** केन्द्र सरकार ने मानव जीवन के लिए हानिकारक कोरेक्स कफ सिरप पर प्रतिबंध लगा रहा है। प्रतिबंधित के बावजूद भी सिरप का उत्पादन और खुले बाजार में बिक्री को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने प्रतिबंधित सिरप का उत्पादन करने वाली कंपनियों तथा उसका व्यापार करने वालों लोगों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो व पुलिस को जारी किये है।

जबलपुर निवासी अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि सरकार ने जून 2023 में नोटिफिकेशन जारी कर क्लोफेनिरामाइन तथा कोडिन से युक्त कप सिरप पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बावजूद भी ऐसे कप सिरप का उत्पादन जारी है। याचिका में कहा गया है कि ऐसे कफ सिरप का उत्पादन नशे के लिए किया जाता है। देश सहित प्रदेश के कई स्थानों में ब?ी संख्या में प्रतिबंधित सिरप पकड़े गये हैं। अधिसूचना के तहत इस तरह की गतिविधियों पर ड्रग कंट्रोलर, ड्रग इंस्पेक्टर तथा नारकोटिक्स कंट्रोल को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। संबंधित अधिकारियों के द्वारा दायित्व का सही तरीके से परिपालन नहीं किये जाने के कारण प्रतिबंधित सिरप के उत्पादन का कारोबार फल-फूल रहा है। प्रतिबंधित सिरप बनाने वाली कंपनी पर कार्यवाही नहीं होती है। याचिका में राहत चाही गयी थी कि केन्द्र सरकार के द्वारा जारी अधिसूचना का पालन शत-प्रतिशत किया जाये।

याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के डायरेक्टर जनरल तथा प्रदेश सरकार के खाद्य एवं औषधि विभाग व ड्रग कंट्रोलर व डायरेक्टर जनरल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका पर मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से अंतरिम राहत के लिए आवेदन पेश किया गया था। आवेदन के साथ याचिकाकर्ता ने 30 से अधिक एफआईआर की जानकारी पेश करते हुए बताया गया था कि प्रतिबंधित सिरप मिलने पर प्रकरण दर्ज किये गये है। याचिकाकर्ता ने राहत चाही थी कि प्रतिबंधित कफ सिरप का उत्पादन करने वाली कंपनियों के खिलाफ भी कार्यवाही की जाये। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद उक्त अंतरिम आदेश पारित किये है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने अपना पक्ष स्वयं रखा। याचिका पर अगली सुनवाई 17 फरवरी को निर्धारित की गयी है।

## प्रावीण्यता के स्थान पर बहुमत से हुई नियुक्ति अवैध

### पंचायत कर्मी मामले में हाईकोर्ट का अहम आदेश

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने अपने महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि प्रावीण्यता के




स्थान पर बहुमत से हुई नियुक्ति अवैध है। मामला पंचायत कर्मी की नियुक्ति से संबंधित था। हाई कोर्ट के इस आदेश से याचिकाकर्ता ग्राम पंचायत रामपुर जिला मऊगंज निवासी सच्चिदानंद शुक्ला की पंचायत सचिव के रूप में की गई नियुक्ति अनुचित मनमानी साबित हो गई। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि पंचायत राज अधिनियम.1993 के प्रावधानों और राज्य सरकार के 27 जनवरी 2006 के परिपत्र के अनुसार पंचायत कर्मी की नियुक्ति केवल प्रावीण्यता के आधार पर की जानी चाहिए। इसके बावजूद यह नियुक्ति ग्राम सभा के प्रस्ताव द्वारा पंचों के बहुमत से करने की त्रुटि की गई। यह नियुक्ति नियमों का उल्लंघन है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

सुनवाई के दौरान अनावेदक अशोक कुमार सिंह की ओर से अधिवक्ता नित्यानंद मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अशोक कुमार सिंह को प्रवीण सूची में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। इसके बावजूद उसे दरकिनार कर याचिकाकर्ता सच्चिदानंद शुक्ला को नियुक्ति दे दी गई। इसी रवैये के विरुद्ध अशोक ने अपील दायर की थी जिसे स्वीकार किए जाने के विरुद्ध सच्चिदानंद याचिका दायर कर हाई कोर्ट चले आए। उनका कहना था कि उनकी नियुक्ति के विरुद्ध दायर अपील को गलत तरीके से स्वीकार कर लिया गया है।

## उत्कृष्ट विद्यालय की पूर्व प्रभारी प्राचार्य को मिली राहत

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने उत्कृष्ट विद्यालय की पूर्व महिला प्रभारी प्राचार्य के पक्ष में राहतकारी आदेश पारित किया। इसके तहत उन्हें उच्चतर माध्यमिक शिक्षक के रूप में कार्य करते रहने देने के निर्देश दिए गए। आदेश में स्पष्ट किया गया कि याचिकाकर्ता को किसी ऐसे स्कूल में पदस्थ न किया जाए जहां 11 वीं और 12 वीं कक्षा न हो। इसके अलावा याचिकाकर्ता द्वारा की गई शिकायतों की भी जांच की जाए। जब तक यह प्रक्रिया पूर्ण नहीं होती स्थानांतरण आदेश स्थगित रहेगा।

याचिकाकर्ता सरिता तोमर की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि वह 2010 में उच्चतर माध्यमिक शिक्षक के रूप में पदस्थ हुई थीं। 2018 में उन्हें उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में प्रभारी प्राचार्य बनाया गया। इस दौरान उन्होंने तीन ऐसे शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई की जिनके द्वारा अत्यधिक फीस प्राप्त की गई थी। साथ ही अभिलेखों में हेरफेर किया गया था। वे कार्य पर भी अनुपस्थित रहा करते थे। इस कार्रवाई के बाद याचिकाकर्ता को धमकियां मिलने लगीं। लिहाजा एसपी को शिकायत सौंपी गई। उस शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी ने याचिकाकर्ता को उत्कृष्ट विद्यालय हरदा से हाई स्कूल नगर पालिका हरदा स्थानांतरित कर दिया। जिसके विरुद्ध अभ्यावेदन दिया गया। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जिससे व्यथित होकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता की आपत्ति यह है कि वह 11 वीं और 12 वीं कक्षा प?ने के लिए उच्चतर माध्यमिक शिक्षक के पद पर कार्यरत थीए तो उसका स्थानांतरण हाई कोर्ट स्तर पर क्यों किया गयाए जहां 10 वीं तक ही कक्षा होती है। यह रवैया उनके मान.सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला है। एक तरह से यह कदम सजा की तरह उठाया गया है। जबकि उनकी शिकायत को दरकिनार कर दिया गया है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता पंकज दुबे ने पैरवी की।

## डीजे के कारण होते है सांप्रदायिक दंगे

### हाईकोर्ट ने दिये याचिका में उठाये मुद्दो पर बिन्दुवार जानकारी पेश करने के निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट में डीजे की तेज आवाज से मानव समुदाय के शारीरिक नुकसान के अलावा सामुदायिक दंगे भड़के को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने सरकार को निर्देशित किया है कि याचिका में उठाये गये मुद्दे पर बिन्दुबार जवाब पेश करें। याचिका पर अगली सुनवाई 17 फरवरी को निर्धारित की गयी है।

अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि दिन के समय डीजे की अधिकतम आवाज 55 डेसिबल तथा रात के समय 45 डेसीबल होना चाहिये। इससे अधिक आवाज से ध्वनि प्रदूषण फैलाता है और लोगों के स्वास्थ में विपरीत प्रभाव पडता है। याचिका में कहा गया है कि वर्तमान में सिर्फ कोलाहल एक्ट के तहत कार्यवाही का प्रावधान है। याचिकाकर्ता की तरफ से बताया गया कि ट्रकों में 20 फिट तक साउड बांधकर डीजे बजाये जाते है,जिससे लोगों के कान खराब हो रहे है। इसके अलावा डीजे बजाने के कारण कई स्थानों में सांप्रदायिक दंगे भी भडके है। जिसके मुख्य कारण डीजे में बजाए जाने वाले गाने है। जिस पर रोक नहीं लगाई जाती है।

याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से बताया गया कि मुख्यमंत्री ने डीजे बजाने के संबंध में आवष्यक दिशा-निर्देश जारी किये है। जिस पर युगलपीठ ने कहा कि सिर्फ निर्देश जारी पर्याप्त नहीं है,उनका पालन भी आवष्यक है। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी किये। याचिकाकर्ता ने सुनवाई के दौरान अपना पक्ष स्वयं रखा।



## जुआ फड़ में दबिश,23 गिरफ्तार

### 80 हजार रुपये नगद जब्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** चार थाने की पुलिस ने 40 फिट रो? कालोनी में संचालित जुआ फड में दबिष दी। पुलिस ने 23 लोगों को ताष पत्तों में दांव लगाते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 80 हजार 550 रूपये जब्त कर उनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की।

पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय को सूचना मिली थी कि 40 फीट रोड स्थित कालोनी में घर के बाहर 20 से 25 लोग जुआ खेल रहे है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी के निर्देष पर गोहलपुर, बेलबाग, ओमती, सिविल लाईन की संयुक्त की टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर योजनाबद्ध तरीके से दबिष दी गयी। पुलिस ने एक घर के सामने स्ट्रीट लाईट के नीचे अरविन्द प्रताप सिंह निवासी पुराना शोभापुर रांझी, शनि केवट निवासी आलोकनगर अधारताल, विनीत पुरी गोस्वामी निवासी पुरानी बस्ती ग्वारीघाट, सुमित राजपूत निवासी टेलीग्राफ गेट नम्बर 4 के पास टपरिया मदनमहल, शुभम सिंह परिहार निवासी गुजराती मोहल्ला अधारताल, विवेक रैकवार निवासी जवाहर नगर अधारताल, साहिल गौर निवासी कृषि नगर अधारताल, साहिल साहू निवासी जवाहरनगर, अधारताल, देवेश बर्मन निवासी रामलला मंदिर के पास ग्वारीधाट, अशोक प्रजापति निवासी कांचघर घमापुर, हर्ष सुकरवारे निवासी बर्फ फैक्ट्री सदर केण्ट, सौरभ राठौर निवासी शांतिनगर बाजनामठ तिलवारा, सुबेन्द्र जयसवाल निवासी साई कालोनी मा?ीताल, आकाश यादव निवासी पुष्पानगर लार्डगंज, समीर कुमार जैन निवासी गढाफाटक लार्डगंज, नीलेश मलिक निवासी सदर हेलटगंज केण्ट, शंकरलाल पासी निवासी पासी मोहल्ला सदर केण्ट, जितेश गुप्ता निवासी शास्त्रीनगर तिलवारा, ऋषभ पंत निवासी प्रेमनगर गुरूद्वारा के सामने गोरखपुर, रितेश यादव निवासी गोपालबाग दीक्षितपुरा कोतवाली, अर्जुन कुशवाहा निवासी जागृतिनगर गोहलपुर, सचिन पासी निवासी रानीताल थाना लार्डगंज, लल्ला अहिरवार निवासी झंडा चौक प्रेमसागर कालोनी हनुमानताल को जुआ खेलते हुए गिरफतर किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताश के पत्तों की 4 गड्डी तथा नगदी 80 हजार 550 रूपये जप्त करते हुये धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। जुआरियों को पक?ने में उप निरीक्षक अम्बुज पाण्डे, प्रधान आरक्षक प्रमोद, संजय, राजेश मिश्रा, आरक्षक चंदन, थाना बेलबाग के उप निरीक्षक विजय धुर्वे, प्रधान आरक्षक विनीत श्रीवास, आरक्षक त्रिलोक, अभिमन्यू, थाना ओमती के सहायक उप निरीक्षक सुधीर पटैल थाना सिविल लाईन के प्रधान आरक्षक रामसहाय की सराहनीय भूमिका रही।

# खड़े ट्रक में लगी आग, लुढ़क कर सड़क किनारे गड्ढे में घुसा

**सिहोरा, देशबन्धु।** मंगलवार की दोपहर अजीबो गरीब घटना फोरलेन हाइवे पर घटी जिसे सुनकर हर कोई हैरान है कि आखिर खड़े ट्रक में अचानक आग कैसे लग गई? और वह बिना किसी धक्के के लुढ़क कर कैसे सड़क किनारे गड्ढे में जा घुसा? जिसको लेकर हर देखने वालों में तरह तरह की चर्चाएं होने लगीं। फिलहाल सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।



प्राप्त जानकारी अनुसार जबलपुर कटनी फोरलेन हाइवे में गोसलपुर थाना अंतर्गत बघेला नाला और पांडे ढाबा (मोहतरा) के बीच दोपहर करीब बारह बजे ट्रक खड़ा था और वाहन चालक कुछ ही दूरी पर था तभी ट्रक में तेज आग की लपटें उठी और देखते ही देखते ट्रक जलने लगा और बिना किसी सहारे के ट्रक लुढ़क कर सड़क किनारे गड्ढे में जा घुसा। ट्रक को जलता देख राहगीर रुककर देखने लगे और गोसलपुर पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



## भाजपा के जबलपुर महानगर अध्यक्ष का स्वागत

**कुण्डम,देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर के नव निर्वाचित यस्वी अध्यक्ष रत्नेश सोनकर जी का पूर्व विधायक सिहोरा नंदनी मरावी के निवास स्थान पर आगमन हुआ।

नंदनी मरावी व भाजपा पदाधिकारियों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर कमलेश साहू, सतीश चन्द्र अवस्थी, मंडल अध्यक्ष राजेश साहू, जनार्दन साहू, आनन्द साहू, शिवम साहू, राजा यादव, विवेक साहू, आशीष बर्मन, अमित झारिया उपस्थित रहे।

# गश्ती वाहन गिरा खाई में, चालक बचा

## ग्राम तुलरा के जंगल में आराम कर रहे हाथी, बाघिन ने जालेश्वर मंदिर के पास डाला डेरा

**अनूपपुर, देशबन्धु।** वन परिक्षेत्र राजेंद्रग्राम के मंगलवार की सुबह दोनों हाथी बेनीबारी के समीप ग्राम तुलरा में स्थित बिरासिनी देवी मंदिर के समीप जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं। वही चार दिनों से बाघिन अमरकंटक क्षेत्र के जालेश्वर मंदिर के समीप निरंतर डेरा जमाए हुए हैं। दोनों स्थानों पर वन्यप्राणियों के निरंतर विचरण पर जिला प्रशासन निगरानी बनाए रखते हुए आम जनों को सतर्क एवं सावधानी बरतने की अपील की है। वहीं गश्ती में लगा वन परिक्षेत्र जैतहरी का वाहन नगमला की घाट में अनियंत्रित होकर लगभग 15 फीट नीचे खाई में गिरकर एक पेड़ से जाकर अटक गया। वहीं चालक समय रहते कूद कर अपनी जान बचाई।

दोनों प्रवासी हाथी सोमवार को वन परिक्षेत्र राजेंद्रग्राम के ग्राम पंचायत नगमला के समीप जोहिला नदी के किनारे जंगल में दिन बीताने के बाद देर शाम को नगमला से निकलते हुए श्यामदुआरी से करनपठार के बेलाटोला से भलवारे होते हुए मंगलवार की सुबह लहरपुर से ग्राम पंचायत तुलरा के जंगल माता बिरासनी देवी का मंदिर के समीप जंगल में पहुंचकर मंगलवार को 29 वें दिन विश्राम कर रहे हैं। रात भर हाथियों ने दो ग्रामीण हीरालाल बैगा एवं माखन बैगा करनपठार के घर में तोड़फोड़ कर फूल सिंह, मंगल दास ग्राम नगमला, दलवीर सिंह ग्राम श्यामदुआरी, देवलाल पता सम्भर बैगा, गोपाल अगरिया ददराटोला के खेत तथा बाड़ियों में लगे फसलों को आहार बनाया। वहीं गस्ती में लगा वन परिक्षेत्र जैतहरी का वाहन नगमला की घाट में अनियंत्रित होकर लगभग 15 फीट नीचे खाई में गिरकर एक पेड़ में जाकर अटक गया। हाथी अनूपपुर जिले के सीमा से लगे डिंडोरी जिले की सीमा से लगभग 15 से 20 किलोमीटर की दूरी पर वर्तमान समय वितरण कर रहे हैं।



वहीं चार दिनों से कॉलर आईडी वाली बाघिन वन परिक्षेत्र अमरकंटक के उमरगोहान बीट अंतर्गत जालेश्वर मंदिर के समीप जंगल में पहुंचकर एक गाय का शिकार करने बाद निरंतर विचरण कर रही है, जो रात होते ही सीमा पर स्थित छत्तीसगढ़ के गौरेला वन परिक्षेत्र की सीमा के जंगल में प्रवेश कर वितरण करते हुए पुनः वापस आ जाती है। दोनों वन्यप्राणियों के निरंतर विचरण के कारण आम जनों में डर एवं भय का वातावरण बना हुआ है। दोनों स्थानों पर विचरण कर रहे वन्यप्राणियों पर वनविभाग के लोग निगरानी करते हुए आम जनों को सतर्क एवं सावधान रहने की अपील मुनादी एवं अन्य माध्यमों से कर रहे हैं।

## सार-समाचार



### नवीन सत्र में प्रवेश के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार

**पनागर, देशबन्धु।** स्थानीय शासकीय महाविद्यालय में नवीन प्रवेश हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिये ''कॉलेज चलो अभियान'' के अंतर्गत महाविद्यालय के केचमेंट एरिया के अंतर्गत आने वाले विभिन्न शासकीय/अशासकीय विद्यालयों का विजिट विजिट टीम द्वारा किया जा रहा है, जिसमें विद्यालयों के प्राचार्यो, स्टॉफ से मिल कर आगामी नवीन सत् में प्रवेश हेतु शासकीय कला महाविद्यालय की अधोसंरचना, कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नवीन प्रावधान, अध्ययनरत विद्यार्थियों को विभिन्न आर्थिक सहायता, हितग्राही मूलक योजना/छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय सेवा योजना आदि की जानकारी साझा कर महाविद्यालय में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित करने का आग्रह किया गया तथा विद्यार्थियों को कक्षाओं में जाकर भी उक्त जानकारी साझा की जा रही है। इसमें एरिया के सभी विद्यालयों के प्राचार्यो का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। कॉलेज चलो अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार में ब्रोशर का वितरण विद्यार्थियों को तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किया जा रहा है। उक्त अभियांन डॉ. पी. के. जैन के मार्गदर्शन में महाविद्यालय द्वारा गठित कॉलेज चलो अभियान समिति द्वारा सम्पादित किया जा रहा है।

### आनंद उत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**बरेला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के आवाहन में नगर परिषद बरेला के द्वारा आनंद उत्सव के कार्यक्रम में बरेला नगर के पीएम श्री कन्या विद्यालय, सी.एम.राइज विद्यालय, मान कुमारी हंसा, सन्मति स्कूल, के.एल सोनकर स्कूल, डी एन पब्लिक स्कूल, शासकीय महाविद्यालय बरेला के बच्चों ने कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, बोरा दौड़, चम्मच दौड़,पिट्ठू गेंद जैसे परंपरागत खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया एवं पुरस्कार प्राप्त किया।

नगर परिषद के अध्यक्ष प्रतीक दुबे पूर्व उपाध्यक्ष सोनू सोनकर, सीएमओ संजय पांडे, पार्षद दिव्या अरिहंत जैन, विक्की पटेल, चंदन पटेल, महेश चक्रवर्ती, शेरा जैन, अर्पित जैन, अतीक बर्मन, मेशी विश्वकर्मा, मदन साहू, राजकुमार साहू, रश्मि पटेल, जयराज चौधरी, मदन साहू, पुष्पा भाट, मोनिका सिंह परिहार, रश्मि विश्वकर्मा, रोशनी विश्वकर्मा, माधुरी साहू, आकांक्षा पटेल, रत्नेश विश्वकर्मा, डॉ हीरा किरण, पूनम पांडे, अनिल सोनकर, अमितोष वैष्णव, नगर परिषद बरेला के सभी अधिकारी कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया।

### समाजसेवी अनिल कुमार जैन को कर्नाटक के राज्यपाल ने सम्मानित किया

**शहपुरा भिटोनी, देशबन्धु।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक समाजसेवी पत्रकार पारस चैनल के डिप्टी चेयरमैन श्री अनिल कुमार जी जैन को हुवली कर्नाटक में वरूण नवग्रह तीर्थ में आयोजित एक कार्यक्रम समारोह में कर्नाटक के राज्यपाल श्री तवंर चंद जी ने पत्रकारिता में जैन धर्म के लिए कार्य करने पर सम्मानित एक समारोह में उपस्थित होकर सम्मानित किया गया



# ग्राम पंचायत गांधीग्राम ने खेल मैदान को बना दिया कचरा डंपिंग यार्ड

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** वर्तमान समय में गांधीग्राम में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 से लगे हुए जिसे महात्मा गांधी खेल मैदान के नाम से जाना जाता है , राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30, हाइवे से लगा होने के कारण इस बेशकीमती जमीन पर माफिया की नजर लगी हुई है, खेल प्रेमियों को आशंका है कि ग्राम पंचायत की सांठ गांठ से कहीं उक्त मैदान को माफिया अपने कब्जे में लेकर उसे पर व्यावसायिक प्रतिष्ठान न बना ले, लोगों का कहना है कि ग्राम पंचायत को खेल प्रतिभाओं से कोई सरोकार क्यों नहीं है ।

इस संबंध में ग्राम पंचायत को जरा सी भी चिंता नहीं है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, उक्त महत्वपूर्ण मैदान को सहेजने की जगह ग्राम पंचायत उसे कचरे का डंपिंग कर डंपिंग यार्ड बना रही है वही खेल मैदान को सुरक्षित रखने किसी भी प्रकार की मांग व कार्रवाई कराने से बच रहे हैं ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में ग्राम पंचायत गांधीग्राम द्वारा मैदान की स्थिति कचरा डंपिंग यार्ड जैसी कर दी गई है। गांव का एकत्रित होने वाला कचरा ट्रैक्टर ट्रालियों के माध्यम से इसी मैदान पर डंपिंग कराया जा रहा है।मैदान में जगह-जगह कचरे का ढेर है।बच्चे गंदगी व कचरों के बीच खेलने को मजबूर हैं। यहां के प्रतिभावान खिलाड़ी भी कुंठाग्रस्त होते जा रहे हैं। खेल के मैदान की जमीन पर पुराई वा समतलीकरण का कार्य भी चल रहा है ।

बड़ी खेल प्रतियोगिताये होती थी.....लोगों का कहना है कि वर्षों पुराने खेल के मैदान पर यहां पर कई बार बड़ी प्रतियोगिताएं और बड़े धार्मिक कार्यक्रम भी हो चुके हैं। ग्राम पंचायत द्वारा कचरा डंपिंग किए जाने से मैदान में चारों ओर कचरा, प्लास्टिक व बोतल, खाद्य पदार्थ का जूठन बिखरा रहता है। ।जिसके कारण यहां खेलने या दौड़ने आए युवकों को काफी दिक्कत होती है।



## खिलाड़ियों को आती है बदबू, खाली खेतों व भूखंडों में खेलते हैं खिलाड़ी

क्रीड़ा प्रेमियों का कहना है कि इन परिस्थितियों के चलते इस मैदान पर क्रिकेट,हॉकी, फुटबाल, बॉलीवाल और अन्य खेलों के कोई भी टूर्नामेंट नहीं हो पाएंगे और इससे खिलाड़ियों के हित प्रभावित होंगे। इस बारे में प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई न होने से लोगों को अतिक्रमण पर प्रशासन की कार्यवाही पर सवालिया निशान लग रहा है।

**गांवो में प्रतिभाओ का भंडार**--केंद्र सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में इसको प्रोत्साहन देने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। लेकिन, खेल मैदान व संसाधनों की कमी से यहां की प्रतिभाएं कुंठित हो रही हैं। बहुत ऐसे खिलाड़ी हैं जिनके अंदर उम्दा प्रदर्शन करने का दमखम दिखाई देता है। लेकिन, अर्थाभाव व संसाधनों के अभाव में उनका प्रदर्शन गांव के खेतों तक ही सिमट कर रह जाता है। खिलाड़ियों का कहना है कि उनकी सबसे बड़ी समस्या ग्राम पंचायत द्वारा यहां कचरा डंपिंग किए जाने से खेल मैदान दुर्दशा को लेकर है। इस कारण वे खेल मैदान पर अभ्यास नहीं कर पाते है।

**खेतों में अभ्यास करते हैं खिलाड़ी**--गांधीग्राम सहित आसपास के खिलाड़ी मैदान के कचरा होने से खेतों में अभ्यास करते हैं। जब खेत खाली हो जाते हैं तब गांव के खिलाड़ी उसे मैदान का आकार स्वयं देते हैं और जब तक खेतों में किसान बुआई नहीं करते है तब तक उसमें फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबाल आदि खेल खेलते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे खेल मैदान में कचरे के ढेरों के कारण खेतों और गलियों में खेलने को मजबूर हैं। ऐसे में इनकी प्रतिभा उभरने की बजाए गांव में ही दम तोड़ रही हैं।

**खेल मैदान की जगह मोबाइल गेम में व्यस्त**--अभिभावकों का कहना है कि भागमभाग भरी जिंदगी में खेल के लिए समय निकाल पाना काफी मुश्किल है। इन व्यस्तताओं के बीच यदि थोड़ा समय मिलता है तो खेल के लिए जगह नहीं मिल पाती। मैदान में कचरा एकत्र होने से बच्चे मोबाइल में ही गेम खेलकर इतिश्री कर लेते हैं। इससे वे तरह-तरह की बीमारियों से घिरने लगते हैं। बच्चे खेल के लिए तरस जाते हैं। यदि अच्छे खेल मैदान न होंगे तो खिलाड़ी कैसे उभर सकेंगे। सरकार को इस दिशा में ध्यान देना चाहिए। बच्चे खेलों से दूर होते जा रहे हैं।मांग है ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार खेल मैदान की सुविधा मुहैया करवाए जिससे यहां के खिलाड़ी भी देश में अपना नाम रोशन कर सकते हैं।

# तालाब किनारे सात दिवसीय श्रीराम यज्ञ का आयोजन

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** बुढ़ानसागर तट गांधीग्राम स्थित विशाल तालाब के किनारे सप्त दिवसीय मेले श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया गया है। मंगलवार यज्ञशाला में समस्त वेदों एवं स्थापित देवी देवताओं का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भोजन किया गया। इस अवसर पर यज्ञ आचार्य एवं कथा वाचक प्रथम नारायण त्रिपाठी ने कहा की श्रीराम कथा सुनना जरूरी है।

'रामकथा सुंदर करतारी, संशय विहग उड़ावन हारी' यानि जहां रामकथा वहां यमराज के दूत भी नहीं जा सकते। रामकथा से जीवन जीने की कला आती है। मोक्ष प्राप्ति के लिए श्रीमद् भागवत कथा, किंतु लौकिक और परलौकिक जीवन सफल बनाने हेतु श्रीराम कथा का श्रवण मनन करना चाहिए। मर्यादा पुरुषोत्तम राम का जन्म ही लोक कल्याण के लिए हुआ था। श्रीराम का परिवार एक ऐसा मर्यादित आदर्श परिवार है। जहां आदर्श, पारिवारिक, सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक भाव भूमि का भंडार भरपूर है। आज समाज में नारी अत्याचार बढ़ रहा है। वह प्रताड़ित है, पीड़ित हैं। उनकी रक्षा सुरक्षा का भार राम जैसे चरित्रवान पुरुषों पर है। नारियां शक्ति की प्रतीक हैं। संसार में सब कुछ संभव है। किसी चीज का अभाव नहीं है। हां जहां भाव का अभाव है। वहीं पर अभाव है। भगवान भाव के भूखे हैं। राम कथा से संस्कार की प्राप्ति होती हैं। पति पत्नी का प्रेम अनोखा होता है। सती और देवाधिदेव महादेव का प्रेम अनोखा था। कथा शिव जी कहते हैं, सती कथा सुनने का आग्रह करती है। श्री राम महायज्ञ के दौरान शाम के समय अनगढ़ महावीर हनुमान जी की मूर्ति , हनुमान जी की मूर्ति पर विराजमान भगवान श्री राम,सीता, लक्ष्मण जी की संगीतमय आरती की जा रही है जिसमें मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रभु पटेल, भूपेन्द्र चौरसिया, शैलू चौरसिया, रामधनी चौरसिया सरपंच श्रीमती राधा विवेक चौरसिया, जनपद सदस्य श्रीमती अनीता राजेश त्रिपाठी, सुधीश त्रिपाठी, सुनील चौरसिया, नरबद चौरसिया प्रशांत चौरसिया सचिन चौरसिया, प्रकाश मिश्रा श्याम चौरसिया रामजी चौरसिया, योगेन्द्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



# नगरपालिका में ध्वजारोहण के लिए जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य जनों की बैठक

**पनागर, देशबन्धु।** नगर में इस वर्ष गणतंत्र दिवस में ध्वाजारोहण के आयोजन हेतु नगरपालिका परिषद कार्यालय सभा भवन में नगर के जन प्रतिनिधियों एवं गणमान्य जनों की एक विशेष बैठक नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल की अध्यक्षता में आहुत की गई जिसमें महेंद्र चक्रवर्ती अधिवक्ता उपाध्यक्ष , सीएमओ आशीष शर्मा राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि विमल जैन संतोष सैनी अनिल गौतम पार्षद प्रमोद पटेल सेकी यादव मुकेश गोटिया श्रीमती प्रीति शर्मा श्रीमती राजकुमारी वंशकार श्रीमती शीतल कुशवाहा जागेश्वर शर्मा वेडी लाल कुशवाहा बहादुर राय अनारी कोरी परिषद पदाधिकारी, गणमान्य नागरिकों एवं शौक्षणिक संस्थाओं के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षाकाओं की उपस्थिति थी सर्वसम्मति से नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत 09 स्थलों में ध्वाजा रोहण किया जाने निर्णय लिया शाताब्दी स्मारक में पं.सुशील तिवारी इंदू भैया , विधायक , प्रदीप पटैल भीम भैया अध्यक्ष कार्यालय भवन, अभिमन्यु चौक में संजय श्रीवास्तव ब्लॉक अध्यक्ष आजाद चौक में श्रीमती ज्योति नायक पूर्व पार्षद, कमानिया गेट शीतल बेडीलाल कुशवाहा पार्षद शिवाजी वार्ड , गॉधी स्मारक विजय बर्मन पूर्व अध्यक्ष, कांग्रेस शाताब्दी स्मारक मुकेश वंशकार पार्षद भगतसिंह वार्ड , इंद्रिरा स्मृति स्मारक धर्मेन्द्र राय, एवं डॉ अम्बेडकर जी की मूर्ति स्थल बसस्टेण्ड में रामनिवास गौतम समाजसेवी के द्वारा ध्वजा रोहण किया जाएगा। राष्ट्रीय गौरव दिवस को हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाए जाने निर्णय लिया। बैठक में पार्षदगण नागरिकों एवं शौक्षणिक संस्थाओं के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षाकाओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुई । अंत में सभी आगंतुक जनों का मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष शर्मा जी ने आभार व्यक्त किया।



# कांग्रेस की मांग, शहपुरा में बने बस स्टैंड



**शहपुरा, देशबन्धु।** शहपुरा नगर में कांग्रेस कार्यकर्ता ने बस स्टेंड की मांग उठाई जो 20 सालो से नहीं बना जिसमे ज़िला ग्रामीण प्रभारी मा .रजनीश सिंह उपस्तित थे युवा कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष चमन राय के साथ सभी साथीजन ने शहपुरा में बस स्टेंड की मांग करते हुए ट्रैफिक व्यवस्था दुरस्त हो शहपुरा में बस स्टेंड नही है 20वर्षो से आज जनसमस्या बना राहगीर एंबुलेंस सेवा,व्यापारी भी परेशान हैं, पुलिस चालान आभियान चलाती है जिस से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोग बाजार में आना बंद कर रहे। युवा साथी का कहना है यहां की व्यवस्था दुरस्त हो बस स्टैण्ड बने सड़क का चौड़ीकरण हो जिस से इस ट्रैफिक से निजात मिले शहपुरा सुंदर बने ज्ञापन सौंपा तहसीलदार को एसडीएम के नाम से जिला ग्रामीण अध्यक्ष निलेश जैन, जनपद उपाध्यक्ष प्रमोद शुक्ला,राम बाबू, राजबहादुर, राजेंद्र बन्धु,परमलाल अहवासी,प्रज्जेवल सिंह, यश राज, इंजी शेख़ शाहिद, बल्ली रजक,विनय पटेल, मोनू जयसवाल, दुर्जन सिंह, नेतराम, मनीष राय, आशिक चाचा, आदि मौजूद थे।

# विवेक तन्खा से मिले कांग्रेस नेता



**शहपुरा भिटोनी, देशबन्धु।** कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता राज्यसभा सांसद सम्मानीय विवेक तंखा जी के नगर आगमन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश महासचिव एवं,ड्डष्ट अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय सदस्य सरदार दलवीर सिंह जस्सल जी, वरिष्ट नेता सुमन जैन, राजकुमार जैन, संजय वर्मा, हाजी हामिद खान, डॉक्टर चंद्रेश जैन, अमित जैन, कृष्णा गुप्ता, मोहित वर्मा यदि सदस्यों ने सौजन्य भेंट की।

## मसौदा यूजीसी विनियमों को लिया जाए वापस : स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने सोमवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मसौदा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) विनियम, 2024, 2025 को तुरंत वापस लेने का आग्रह किया। स्टालिन ने मसौदा विनियमों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए प्रधान को लिखे पत्र में कहा कि मसौदा विनियमों में कई प्रावधान राज्य की शैक्षणिक प्रणाली और नीतियों के साथ संघर्ष में हैं। मसौदे में कुलपतियों (वीसी) की नियुक्ति से संबंधित विनियम भी शामिल हैं। मसौदा के कई प्रावधान राज्य विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक अखंडता, स्वायत्तता और समावेशी विकास के लिए गंभीर चुनौतियां पेश करेंगे। मसौदा विनियमों को वापस लिया जाना चाहिए और राज्यों, विशेष रूप से तमिलनाडु की जरूरतों के अनुरूप संशोधित किया जाना चाहिए क्योंकि इस मुद्दे का महत्व है। नौ जनवरी 2025 को राज्य विधानसभा में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया था जिसमें इन मसौदा विनियमों का विरोध किया गया था और केंद्र सरकार से आग्रह किया गया।

# चीन पर कैसे बदल गया डोनाल्ड ट्रंप का मन

### काम कर गई जिनपिंग की कॉल या कोई चाल?

**वाशिंगटन।** शपथ ग्रहण से पहले तक चीन पर टैक्स का चाबुक चलाने पर आमादा डोनाल्ड ट्रंप का मन अचानक बदल गया है। अब ट्रंप ने इस फैसले का फिलहाल टाल दिया है। बताया जा रहा है कि इसके पीछे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की कॉल है। वहीं, ट्रंप के रवैये में अचानक आए इस बदलाव को उनकी चाल के तौर पर भी देखा जा रहा है। बता दें कि चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग ने शपथ ग्रहण से पहले ट्रंप को फोन किया था, जिसमें उन्होंने अपने उपराष्ट्रपति को समारोह में भेजने की बात कही थी।

शपथ ग्रहण करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने कई अहम फैसले लिए। इसमें डब्लूएचओ से हटने पर भी उन्होंने चीन को सुना दिया। बताया जाता है कि ट्रंप ने यह फैसला बहुत सोच-समझकर लिया है। ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से बताया कि वह जिनपिंग से लड़कर नहीं, बल्कि निगोएिशन के जरिए जीतना चाहते हैं। वह बदले में चीन के साथ कुछ और डील करने के चक्कर में हैं। आने वाले कुछ हफ्तों में ट्रेड टैक्स तय हो सकते हैं, लेकिन ट्रंप प्रशासन के फैसले ने तात्कालिक तौर पर चीनी कंपनियों को राहत दी है। इन चीनी कंपनियों को डर सता रहा था राष्ट्रपति बनते ही ट्रंप चीन के ऊपर टैक्स का बोझ लाद देंगे। फैसले की जानकारी रखने वालों के हवाले से ब्लूमबर्ग ने चेताया है कि कई बार ट्रंप अचानक से अपनी रणनीति बदल देते हैं। बाद में वह फिर से अपने ओरिजिनल प्लान के साथ आगे बढ़ते हैं।

तात्कालिक राहत- ट्रंप के फैसलों को देखते हुए माना जा रहा था कि वह चीन से आयात पर टैक्स लगा सकते हैं। हालांकि उनके एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स की लिस्ट से यह फैसला नदारद दिखा। बता दें कि राष्ट्रपति चुनाव के लिए कैंपेन के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने चीन से कुल आयात पर 10 से 20 फीसदी टैक्स लगाने की बात कही थी। वहीं, चीनी प्रोडक्ट्स पर यह टैक्स 60 फीसदी तक लगाने की बात थी। वहीं, कनाडा और मैक्सिको से आने वाले सामानों पर 25 फीसदी का टैक्स लगाने की बात ट्रंप ने कही थी। ट्रंप ने इसके बजाय संघीय एजेंसियों को वैश्विक स्तर पर अनुचित व्यापार प्रथाओं की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अमेरिकी प्रशासन को एक खास निर्देश भी दिया है। इसमें कहा गया है कि व्हाइट हाउस में उनके पहले कार्यकाल के दौरान चीन से जो ट्रेड डील हुई थी, उसमें उसका प्रदर्शन कैसा है। 2017 से 2021 के बीच राष्ट्रपति रहने के दौरान ट्रंप ने चीन से फेज वन डील साइन की था।



# रूस-यूक्रेन युद्ध पर फिलहान अपने पत्ते नहीं खोले ट्रंप ने

### जन्मसिद्ध नागरिकता अधिकार का भारत सहित कई देशों पर होगा असर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी हो चुकी है और अब वो क्या कदम उठाएंगे... इस पर पूरी दुनिया की नजरे हैं। ट्रंप ने शपथ लेते ही सोमवार को अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। उन्होंने पनामा नहर को लेकर चीन पर निशाना साधा। कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि पनामा नहर चीन चला रहा है, जबकि हमने यह काम पनामा को दिया था। रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर ट्रंप ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन जल्द से जल्द संघर्ष खत्म करने का वादा किया है। इस बीच मंगलवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच वीडियो कॉल पर बात हुई। पुतिन ने शी को कहा कि पिछला साल हमारे लिए फायदेमंद और बहुत फलकारी रहा।

रॉयटर्स ने बीजिंग के राज्य मीडिया के हवाले से बताया कि मंगलवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मंगलवार को अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ एक वीडियो कॉल की। पुतिन ने शी को हाथ हिलाकर अभिवादन किया और उन्हें प्रिय मित्र कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वह रूसी-चीनी व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग के विकास के लिए नई योजनाओं को रेखांकित करना चाहते हैं।

क्रेमलिन ने उनकी बैठक का एक वीडियो जारी किया है। पुतिन ने शी से कहा, मैं आपसे सहमत हूं कि मॉस्को और बीजिंग के बीच सहयोग व्यापक राष्ट्रीय हितों की समानता और प्रमुख शक्तियों के बीच संबंधों को लेकर विचारों की समानता पर आधारित है। उन्होंने आगे कहा, हम अपनी साझेदारी को मित्रता, आपसी विश्वास और समर्थन, समानता और आपसी लाभ के आधार पर बनाते हैं। ये संबंध आत्मनिर्भर हैं, घरेलू राजनीतिक कारकों और वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों से स्वतंत्र हैं।

**हमारे आपसी संबंध आत्मनिर्भर- पुतिन और शी-** पुतिन ने जिनपिंग से कहा कि रूस और चीन के बीच विदेशी नीति के संबंध अंतरराष्ट्रीय मामलों में स्थिरता लाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पुतिन ने यह भी कहा कि रूस और चीन के बीच के संबंध आत्मनिर्भर हैं और किसी बाहरी दबाव या प्रभाव पर निर्भर नहीं हैं। उन्होंने बीते वर्ष को दोनों देशों के लिए बहुत फलदायी बताया और इसे सहयोग और आपसी समझ का एक मजबूत उदाहरण करार दिया।



## आज का इतिहास

1892 – भारत की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले क्रांतिकारियों में से एक ठाक रोशन सिंह का जन्म।

1905 – रूस के सेंट पीट्सबर्ग में गोलीबारी की घटना में 500 से ज्यादा मजदूर मारे गये।

1924 – रैमसे मैकडोनाल्ड ब्रिटेन में लेबर पार्टी के पहले प्रधानमंत्री बनें।

1963 – देहरादून में दृष्टिहीनों के लिए राष्टीय पुस्तकालय की स्थापना हुई।

1970 – बोइंग 747 का न्यूयॉर्क एवं लंदन के बीच पहली व्यावसायिक उड़ान शुरु हुई।

1981 – रोनाल्ड रीगन का अमेरिका के 40वें राष्टपति के रूप में शपथ ग्रहण।

2009 – फ़िल्म स्लमडॉन मिलेनियर का ऑस्कर के लिए नामांकन हुआ।

2014 – भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध तेलुगु फिल्म अभिनेता एवम फ़िल्म निर्माता ए. नागेश्वर राव का निधन।

2018 – इतालवी राजनीतिज्ञ मिशेल निकोलेटी यूरोप परिषद की संसदीय सभा की नये अध्यक्ष बनें।

2019 – 2018 में सिनेमा के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए 91वें अकादमी पुरस्कार के लिए नामांकन की घोषणा।

## सुडोकू 6803

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | | | 7 | |
| | | | 7 | | | | 8 | |
| 5 | | | | 4 | | | | |
| | | 9 | 2 | | | | 4 | 7 |
| 8 | | 1 | | | | 5 | | 2 |
| 2 | 7 | | | | 5 | 9 | | |
| | | | | 9 | | | | 1 |
| | 1 | | | | 2 | | | |
| | 9 | | | | | 4 | 3 | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## गाजा सीजफायर समझौता टिकेगा या नहीं? ट्रंप का चौंकाने वाला जवाब

**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उन्हें इस बात का 'विश्वास नहीं है' कि पिछले दिन लागू हुआ गाजा युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई का समझौता तीनों चरणों में बरकरार रहेगा। हालांकि उन्होंने गाजा में हुई तबाही पर बात करते हुए कहा कि इस क्षेत्र को फिर से बनाना होगा। ट्रंप ने कहा, यह हमारा नहीं उनका युद्ध है। मुझे भरोसा नहीं है। इजरायली मीडिया के मुताबिक अपने शपथग्रहण के तुरंत बाद ओवल ऑफिस में कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करते समय पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह बात कही हालांकि ट्रंप ने हमास का स्पष्ट रूप से जिक्र किया। उन्होंने कहा, लेकिन मुझे लगता है कि वे दूसरी तरफ बहुत कमजोर हैं। यूएस प्रेसिडेंट ने गाजा में 15 महीनों के युद्ध की वजह से मची तबाही पर भी बात की। उन्होंने कहा, यह एन्क्लेव एक विशाल विध्वंस स्थल की तरह है जिसे एक अलग तरीके से फिर से बनाना होगा। रियल एस्टेट दिग्गज ने कहा कि गाजा भूमध्य सागर के किनारे एक अद्भुत स्थान पर है, जहां सबसे अच्छा मौसम है। उन्होंने कहा कि वहां सुंदर चीजें की जा सकती हैं, शानदार चीजें। उनसे जब पूछा गया कि क्या वह गाजा के पुनर्निर्माण में मदद करेंगे, तो राष्ट्रपति ने जवाब दिया हो सकता है मैं मदद करूं। इजराइल और हमास ने रविवार को युद्ध विराम समझौते को लागू करना शुरू कर दिया, जिसमें बंधकों और कैदियों की अदला-बदली शामिल है। इस योजना की रूपरेखा मूल रूप से मई में तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बनाई थी।

## ट्रंप ने ओबामा के आदेश को किया रद्द; उत्तरी अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी का नाम बदला

**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तरी अमेरिका की सबसे ऊंची पर्वत चोटी का नाम माउंट मैकिन्ले रखने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किया। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने इसका नाम डेनाली रखा था जिसे 47वें प्रेसिडेंट ने बदल दिया। हालांकि, सोमवार को हस्ताक्षरित आदेश के अनुसार, आस-पास के राष्ट्रीय उद्यान को डेनाली राष्ट्रीय उद्यान और संरक्षित क्षेत्र कहा जाता रहेगा। सोमवार को अपने उद्घाटन भाषण के दौरान इस फैसले के बारे में ट्रंप ने कहा, हम एक महान राष्ट्रपति विलियम मैकिनली का नाम इस शिखर पर दर्ज करेंगे, जहां इसे होना चाहिए। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर का समर्थन अलास्का की रिपब्लिकन सीनेटर लिसा मुर्कोव्स्की ने किया, जिन्होंने नाम परिवर्तन को आधिकारिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऑर्डर में कहा गया, यह आदेश हमारे महान राष्ट्र की खातिर अपना जीवन देने वाले विलियम मैकिनली को सम्मानित करता है। यह अमेरिका के हितों की रक्षा करने और सभी अमेरिकियों के लिए प्रचुर धन अर्जित करने की उनकी ऐतिहासिक विरासत को कर्तव्यपूर्वक मान्यता देता है।

# सुपरबग से लड़ने में मदद करता है ऑयस्टर रक्त प्रोटीन :स्टडी

**सिडनी, (आईएएनएस)।** मंगलवार को प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार, ऑस्ट्रेलियाई सीपों के रक्त में पाया जाने वाला प्रोटीन एंटीबायोटिक प्रतिरोधी सुपरबग्स के खिलाफ लड़ाई में मददगार हो सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के साउदर्न क्रॉस विश्वविद्यालय (एससीयू) की एक टीम द्वारा किए गए स्टडी में पता चला है कि सिडनी रॉक ऑयस्टर के रक्त में एक प्रोटीन बैक्टीरिया को मारने के साथ-साथ कई प्रकार के बैक्टीरिया के खिलाफ कुछ एंटीबायोटिक दवाओं की प्रभावशीलता को बढ़ाने में सक्षम है।

प्रयोगशाला परीक्षणों में उन्होंने पाया कि यह प्रोटीन स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनिया और स्ट्रेप्टोकोकस पायोजेंस नामक जीवाणुओं को मारने में प्रभावी था, जो क्रमशः निमोनिया और स्ट्रेप थ्रोट का कारण बनते हैं। एंटीबायोटिक्स के साथ प्रयोग करने पर यह प्रोटीन स्टैफिलोकोकस ऑरियस और स्यूडोमोनस एरुगिनोसा बैक्टीरिया को मारने में दो से 32 गुना अधिक प्रभावी हो जाता है।

शोधकर्ताओं ने कहा कि स्टडी ने जीवाणु संक्रमण के इलाज के लिए सीपों से प्राप्त प्राकृतिक उत्पादों के संभावित उपयोग का समर्थन किया है। उन्होंने पाया कि प्रोटीन मानव कोशिकाओं के लिए विषाक्त नहीं है, जो दर्शाता है कि सीप के रक्त से सुरक्षित एंटीबायोटिक का अनुकूलन करना संभव होना चाहिए। रोगाणुरोधी प्रतिरोधी (एएमआर) सुपरबग, बैक्टीरिया, वायरस, कवक और परजीवी, जो अब उन्हें मारने के लिए डिजाइन किए गए एंटीबायोटिक दवाओं पर प्रतिक्रिया नहीं करते हैं, उन्हें वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक बड़े खतरे के रूप में पहचाना गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, एएमआर से प्रभावित संक्रमण का इलाज करना कठिन या असंभव हो सकता है, जिससे रोग फैलने, गंभीर बीमारी, विकलांगता और मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। अनुसंधान टीम ने पाया कि सीप प्रोटीन बायोफिल्म्स में जीवाणु रोगजनकों को मार सकता है, जीवों के समुदाय जो एक साथ रहते हैं, जिससे वे एंटीबायोटिक दवाओं और मानव प्रतिरक्षा प्रणाली से बच सकते हैं। एससीयू के विज्ञान और इंजीनियरिंग संकाय के सह-लेखक कर्स्टन बेनकेंडोर्फ ने कहा, सीप हेमोलिम्फ प्रोटीन बायोफिल्म निर्माण को रोकने और बायोफिल्म को बाधित करने के लिए पाया गया, इसलिए बैक्टीरिया कम खुराक पर एंटीबायोटिक एक्सपोजर के लिए उपलब्ध रहते हैं। उन्होंने कहा कि इस खोज से शोधकर्ताओं और जलीय कृषि एवं दवा उद्योगों को एक नया एंटीबायोटिक विकसित करने के लिए सहयोग करने का एक बड़ा अवसर मिला है।

# विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका के हटने का होगा बड़ा असर

**न्यूयॉर्क, (आईएएनएस)।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को घोषणा की कि वह विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका को अलग कर रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि पदभार संभालने के पहले ही दिन उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी के साथ अपने संबंध समाप्त कर लिए हैं। अमेरिका के हटने का संगठन पर व्यापक असर पड़ने की संभावना है।

ट्रंप लंबे समय से डब्ल्यूएचओ के आलोचक रहे हैं और उनका प्रशासन जुलाई 2020 में औपचारिक रूप से संगठन से हट गया था क्योंकि कोविड-19 महामारी फैल रही थी। कार्यकारी आदेश में अमेरिका के हटने के कारणों के रूप में चीन के वुहान में उत्पन्न कोविड-19 महामारी और अन्य वैश्विक स्वास्थ्य संकटों से संगठन द्वारा ठीक से न निपटना, तत्काल आवश्यक सुधारों को अपनाने में इसकी विफलता और डब्ल्यूएचओ के सदस्य देशों के अनुचित राजनीतिक प्रभाव से स्वतंत्रता प्रदर्शित करने में इसकी असमर्थता का हवाला दिया गया है। ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करते समय एक सहयोगी से कहा, यह बहुत बड़ी बात है। उन्होंने अपने 2020 के निर्णय की ओर इशारा किया और कहा कि उनका मानना है कि अमेरिका अन्य देशों की तुलना में संगठन को बहुत अधिक धनराशि दे रहा है। आदेश में यह भी कहा गया कि डब्ल्यूएचओ अमेरिका से अनुचित रूप से भारी भुगतान की मांग करना जारी रखता है। यह संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी की ट्रंप की लंबे समय से चली आ रही आलोचना के अनुरूप है। यह कदम अमेरिकी वैश्विक स्वास्थ्य नीति में एक नाटकीय बदलाव को चिह्नित करेगा और वाशिंगटन को महामारी से लड़ने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों से अलग कर देगा। ट्रंप ने संगठन के कई आलोचकों को सार्वजनिक स्वास्थ्य के शीर्ष पदों पर नामित किया है, जिनमें रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर भी शामिल हैं तथा स्वास्थ्य और मानव सेवा सचिव के पद के लिए उम्मीदवार हैं, जो कि सीडीएस और एफडीए सहित सभी प्रमुख अमेरिकी स्वास्थ्य एजेंसियों की देखरेख करता है। ट्रंप ने 2020 में डब्ल्यूएचओ से एक साल लंबी वापसी की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन छह महीने बाद उनके उत्तराधिकारी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस फैसले को पलट दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने तर्क दिया है कि एजेंसी कोविड-19 के शुरुआती प्रसार के लिए चीन को जवाबदेह ठहराने में विफल रही।

## वर्ग पहेली 6803

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. गुरु या आचार्य का वास स्थान जहां रहकर छात्र विद्याध्ययन करते हैं, प्राचीनकालीन विद्यापद्धति
३. दोष, ऐब, बुराई
५. विच्छेद
६. अंतिम सीमा
७. मन की हालत
८. अचानक, एकाएक (उर्दू)
१३. मेहनत
१५. कठिनाई, असुविधा(उर्दू)
१६. अंधकार में विचरण करने वाला
१७. जिनकी मृत्यु हो चुकी हो
१८. पैर, पद
२०. हुक्म की तामील करने वाला
२२. मुंह तक या पूरी तरह भरा हुआ (उर्दू)
२३. एक प्रकार का धार्मिक कृत्य जिसमें हिंदू मृतक के नाम तिल मिश्रित जल की अंजलि देते हैं

**ऊपर से नीचे:-**

१. जासूस, भेदिया
२. बुरा वक्त, बुरा समय
३. जड़मति, मूर्ख, नासमझ
४. फूलों का गुच्छा
५. देर, देरी
९. प्रलय (उर्दू)
१०. पहचान का
११. प्रथम, मूल, प्रधान, आरंभ
१२. बांटना
१४. कोई खास कार्य न करने या नियत तिथि पर उपस्थित होने का प्रतिज्ञा पत्र जिसका उल्लंघन करने पर प्रतिज्ञाकर्ता अर्थदंड स्वीकार करता है (उर्दू)
१७. कमल
१९. सूर्य से उत्पन्न, कर्ण
२०. पानी, जल (उर्दू)
२१. तरीका, प्रणाली

### वर्ग पहेली-6802

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ बु | द्धि | २ म | ता | ■ | ■ | ३ त | र | ४ स | ना |
| रा | ■ | नो | ■ | ५ कि | ता | ब | ■ | र | ■ |
| ६ भ | वा | नी | ■ | र | ■ | ७ दी | प | का | ल |
| ला | ■ | ८ त | ९ र | ण | ता | ल | ■ | र | ■ |
| ■ | १० वे | ■ | वा | ■ | ■ | ■ | ११ स्वा | ■ | १२ द |
| १३ अ | स | हा | य | ■ | १४ ट | ■ | १५ ति | मि | र |
| ■ | ब | ■ | १६ त | र | क | श | ■ | ■ | खा |
| १७ आ | ब | रू | ■ | ■ | सा | ■ | १८ स | १९ म | स्त |
| प | ■ | ■ | २० हि | मा | ल | २१ य | ■ | र्या | ■ |
| २२ स | म्मि | लि | त | ■ | ■ | २३ था | ने | दा | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**सवाल** *जम्मू-कश्मीर के बुद्धल में 17 रहस्यमयी मौतों पर उठ रहे सवाल*

# बड़ी साजिश की तरफ इशारा कर रही रहस्यमयी मौतों की घटना

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, (देशबन्धु)। राजौरी जिले के बुद्धल में 44 दिनों में हुई 17 मौतों के बाद कई सवाल पैदा हुए हैं। इसमें सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न यह है कि एक ही खानदान के तीन परिवारों के लोगों की जान क्यों जा रही है। यह सच है कि गांव के अन्य किसी परिवार के सदस्य इस तरह की घटना के शिकार क्यों नहीं हो रहे हैं।**

यह घटना एक बड़ी साजिश की तरफ इशारा कर रही है। पुलिस की विशेष जांच टीम लोगों से सवाल जवाब कर रही है, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल रहा है। इस मामले को संपत्ति और किसी महिला के चक्कर को भी जोड़ कर देखा जाने लगा है। फिलहाल जांच के बाद ही यह साफ हो पाएगी की इन मौतों के पीछे के कारण क्या हैं। चर्चा यह है कि अगर कोई जहर दे रहा है तो वह जहर कहां से ला रहा है और किसके कहने पर जहर दिया जा रहा है और खासकर बच्चों को। इस घटना से पूरे क्षेत्र में डर का माहौल बना हुआ है। अब देखना यह है कि पुलिस की विशेष जांच टीम कब तक इस मामले को हल करती है। जानकारी के लिए सात दिसम्बर 2024 को फजल हुसैन के साथ इसकी पत्नी व चार बच्चे बीमार हो गए। उस समय बताया गया कि फजल के घर में शादी थी। परिवार के सदस्यों ने कोई बचा हुआ खाना खाया, जिस कारण लोग बीमार हो गए। इस मामले में फजल हुसैन के साथ उसके चार बच्चों की मौत हो गई, जबकि उपचार के बाद पत्नी ठीक हो गई। इस घटना के ठीक पांच दिन बाद फजल के ही करीबी रिश्तेदार मुहम्मद रफीक के तीन बच्चे भी बीमार हो गए। उन्हें भी उल्टी, बुखार व बेहोशी की शिकायत हुई। उपचार के दौरान तीनों बच्चों ने दम तोड़ दिया। इसके बाद 23 दिसम्बर 2024 को मुहम्मद रफीक की पत्नी रजीम अख्तर बीमार हो गई और उसकी भी मौत हो गई। इसके बाद फिर यह मामला कुछ समय के लिए शांत हो गया। इस साल 12 जनवरी को एक बार फिर से मुहम्मद असलम के छह बच्चे बीमार हो गए। मुहम्मद असलम और फजल अहमद जीजा-साला लगते हैं। आठ दिन के अंदर ही मुहम्मद असलम के छह बच्चों की मौत हो गई। जबकि मुहम्मद असलम के मामा-मामी जो मुहम्मद रफीक के मासी-मौसा लगते थे, वे भी मारे गए। हालांकि कई जांच कमेटियां गठित किए जाने के उपरांत जल्द कुछ सुराग लगने की उम्मीद लगाई जा रही है। इस बीच इन मौतों का कारण आपसी रंजिश या गहरी साजिश से भी इन्कार नहीं किया जा रहा। पर सबसे बड़ा सवाल यह बना हुआ है कि इन पीड़ितों के शरीर में जहर पहुंचा कैसे। पुलिस की एसआईटी से लेकर अन्य एजेंसियां भी इसकी जांच कर रही हैं। स्वास्थ्य विभाग और देशभर से जुटे विशेषज्ञों की टीमें पहले ही साफ कर चुकी हैं कि इनके शरीर में किसी प्रकार के संक्रमण के लक्षण नहीं मिले हैं।




■ लोगों से सवाल-जवाब में जुटा विशेष जांच दल

# खेल जगत

## अगला खो खो विश्वकप बर्मिंघम में होगा : सुधांशु मित्तल

**नई दिल्ली।** भारतीय खो खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने सोमवार को कहा कि वर्ष 2027 में होने वाले अगले विश्वकप की मेजबानी इंग्लैंड का बर्मिंघम करेगा। खो खो विश्व कप के पहले संस्करण के सफल समापन के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री मित्तल ने अगले खो-खो विश्वकप की मजबानी करने वाले शहर के नाम की घोषणा की। श्री मित्तल ने कहा कि केकेडब्ल्यूसी 2025 एक बड़ी सफलता थी। हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अगला खो-खो विश्व कप 2026-2027 में इंग्लैंड के बर्मिंघम में आयोजित किया जाएगा। हमें यह देखकर बहुत खुशी होगी कि दूसरा संस्करण पहले संस्करण से बड़ा होगा और सभी उम्मीदों को पार करेगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय खो-खो महासंघ का अगला कांग्रेस सत्र भी 17 अप्रैल को होगा।



# जीत के साथ सीरीज में आगाज करने उतरेगा भारत, सूर्या होंगे टीम के कप्तान

## सभी की निगाहें भारत के कप्तान सूर्य व इंग्लैंड के कप्तान बटलर पर

❍ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 21 जनवरी (देशबन्धु)। भारत के बीते बरस के अधबीच इंग्लैंड को वेस्टइंडीज में आईसीसी टी 20 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में 68 रन से

- **चोट के बाद वापसी करने वाले शमी के लिए लय पाने के लिए सीरीज खासी अहम**
- **ईडन गार्डन की पिच पर बल्ले से रन बरसते दिख सकते हैं।**

हराने वाली टीम के कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा जैसे धुरंधर अब क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट को अलविदा कह चुके हैं। भारत अब नए कप्तान सूर्य कुमार यादव और नए चीफ कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की सीरीज के पहले मैच में ईडन गार्डन, कोलकाता में बुधवार को खेलने उतरेगा। एक संयोग है कि भारत के चीफ कोच गंभीर और इंग्लैंड के तीनों फॉर्मेट के चीफ कोच की जिम्मेदारी संभाल रहे न्यूजीलैंड के ब्रैंडन कोलकाता में आईपीएल में केकेआर के लिए बतौर क्रिकेट खेलने के साथ उसके चीफ कोच की भी जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। वहीं भारत के नए कप्तान सूर्य कुमार यादव ने अपने आईपीएल क्रिकेट करियर का आगाज केकेआर के लिए कोलकाता में खेल कर किया था। ऐसे में कप्तान सूर्य कुमार यादव और नए चीफ कोच कोलकाता के ईडन गार्डन की पिच के मिजाज से वाकिफ हैं। भारत ने अपने रोहित, विराट और रवींद्र जडेजा जैसे धुरंधरों के टी 20 विश्व कप जीतने के बाद टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद से 11 टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पहले बल्लेबाजी करते हुए सात बार 200 से ज्यादा रन बनाए हैं और इनमें एक बार 297 और 283 रन यानी 300 रन के करीब भी पहुंचा है। मतलब साफ है कि भारत के बल्लेबाज एक छोर से विकेट गिरने के बाद भी थमे नही उन्होंने दूसरे छोर से दे दनादन जारी रखा है। सभी की नजरें इस टी 20 सीरीज में भारत के कप्तान सूर्य कुमार यादव और इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर के बल्ले से बरसने वाले रनों पर रहेगी।

2023 के वनडे विश्व कप फाइनल के बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के लिए लय पाने के लिए यह टी 20 सीरीज खासी अहम रहेगी। सूर्य कुमार यादव की अगुआई में भारत की कोशिश दे दनादन अंदाज में बल्लेबाजी कर अपने लचीले मध्यक्रम की बदौलत इंग्लैंड के खिलाफ जीत के साथ आगाज करने पर होगी। ईडन गार्डन ,कोलकाता की पिच पर बल्ले से रन बरसते दिख सकते हैं। संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और नीतीश कुमार रेड्डी की निगाहें इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में जगह न पाने पर इस पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज में बल्ले से दमदार प्रदर्शन कर भविष्य के लिए चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने की होगी।



### हार्दिक हमारे लीडरशिप ग्रुप का हिस्सा हैं : सूर्यकुमार

**कोलकाता।** भारत और इंग्लैंड के बीच बुधवार को होने वाले पहले टी20 की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सूर्यकुमार यादव ने मज़ाकिया अंदाज में भविष्यवाणी करते हुए कहा कि वह रिंकू सिंह को तो इस ग्राउंड पर ढेर सारे छक्के मारते हुए देख रहे हैं क्योंकि कोलकाता उनका होम ग्राउंड है और उन्होंने यहां पर काफ़ी मैच खेले हैं। भारत ने रविवार (19 जनवरी) को इंग्लैंड के साथ होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज़ के पहले मैच का अभ्यास शुरू किया था। इस अभ्यास की पहली झलक ही मोहम्मद शमी की गेंदबाज़ी के साथ शुरू हुई थी, जहां उन्होंने खूब पसीना बहाया था।

## जय शाह ने ओलंपिक में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए आईओसी अध्यक्ष से मुलाकात की

**मुंबई,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। क्रिकेट के 2028 में लॉस एंजेलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल होने के साथ, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने इस कदम को आगे बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक से मुलाकात की। जय शाह ने हाल ही में आईसीसी अध्यक्ष का पदभार संभाला है, जबकि बाक इस साल के अंत में होने वाले चुनावों से पहले आईओसी अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के अंतिम चरण में हैं। लेकिन स्विट्जरलैंड के लुसाने में उनकी मुलाकात दोनों संगठनों के बीच मौजूदा सहयोग को एलए28 और उससे आगे तक ले जाएगी। आईसीसी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक स्टोरी में कहा कि इस सप्ताह स्विट्जरलैंड के लुसाने में जय शाह द्वारा आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक से मुलाकात के साथ, एलए28 और उससे आगे भी क्रिकेट को ओलंपिक खेल के रूप में शामिल करने के लिए गति का निर्माण जारी है। मुंबई में 141वें आईओसी सत्र के दौरान फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस, स्क्वैश और बेसबॉल/सॉफ्टबॉल के साथ क्रिकेट को एलए28 खेल कार्यक्रम में शामिल किया गया था। क्रिकेट पहले से ही दो अन्य बहु-खेल आयोजनों, राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों का हिस्सा है। 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में इसे महिलाओं के लिए टी20 प्रारूप में और 2023 में हांगझोउ में आयोजित एशियाई खेलों में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए आयोजित किया गया था। ओलंपिक खेलों का हिस्सा बनने से यह आगे बढ़ेगा।

## राष्ट्रीय खेलों में यूपी भेजेगा 340 खिलाड़ियों का दल



**लखनऊ,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड में 28 जनवरी से शुरू होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्तर प्रदेश 340 खिलाड़ियों समेत 434 सदस्यीय दल भेजेगा। 14 फरवरी तक चलने वाले इस आयोजन में यूपी के खिलाड़ी इस बार 31 खेलों में अपना दम खम दिखाएंगे। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि खिलाड़ियों में 195 पुरुष एवं 145 महिला खिलाड़ी हैं। राष्ट्रीय खेलों के लिए यूपी हाकी के उपाध्यक्ष एके त्रिपाठी को टीम का मुख्य दलनायक (चीफ डि मिशन) नियुक्त किया गया है जबकि सुधीर शर्मा (सचिव, उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन), डा.सुधर्मा सिंह (सचिव, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन) और विनय सिंह (कोषाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन) को उपदलनायक (डिप्टी चीफ डि मिशन) के तौर पर नियुक्त किया गया है। इसके अलावा कंटिजेंट असिस्टेंट की भूमिका में एसके तिवारी व मो.तौहीद होंगे। प्रदेश के खेल निदेशक डा.आरपी सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खेल में प्रतिभाग करने वाले उत्तर प्रदेश के दल के सभी सदस्यों को ट्रेन का थ्री टीयर का किराया और किट दी जा रही है। इसके साथ इन खेलों में उत्तर प्रदेश के पदक विजेताओं को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसमें व्यक्तिगत खेलों में स्वर्ण विजेता को छह लाख रुपए, रजत विजेता को चार लाख रुपए व कांस्य पदक विजेता को दो लाख रुपए का नगद पुरस्कार मिलेगा। वहीं टीम इवेंट में पदक विजेता टीम के प्रत्येक सदस्यों में स्वर्ण विजेता को दो लाख रुपए, रजत विजेता को एक लाख रुपए व कांस्य पदक विजेता को 50 हजार रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

**14 फरवरी तक चलने वाले इस आयोजन में यूपी के खिलाड़ी इस बार 31 खेलों में अपना दम खम दिखाएंगे**

## पीवी सिंधु, चिराग-सात्विक लक्ष्य करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

**नई दिल्ली,** 20 जनवरी (एजेंसियां)। ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन जकार्ता में मंगलवार से शुरू होने वाले इंडोनेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। महिला एकल विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज पीवी सिंधु अपने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में वियतनाम की दुनिया की 32वें नंबर की खिलाड़ी गुयेन थ्यू लिन्ह से भिड़ेंगी। इसी के साथ महिला एकल वर्ग में आकर्षी कश्यप, अनुपमा उपाध्याय और रक्षिता रामराज भी एक्शन में नजर आएंगी। लक्ष्य सेन अपने राउंड ऑफ 32 में जापान के ताकुमा ओबायाशी का सामना करेंगे। प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज भी इंडोनेशिया मास्टर्स 2025 में पुरुष एकल में अपनी दावेदारी पेश करेंगे। पुरुष युगल स्पर्धा में, चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी भारत की एकमात्र और सबसे बड़ी उम्मीद होगी। चिराग-सात्विक की जोड़ी अपने राउंड ऑफ 32 मैच में चीनी ताइपे के चेन झी-रे और लिन यू-चीह से भिड़ेगी।

- **लक्ष्य सेन अपने राउंड ऑफ 32 में जापान के ताकुमा ओबायाशी का सामना करेंगे**


इंडोनेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट

## भारतीय आतिथ्य से मंत्रमुग्ध हुए अंतरराष्ट्रीय खो-खो सितारे

**नई दिल्ली,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। नई दिल्ली में खो-खो विश्व कप का उद्घाटन संस्करण पुरुष और महिला दोनों भारतीय टीमों द्वारा ट्रॉफी उठाने के साथ समाप्त हो गया। हालांकि, इस यादगार टूर्नामेंट ने पूरे देश को मंत्रमुग्ध कर दिया और वैश्विक दर्शकों की कल्पनाओं पर कब्जा कर लिया, लेकिन कई लोगों के लिए अविस्मरणीय यादें छोड़ गया। टूर्नामेंट की शुरुआत छह महाद्वीपों से 23 प्रतिभागी देशों का स्वागत करते हुए एक जीवंत सांस्कृतिक उत्सव के साथ हुई। एक अविस्मरणीय उद्घाटन समारोह जिसमें भारतीय आतिथ्य की असाधारण प्रकृति को उजागर किया गया, जिसमें आकर्षक संगीत और नृत्य प्रदर्शन शामिल थे, ने प्रतियोगिता की शुरुआत की और खेल की रोमांचक प्रकृति ने दर्शकों को अपनी सीटों से चिपकाए रखा। ईरान के आमिर घियासी ने भारत में अपने अनुभवों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हम पहली बार भारत आए थे और हमने बहुत अच्छा समय बिताया। भारतीय आतिथ्य बहुत अच्छा था। जब हम पहली बार यहां पहुंचे, तो हमें हर तरह की सुविधा दी गई। जिस होटल में हम ठहरे और जो खाना हमें मिला, वह हमारे लिए खास तौर पर बनाया गया था, इसलिए हमें कोई परेशानी नहीं हुई। यह पहली बार था जब हमने भारतीय संस्कृति को देखा और हमने सांस्कृतिक समारोहों का वास्तव में आनंद लिया। यह अद्भुत था।न्यूजीलैंड की महिला टीम का हिस्सा रहीं मूल भारतीय अमनदीप कौर ने आगे कहा कि हमने इसका पूरा आनंद लिया। मुख्य बात यह थी कि हमने कभी नहीं सोचा था कि प्रतियोगिता इतनी कठिन होगी। इसलिए अब हम अगले स्तर की तैयारी के लिए उत्साहित हैं। भारतीय खो खो महासंघ (केकेएफआई) और अंतर्राष्ट्रीय खो खो महासंघ (आईकेकेएफ) के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल, केकेएफआई महासचिव एमएस त्यागी और आईकेकेएफ महासचिव रोहित हल्दानिया के नेतृत्व में टूर्नामेंट के आयोजकों ने यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी ली कि यात्रा करने वाले देशों को उनकी मूल आवश्यकताओं के अनुसार सभी सुविधाएं प्रदान की जाएं। यह कठिन कार्य बहुत ही सफलता के साथ पूरा हुआ, क्योंकि विदेशी सितारों ने उपलब्ध सुविधाओं की प्रशंसा की।अमनदीप ने कहा कि भारत में सभी को यहां का माहौल बहुत पसंद आया, यहां तक कि अन्य टीमों के खिलाड़ियों को भी। भारत द्वारा अन्य देशों को दिया गया आतिथ्य बिल्कुल अदभुत था। पूरी दुनिया को एक ही छत के नीचे देखना बहुत अच्छा लगता है। अगर कोई समस्या होती है, तो हमें तुरंत सहायता मिलती है। डॉक्टर और फिजियो उपलब्ध हैं, और खिलाड़ियों द्वारा आवश्यक किसी भी खाद्य या पेय पदार्थ को तुरंत संभाला जाता है। भारत इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाला सबसे अच्छा देश है। अंतरराष्ट्रीय खो खो खिलाड़ी भी भारत के सांस्कृतिक माहौल में रमने में सक्षम थे, उन्हें आगरा में ताजमहल देखने का मौका मिला।



**यह पहली बार था जब हमने भारतीय संस्कृति को देखा और हमने सांस्कृतिक समारोहों का वास्तव में आनंद लिया : अमनदीप कौर**

## विश्व विजेता गुकेश नॉर्वे शतरंज 2025 में नाकामुरा से भिड़ेंगे

**स्टावेंजर (नॉर्वे),** 21 जनवरी (एजेंसियां)। नॉर्वे शतरंज, जिसे पहले ही फिडे रैंकिंग में शीर्ष-10 में से पांच से पुष्टि मिल चुकी है, ने मंगलवार को घोषणा की कि विश्व प्रसिद्ध अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा, जो वर्तमान में विश्व में तीसरे स्थान पर हैं, नॉर्वे शतरंज 2025 में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह नाकामुरा का नॉर्वे शतरंज में सातवां मौका होगा, जहां उनके रोमांचक खेल और प्रतिस्पर्धी भावना ने उन्हें प्रशंसकों के बीच पसंदीदा बना दिया है। इस साल के आयोजन में कड़ी टक्कर होने की उम्मीद है क्योंकि सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश डोमाराजू दुनिया के शीर्ष तीन खिलाड़ियों से भिड़ेंगे। रोमांच को और बढ़ाते हुए, भारत के नंबर 1 अर्जुन एरिगैसी और चीन के नंबर 1 वेई यी नॉर्वे शतरंज में अपना डेब्यू करेंगे। 26 मई से 6 जून, 2025 तक नॉर्वे के स्टावेंजर में आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन, विश्व नंबर 2 फैबियानो कारुआना, विश्व नंबर 3 हिकारू नाकामुरा, विश्व नंबर 4 अर्जुन एरिगैसी, विश्व नंबर 5 गुकेश डी, विश्व नंबर 9 वेई यी शामिल होंगे।



## बोपन्ना, झांग मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में हारे

**मेलबर्न,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय स्टार रोहन बोपन्ना और उनकी मिश्रित युगल जोड़ीदार चीन की झांग शुआई मंगलवार को क्वार्टर फाइनल में स्थानीय जोड़ी ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स से हारकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर हो गए। इंडो-चीनी जोड़ी को किआ एरिना में एक घंटे और आठ मिनट के संघर्ष में ऑस्ट्रेलियाई वाइल्ड कार्ड के हाथों 6-2, 4-6, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। उनकी हार से सीजन के पहले मेजर में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया। बोपन्ना और शुआई ने दूसरे दौर में चौथी वरीयता प्राप्त यूएसए के टेलर टाउनसेंड और मोनाको के ह्यूगो निस के खिलाफ वॉकओवर मिलने से क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। इंडो-चीनी जोड़ी ने पहला सेट अपने नाम किया, लेकिन उनके ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी दूसरे सेट में वापसी करने में सफल रहे, जिसके बाद परिणाम तय करने के लिए सुपर टाई-ब्रेक हुआ। बोपन्ना और झांग के बीच कड़ी टक्कर हुई, लेकिन आखिरकार सुपर टाई-ब्रेकर में वे पिछड़ गए। बोपन्ना की सर्विस जल्दी गंवाने के बाद, उन्होंने बराबरी करने की बहुत कोशिश की, लेकिन 9-8 के स्कोर पर वे मैच प्वाइंट का फायदा नहीं उठा पाए। झांग का रिटर्न वाइड होने पर ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने मौके का फायदा उठाया और जीत पक्की कर ली। गौरतलब है कि भारतीय खिलाड़ी 2023 में सानिया मिर्जा के साथ मिक्स्ड डबल्स के फाइनल में पहुंचे थे। बोपन्ना कोलंबियाई जोड़ीदार निकोलस बैरिएंटोस के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष युगल स्पर्धा का भी हिस्सा थे। हालांकि, इंडो-कोलंबियाई जोड़ी शुरुआती दौर में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज और जैम मुनार से 7-5, 7-6(5) से हार गई।




## गोरान इवानसेविच ने रिबाकिना के कोच पद से इस्तीफा दिया

**मेलबर्न,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। गोरान इवानसेविच ने एलेना रिबाकिना के ऑस्ट्रेलियाई ओपन से चौथे दौर में बाहर होने के बाद उनके कोच पद से इस्तीफा दे दिया है, जिसकी घोषणा मंगलवार को की गई। 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन की फाइनलिस्ट नंबर 6 सीड रिबाकिना को सोमवार को सीजन के पहले मेजर के चौथे दौर में अमेरिका की नंबर 19 सीड मैडिसन कीज के हाथों 3-6, 6-1, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। सोशल मीडिया पर एक बयान में इवानसेविच ने भूमिका से अपने इस्तीफे की पुष्टि की। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, ऑस्ट्रेलियन ओपन के साथ समाप्त हुए हमारे ट्रायल पीरियड के बाद, मैं एलेना और उनकी टीम को आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं देता हूं। रिबाकिना से पहले, इवानसेविच हाल ही में सर्बियाई महान नोवाक जोकोविच को कोचिंग दे रहे थे। मार्च 2024 में दोनों अलग हो गए, उन्होंने छह सीजन एक साथ बिताए जिसमें जोकोविच ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते।

# जोकोविच ने अल्काराज को हराया, 12वीं बार सेमीफाइनल में

**मेलबर्न,** 21 जनवरी (एजेंसियां)। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने मंगलवार को मास्टर क्लास प्रदर्शन करते हुए कार्लोस अल्काराज को चार सेटों में 4-6, 6-4, 6-3, 6-4 से हराकर 12वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली। हवादार परिस्थितियों में, अल्काराज ने पहले सेट में जोकोविच को मात देने के लिए ड्रॉप शॉट का बेहतरीन इस्तेमाल किया, जिन्हें पहले सेट में 4-5 पर ऊपरी बाएं पैर की समस्या के लिए मेडिकल टाइमआउट मिला था। अलकाराज ने ओपन (13-3) में सातवें वरीय खिलाड़ी की तुलना में 10 ज्यादा विनर लगाए, जबकि उन्होंने जोकोविच की बाधित चाल और बढ़त का फ़ायदा उठाने के लिए अपने टच का इस्तेमाल किया। हालांकि, दूसरे सेट में जोकोविच ने बेसलाइन से अपनी आक्रामकता बढ़ाई और पैर जमाए। उन्होंने अपनी शारीरिक समस्याओं का समाधान करने के लिए रैलियां को लंबाई कम की और सेट के अपने 11वें



## बैडोसा ने गॉफ को हराकर पहली बार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई

**मेलबर्न।** पूर्व विश्व नंबर 2 पाउला बैडोसा ने मंगलवार को क्वार्टर फाइनल में विश्व नंबर 3 कोको गॉफ को 7-5, 6-4 से हराकर पहली बार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई। 27 वर्षीय बैडोसा, जो पिछले वर्ष करियर को खतरे में डालने वाली पीठ की चोट के बाद 2024 की कमबैक प्लेयर ऑफ द ईयर थीं, इससे पहले अपने करियर में प्रमुख क्वार्टर फाइनल में 0-2 से पिछड़ चुकी थीं। उन्होंने रॉड लेवर एरिना के अंदर 1 घंटे और 43 मिनट में गॉफ को 2025 की पहली हार दी। बैडोसा ने मैच के बाद कहा कि आज मैं खेलने उतरी, और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ खेल खेलना चाहती थी, और मुझे लगता है कि मैंने ऐसा किया। कोको, शुरुआत में, वह अजीब सी टेनिस खेल रही थी, लेकिन आज मैंने जो प्रदर्शन किया, उस पर मुझे बहुत गर्व है। उन्होंने कहा कि एक साल पहले, मैं अपनी पीठ की चोट के साथ यहां थी, मुझे नहीं पता था कि मुझे इस खेल से संन्यास लेना है या नहीं, और अब मैं यहां हूं, दुनिया में सर्वश्रेष्ठ खेल रही हूं। मैंने आज जीत हासिल की। विनर के साथ मैच को बराबर कर दिया। सातवें वरीय खिलाड़ी ने तीसरे सेट में भी आक्रामक रुख अपनाया और जब उन्होंने सक्रिय रूप से खेला तो ज्यादातर रैलियों को नियंत्रित किया। उन्होंने स्पेन के खिलाड़ी के सर्विस करने के दौरान अलकाराज की गलतियों का भी फ़ायदा उठाया और दबाव के क्षणों में अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलकर आगे बढ़ गए। जोकोविच, जिन्हें इस सीज़न के पहले मेजर में एंडी मरे द्वारा कोचिंग दी जा रही है।

## ज्वेरेव ने बेकर को पीछे छोड़ा, सेमीफाइनल में पहुंचे

**मेलबर्न।** जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मंगलवार को टॉमी पॉल के विरुद्ध नाटकीय 7-6(1), 7-6(0), 2-6, 6-1 की जीत के साथ अपने तीसरे ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में प्रवेश किया।एटीपी रैंकिंग में नंबर 2 ने पहले दो सेटों में से प्रत्येक में एक सेट पॉइंट बचाया और रॉड लेवर एरिना में पॉल के दोनों सेटों को सर्व करने के प्रयास को विफल कर दिया। अमेरिकी खिलाड़ी द्वारा तीसरे सेट में फिर से वापसी करने के बाद, ज्वेरेव ने अपने शुरुआती बचावों को चौथे सेट में प्रभावशाली तरीके से भुनाया। अपने नौवें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद, जर्मन खिलाड़ी को कार्लोस अल्काराज और नोवाक जोकोविच के बीच शाम को होने वाले मुकाबले के विजेता का इंतजार है। दोनों पुरुष सेमीफाइनल शुक्रवार को खेले जाएंगे, जिससे ज्वेरेव और उनके प्रतिद्वंद्वी दोनों को दो दिन का आराम मिलेगा। ज्वेरेव ने पॉल के साथ तीन लेक्सस एटीपी हेड-हेड मुकाबलों में अपनी पहली जीत हासिल की, क्योंकि उन्होंने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दबदबा बनाया।

## सार संक्षेप

### ओडिशा एफसी के खिलाफ घर पर जीतना चाहेगी बेंगलुरु एफसी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एफसी बुधवार को शाम 7:30 बजे अपने घरेलू मैदान श्री कांतीरवा स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में ओडिशा एफसी की मेजबानी करेगी, तो ब्लूज़ का लक्ष्य ओडिशा एफसी पर लीग डबल करना होगा, क्योंकि उन्होंने 1 दिसंबर, 2024 को दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला 4-2 से जीता था। ओडिशा एफसी 16 मैचों में पांच जीत, छह ड्रा और पांच हार से 21 अंक लेकर तालिका में सातवें स्थान पर है। बेंगलुरु एफसी 16 मैचों में आठ जीत, चार ड्रॉ और चार हार से 28 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। जगरनॉट्स और ब्लूज़ ने अपने पिछले पांच मैचों में एक-एक जीता है और दो-दो ड्रा खेले हैं।बेंगलुरु एफसी ने अपने पिछले तीन मुकाबलों में तीन गोल किए हैं लेकिन चार गोल खाए भी हैं, लिहाजा उसने केवल एक अंक हासिल किया है। वहीं, 31 गोल के साथ ओडिशा एफसी लीग के संयुक्त शीर्ष स्कोरर है, डिएगो मौरिसियो (7), जैरी माविहमिंगथांगा (4), और मुर्तदा फॉल (4) उसके लिए प्रमुख स्कोरर रहे हैं।

### सूरमा हॉकी क्लब ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को 5-1 से जीत

**रांची।** जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने सोमवार को महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में दिल्ली एसजी पाइपर्स को 5-1 से हराया। आज यहां रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में सूरमा हॉकी क्लब के लिए चार्लोट एंगलबर्ट ने (छठें) मिनट में और सोनम ने (नौवें और 10वें) मिनट में गोल दाग कर अपनी टीम को शानदार बढ़त दिलाई। जिसे तीसरे क्वार्टर में चार्लोट स्टेपेनहोर्स्ट ने (36वें) मिनट में गोलकर ,4-0 कर दिया। इसके दो मिनट बाद ही दिल्ली एसजी पाइपर्स की ओर से संगीता कुमारी ने (38वें) मिनट में गोल कर स्कोर को 4-1 कर दिया। इसके बाद पेनी स्क्विब ने (60वें) आखिरी मिनट में गोल करके सूरमा के लिए पांचवां गोल कर अपनी टीम को 5-1 से जीत दिला दी।

### आदित्य के गोल से वायुसेना पर गढ़वाल की शानदार जीत

**नई दिल्ली।** डीएसए प्रीमियर लीग में मंगलवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में गढ़वाल हीरोज फुटबाल क्लब ने भारतीय वायु सेना को 3-2 से परास्त किया।

## सुडोकू 6803 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 2 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 2 | 6 | 1 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 | 6 | 2 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 | 3 |
| 7 | 3 | 8 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 1 |
| 4 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 | 7 | 9 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 |

# अर्थ जगत

## सोने को लगे पंख, चांदी में भी तेजी

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में मंगलवार सुबह तेजी देखने को मिल रही है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर 5 फरवरी 2025 की डिलीवरी वाला सोना 0.52 फीसदी या 409 रुपये की तेजी के साथ 78,953 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखाई दिया। चांदी की कीमतों में भी मंगलवार सुबह तेजी देखने को मिली। एमसीएक्स एक्सचेंज पर शुरुआती कारोबार में 5 मार्च 2025 की डिलीवरी वाली चांदी 0.71 फीसदी या 649 रुपये की बढ़त के साथ 92,091 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखाई दी।



## ट्रंप के आते ही शेयर बाजार में कोहराम, सेंसेक्स 1235 अंक टूटा

### निवेशकों के आज 7 लाख करोड़ डूबे, निफ्टी 320 अंक लुढ़का

***मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए मंगलवार का दिन अमंगल साबित हुआ। बाजार में आज चौतरफा बड़ी गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 1235.08 अंक टूटकर 75,838.36 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई निफ्टी भी 320.10 अंक गिरकर 23,024.65 अंक पर बंद हुआ। सेसेक्स में शामिल 30 में से सिर्फ 4 शेयर ही हरे निशान में रहे।*

26 में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। आखिर डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनते ही बाजार में इतनी बड़ी गिरावट क्यों आई? आपको बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति का पद संभलाते ही पड़ोसी देशों पर व्यापार शुल्क लगाने की घोषणा की है। इससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। इसके चलते दुनिया समेत भारतीय बाजार में आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। भारतीय शेयर बाजार में भारी बिकवाली से आज निवेशकों की 7.1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति स्वाहा हो गई, क्योंकि बीएसई-सूचीबद्ध फर्मों का कुल बाजार पूंजीकरण पिछले सत्र के 431.6 लाख करोड़ रुपये से घटकर लगभग 424.5 लाख करोड़ रुपये रह गया।

**बाजार में अभी गिरावट की आशंका**

मानना है कि, जब तक बाजार 23, 100/76000 से



नीचे कारोबार करेगा, तब तक कमजोरी बनी रहेग। नीचे की ओर, बाजार 22,900/75500 तक गिर सकता है। आगे भी कमजोरी जारी रहने की संभावना है, जो बाजार को 22850/75300 तक खींच सकती है। हालांकि, 23100/76000 से ऊपर, बाजार वापस उछल सकता है, और 23,250-23,300/76400-76500 की ओर बढ़ सकता है। वर्तमान बाजार की बनावट अस्थिर है।

## गिरावट के कारण

### डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीति को लेकर अनिश्चितता

ट्रंप ने राष्ट्रपति का पद संभालते ही कई घोषणाएं कीं, जिनमें कनाडा और मैक्सिको पर टैरिफ लगाना भी शामिल है। ट्रंप ने भारत समेत कई देशों पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी दी है। उनकी विजा नीतियों का असर भारतीय तकनीकी क्षेत्र पर भी पड़ सकता है।

**केंद्रीय बजट 2025 से पहले सर्तक रुख** -वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार, 1 फरवरी को बजट पेश करेंगी। ट्रंप के बाद अब निवेशकों की नजर बजट पर है। इस बार उम्मीदें बहुत ज़्यादा हैं कि सरकार खपत को बढ़ावा देने, ग्रामीण क्षेत्र को मज़बूत करने और विनिर्माण और बुनियादी ढांचे को समर्थन देने के उपायों की घोषणा करेगी, साथ ही राजकोषीय घाटे को बढ़ने नहीं देगी। इसका असर भी बाजार पर हुआ।

**विदेशी निवेशकों की बिकवाली** -अमेरिकी डॉलर में मजबूती और बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा लगातार भारतीय बाजार से पैसा निकाला जा रहा है। यह हाल के महीनों में भारतीय शेयर बाजार में गिरावट का एक प्रमुख कारण है। 2 जनवरी को छोड़कर, एफपीआई जनवरी में हर दिन भारतीय इक्विटी बेच रहे हैं, 20 जनवरी तक उन्होंने लगभग ?51,000 करोड़ की बिकवाली की है।

**तीसरी तिमाही में कमजोर नतीजे** -कंपनियों की पहली और दूसरी तिमाही की आय में कमी के बाद, दिसंबर तिमाही की आय में भी अब तक कोई खास सुधार नहीं हुआ है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में मिश्रित रुझान देखने को मिले हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि आय के मोर्चे पर निराशा के कारण बाजार की धारणा कमजोर बनी हुई है। यह भी बाजार को नीचे धकेल रहा है।

## 5 साल में 27 प्रतिशत गिरी हीरे की कीमत

### सोने में 84 प्रतिशत का उछाल

***नई दिल्ली।** हीरा अपनी अद्वितीय चमक, कठोरता और दुर्लभता के लिए जाना जाता है। इसका उपयोग मुख्य रूप से आभूषणों और रत्नों के रूप में किया जाता है। इसकी खूबसूरती और दुर्लभता के कारण ही इसकी कीमत बेहद ऊंची होती है लेकिन हाल के वर्षों में हीरे की कीमतों में तेजी से गिरावट आई है। पिछले पांच सालों में हीरे की कीमत में 27 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है, जो इसे 25 साल के न्यूनतम स्तर पर ले आई है। वहीं, सोने की कीमत में 84 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह ऐतिहासिक ऊंचाई पर बना हुआ है।*

2022 से अब तक हीरे की कीमत में 46 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। इसके पीछे कई कारण हैं, जिनमें लैब-ग्रोन डायमंड्स की बढ़ती लोकप्रियता, महंगाई, और आर्थिक मंदी शामिल हैं। आइए, जानते हैं कि क्यों हीरे की कीमतें गिर रही हैं और लोग क्यों इनसे दूर हो रहे हैं। हीरे की कीमत में गिरावट की सबसे बड़ी वजह लैब-ग्रोन डायमंड्स की बढ़ती लोकप्रियता है। असली हीरे जैसा दिखने वाला यह हीरा कीमत के मामले में रियल डायमंड के 10 प्रतिशत के बराबर भी नहीं है। अगर कोई असली हीरा 10 लाख में मिल रहा है तो लैब-ग्रोन डायमंड्स महज 40 से 60 हजार रुपए में मिल जाता है। साथ ही इसके चोरी होने या खो जाने पर ज्यादा नुकसान नहीं होता है। यह वजह है कि लोग अब असली हीरे से परहेज कर रहे हैं



और लैब ग्रोन हीरों के पसंद कर रहे हैं। लैब ग्रोन डायमंड को लैबोरेटरी में बनाया जाता है। ये 1 से 4 सप्ताह में तैयार हो जाते हैं। इनकी बनावट, चमक, कलर, कटिंग, डिजाइन एकदम प्राकृतिक हीरे जैसी होती है और इसकी बिक्री भी बाकायदा सर्टिफिकेट के साथ की जाती है।

**हीरे से परहेज क्यों**- साथ ही महंगाई बढ़ने से लोग हीरे जैसे लग्जरी आइटम्स से परहेज कर रहे हैं। चीन के लग्जरी मार्केट का संकट भी हीरे पर भारी पड़ रहा है। इसके अलावा हीरे की रीसेल वैल्यू भी कम होती है। इसके अलावा कई देशों में महंगाई और आर्थिक मंदी के कारण हीरे की मांग में भारी कमी आई है। साथ ही कई देशों में तनाव के कारण लोग निवेश के लिए हीरे की जगह सोना चुन रहे हैं। सोने की कीमत में पिछले पांच साल में 84 फीसदी का इजाफा हुआ है। पिछले साल कई मौकों पर यह ऑल-टाइम हाई पर पहुंचा था।

## सरकार ने 10 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दी



***नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सितंबर में समाप्त होने वाले 2024-25 सत्र के लिए 10 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति दी है. इसका उद्देश्य घरेलू कीमतों को स्थिर करना और चीनी उद्योग को समर्थन प्रदान करना है.*

खाद्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सोशल मीडिया पर इस निर्णय की घोषणा करते हुए कहा कि इस उपाय से पांच करोड़ किसान परिवारों और 5,00,000 श्रमिकों को लाभ होगा और साथ ही चीनी क्षेत्र को मजबूती मिलेगी.जोशी ने कहा कि इससे चीनी मिलों की नकदी की स्थिति सुधरेगी, गन्ने के बकाये का समय पर भुगतान सुनिश्चित होगा, साथ ही उपभोक्ताओं के लिए उपलब्धता और कीमतों में संतुलन कायम होगा.खाद्य मंत्रालय के आदेश में आवंटित मात्रा के भीतर सभी ग्रेड की चीनी के निर्यात की अनुमति है.

वर्ष 2024-25 में उत्पादन शुरू करने वाली नई मिलों और बंद होने के बाद फिर से परिचालन शुरू करने वाली मिलों को भी निर्यात कोटा मिला है.चीनी मिलें 30 सितंबर तक सीधे या व्यापारिक निर्यातकों के माध्यम से निर्यात कर सकती हैं. उनके पास 31 मार्च तक कोटा छोड़ने (सरेंडर करने) या परिवहन लागत कम करने के लिए घरेलू कोटा के साथ उनका आदान-प्रदान करने का विकल्प है.यह नीति, चीनी मिलों को खाद्य मंत्रालय की मंजूरी के अधीन आपसी समझौतों के माध्यम से घरेलू मासिक रिलीज मात्रा के साथ निर्यात कोटा अदला-बदली करने की अनुमति देती है.अग्रिम प्राधिकरण योजना के तहत चीनी निर्यात मौजूदा प्रावधानों के तहत जारी रहेगा. यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब स्थानीय चीनी की कीमतें 18 महीने के निचले स्तर पर आ गई हैं, जिससे मिलों के मार्जिन पर दबाव पड़ रहा है. भारत का चीनी उत्पादन वर्ष 2024-25 में पिछले साल के 3.2 करोड़ टन से घटकर 2.7 करोड़ टन रहने का अनुमान है।

## बजट सत्र 31 जनवरी से 4 अप्रैल तक चलेगा वित्तमंत्री 1 फरवरी को पेश करेंगी बजट

***नई दिल्ली।** इस बजट सत्र में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को बजट पेश करेंगी। ये बजट सत्र काफी खास होने वाला है जिसमें निर्मला सीतारमण अपना आठवां बजट पेश करेंगी। इस वर्ष बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक से होगी।*

देश की संसद में कुछ ही दिनों में बजट सत्र की शुरुआत होने वाली है। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होने वाला है। इसका समापन 4 अप्रैल को होगा। इस बजट सत्र में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे। इस वर्ष बजट सत्र 31 जनवरी से 4 अप्रैल तक चलने वाला है। इस बजट सत्र में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को बजट पेश करेंगी। ये बजट सत्र काफी खास होने वाला है जिसमें निर्मला सीतारमण अपना आठवां बजट पेश करेंगी। इस वर्ष बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक से होगी। इस बजट सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी, जिसके बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। बजट सत्र के पहले भाग में 31 जनवरी से 13 फरवरी तक नौ बैठकें होंगी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देंगे। बजट सत्र और सीतारमण बजट पर चर्चा का जवाब देंगी। इसके बाद संसद बजट प्रस्तावों की जांच के लिए अवकाश ले लेगी और विभिन्न मंत्रालयों की अनुदान मांगों पर चर्चा



करने तथा बजटीय प्रक्रिया पूरी करने के लिए 10 मार्च से पुन: बैठक करेगी। सत्र के पहले भाग में नौ बैठकें होंगी,जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देंगे तथा सीतारमण बजट पर चर्चा का जवाब देंगी। इसके बाद संसद बजट प्रस्तावों की जांच के लिए अवकाश ले लेगी और 10 मार्च से पुन: बैठक करेगी। सत्र 4 अप्रैल को समाप्त होगा। पूरे बजट सत्र में 27 बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, माननीय राष्ट्रपति 31 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे लोकसभा कक्ष में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। केंद्रीय बजट 2025-26 1 फरवरी, 2025 को लोकसभा में पेश किया जाएगा।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 86. 58 |
| एक यूरो | 90. 18 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 106 . 88 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53. 67 |
| एक जापानी येन | 0. 55 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 106 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-126 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -52 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 80600 चांदी -92900

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 80600 चांदी -92900

### दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338
**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 11500-12500, मीडियम बोल्ड 12500-14000, फाइन 150000-16500, एकस्ट्रा बोल्ड 17000-17500, चना दाल एवरेज 8000-8100 चना दाल मार्का 8200-8300, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8400-8500, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-12000, फाइन 12000-13000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10200, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4000-4200, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-5000 फाइन-5500-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5800-6000, फाइन 6200-6500, बासमती कनकी चालू 3200-3500, बासमती कनकी मीडियम 3800-4000, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4800-5200, दुबार- 5200-5500, तिबार- 6000-6500, बासमती 8000-8500, बेस्ट 9500-10500 पोहा- 4400-4600, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7500-8000 रु.।

### लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

## वैश्विक बाजार में प्रसंस्कृत भारतीय खाद्य पदार्थों के लिए अपार संभावनाएं

***दावोस ।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भारतीय खाद्य उत्पादों को वैश्विक स्तर पर ले जाने की वकालत करते हुए कहा कि भारतीय प्रसंस्कृत खाद्य क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय बाजारों में वृद्धि की अपार संभावनाएं हैं।*

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के लिए यहां पहुंचे पासवान ने मीडिया के साथ बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उन्हें आवंटित खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय एक बड़ी जिम्मेदारी लेकर आया है। पासवान ने सोमवार शाम दावोस पहुंचने के बाद कहा, '' हमारा मकसद किसानों की अधिक मदद करना और साथ ही देश के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को और मजबूत बनाना है।'' उन्होंने कहा कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग हमारे किसानों की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए पासवान ने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान होगा। मंत्री ने कहा, '' हमारे किसानों को पहले फसल कटाई के बाद कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था, लेकिन पिछले 10 वर्षों में हमने इसके लिए कई



नए कार्यक्रम देखे हैं। इनसे न केवल किसानों को फसल कटाई के बाद मदद मिली है, बल्कि इन्होंने क्षेत्र में बड़ी संख्या में उद्यमियों को तैयार करने में भी योगदान दिया।''

उन्होंने कहा, '' मैं ग्रामीण क्षेत्र की बात कर रहा हूं, सिर्फ बड़े या मझोले श्रेणी के शहरों की नहीं। मेरा मानना है कि हमारे खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के पास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकास की अपार संभावनाएं हैं।'' विश्व आर्थिक मंच की पांच दिवसीय वार्षिक बैठक 24 जनवरी को संपन्न होगी।

## भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस ने वित्तीय सेवाओं के लिए की साझेदारी

***लखनऊ।** भारत की सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल और देश की निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) बजाज फाइनेंस ने वित्तीय सेवाओं के लिए भारत के सबसे बड़े डिजिटल प्लेटफार्मों में से एक बनने और वित्तीय सेवाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की।*

इस अनूठी साझेदारी में एयरटेल के 370 मिलियन का सक्रिय ग्राहक, 12 लाख से अधिक का विशाल डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, तथा बजाज फाइनेंस की 27 उत्पाद लाइनों का विविध समूह, और 5,000 से अधिक शाखाएं एवं 70,000 क्षेत्रीय एजेंट शामिल है। एयरटेल, बजाज फाइनेंस के खुदरा वित्तीय उत्पाद शुरुआत में अपने एयरटेल थैंक्स ऐप पर, और बाद में अपने स्टोर के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के माध्यम से भी उपलब्ध कराएगा, ताकि ग्राहकों को इस सुविधा का सहज और सुरक्षित अनुभव मिल सके।

दोनों कंपनियों की डिजिटल परिसम्पतियों की संयुक्त ताकत एयरटेल और बजाज फाइनेंस को वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पहुंच को और बेहतर बनाने में सक्षम बनाएगी। भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन और एमडी गोपाल विट्टल ने कहा, एयरटेल और बजाज फाइनेंस, इस देश के दो भरोसेमंद नाम हैं, जो लाखों भारतीयों को वित्तीय जरूरतों के विविध पोर्टफोलियो के साथ सशक्त बनाने का साझा दृष्टिकोण रखते हैं।

## दुनिया भर में पसंद की जा रही भारत की कॉफी

### पिछले दो वर्षों में कॉफी निर्यात दोगुना होकर 1.29 बिलियन डॉलर तक पहुंचा

***नई दिल्ली।** भारत का कॉफी उत्पादन और निर्यात तेज़ी से बढ़ रहा है और यह वैश्विक बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। पिछले दो वर्षों में कॉफी निर्यात दोगुना होकर 1.29 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। भारत के प्रमुख कॉफी उत्पादक राज्य कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु हैं, जिनमें सबसे अधिक उत्पादन होता है। इसके साथ ही भारत वैश्विक स्तर पर कॉफी उत्पादन में सातवें स्थान पर पहुंच गया है। भारतीय कॉफी बोर्ड ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें शुरू की हैं और किसानों को अधिक लाभ दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है।*

भारत की कॉफी दुनिया भर में पसंद की जा रही है और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, कॉफी का



निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग दोगुना बढ़कर 1.29 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है, जो 2020-21 में 719.42 मिलियन डॉलर था। इस निर्यात में रोस्टेड और इंस्टेंट कॉफी का प्रमुख योगदान है, और भारतीय कॉफी की बढ़ती मांग के कारण निर्यात में वृद्धि देखी गई है।

घरेलू बाजार में भी कॉफी की खपत में भारी उछाल आया है। कैफे संस्कृति के बढ़ने, खर्च करने योग्य आय में वृद्धि और चाय की तुलना में कॉफी को प्राथमिकता मिलने के कारण घरेलू खपत में निरंतर वृद्धि हो रही है। 2012 में 84,000 टन कॉफी की खपत 2023 में 91,000 टन तक पहुंच गई है, जो कॉफी के प्रति बढ़ते शौक और इसकी दैनिक जीवन में अहम भूमिका को दर्शाता है। भारत के प्रमुख कॉफी उत्पादक राज्य कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु हैं। कर्नाटक 2022-23 में 248,020 टन के उत्पादन के साथ सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। इसके बाद केरल और तमिलनाडु हैं, जो क्रमश: 73,000 टन और 19,000 टन कॉफी का उत्पादन करते हैं। इन क्षेत्रों में छायादार बागान होने के कारण प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण भी किया जाता है।

## तकनीकी विकास के मामले में भारत सबसे आगे:डब्ल्यूईएफ

***नई दिल्ली।** दुनियाभर की अन्य एजेंसियों और संगठनों के बाद अब विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने भी प्रौद्योगिकी विकास में भारत के मजबूत रफ्तार से आगे बढ़ने की तारीफ की है।*

डब्ल्यूईएफ ने कहा, भारत प्रौद्योगिकी विकास के दौर में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। साथ ही, स्टार्टअप और डिजिटल नवाचार के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में सबसे आगे खड़ा है। भारत में विश्व आर्थिक मंच के संपर्क कार्यालय सेंटर फॉर द फोर्थ इंडस्ट्रियल रेवोल्यूशन (सी4आईआर) इंडिया ने दावोस में डब्ल्यूईएफ की सालाना बैठक-2025 के उद्घाटन दिवस पर सोमवार को अपनी छह साल की यात्रा को लेकर रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट की प्रस्तावना में कहा गया है कि भारत विकास के प्रतिमान को आगे बढ़ा रहा है, जहां प्रौद्योगिकी कोई बाधा नहीं है, बल्कि यह समावेशी भलाई के लिए एक पुल के रूप में काम करती है।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# अंतिम अवसर होने के बावजूद भी कर दिया अनुत्तीर्ण

## ◎ हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी द्वारा 40 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने के बावजूद भी अनुत्तीर्ण घोषित किये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी।

याचिका में कहा गया था कि यह उसका अंतिम अवसर था और अनुत्तिर्ण होने के कारण उसे एमबीबीएस कोर्स से निकाल दिया जायेंगा। हाईकोर्ट जस्टिस एस ए धर्माधिकारी व जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बड़वानी जिले के निवासी छाए शोएब खान की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि याचिकाकर्ता उसने साल 2021 में नेता जी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में एमबीबीएस कोर्स में दाखिला लिया था। बीमारी के कारण वह प्रथम तीन अवसर में प्रथम सेमेस्टर उत्तीर्ण नही कर पाया। उसने चौथे व अंतिम अवसर प्रयास करने हुए



एनाटॉमी सहित अन्य विषय में 40 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये,फिर भी उसे अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया गया। याचिकाकर्ता छात्र के तरफ से पैरवी करते हुए अधिवक्ता आदित्य संघी ने कोर्ट को बताया कि नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के द्वारा अगस्त 2023 को प्रकाशित की गयी अधिसूचना के अनुसार उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक पर्याप्त हैं। इस अधिसूचना को 1 अगस्त 2023 के बाद आयोजित परीक्षाओं पर लागू किया गया है।

इसके बावजूद भी पूर्व के अधिसूचना के आधार पर याचिकाकर्ता छात्र को उत्तीर्ण किया गया है। याचिका में मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी,नेशनल मेडिकल कमीशन तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज को अनावेदक बनाया गया था। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।



## खुला चेंबर, कभी भी घटित हो सकता है हादसा

**जबलपुर, देशबन्धु। सीवर बिछाने के बाद शहर में कई स्थान पर चेंबर खुले हैं। इनके कारण हादसे के आसार बढ़ जाते हैं। इसकी एक बानगी जिला प्रशासन के कलेक्टर कार्यालय के समीप देखा जा सकता है। लेफ्ट टर्न पर चेंबर खुला है, जहां पर कभी भी गंभीर हादसा घटित हो सकता है।**

# हुआ था बेटा, थमा दी बेटी!

## परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप, नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल अस्पताल मे हंगामा, जांच कमेटी गठित

**जबलपुर, देशबन्धु।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बच्चा वार्ड में गत दिवस कथित तौर पर नवजात की अदला-बदली का आरोप लगाते हुए परिजनों द्वारा प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए गए। आरोप यह लगाए गए कि उनका बच्चा बदला गया। उनका आरोप था कि उनके यहां बेटा पैदा हुआ था और उन्हें बेटी थमा दी गई। इसे लेकर काफी देर तक हंगामे की स्थिति रही। आरोपों को गंभीरता से लेते हुए मेडिकल प्रबंधन ने जांच के लिए कमेटी गठित की हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों एवं चिकित्सीय सूत्रों के मुताबिक नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल अस्पताल में बीते दो दिन से बच्चा गायब होने को लेकर हंगामा मचा हुआ है। इस मामले ने उस वक्त तूल पकड़ा जब पीड़ित महिला ने मेडिकल अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर दोषियों पर कार्रवाई करने सहित उसका बच्चा वापस दिलाने की गुहार लगाई। बरगी निवासी पीड़ित पक्ष ने अधीक्षक को शिकायत करते हुए बताया कि बरगी निवासी महिला को प्रसव पीड़ा होने पर 18 जनवरी को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां महिला को बेटा पैदा हुआ है लेकिन कथित तौर पर उनहें बेटी थमाई गई। इस





विषय में वार्ड के डॉक्टर और स्टाफ को जानकारी दी गई तो वे भड़क गए और उन्होंने बेटी पैदा होने का हवाला दिया। इधर अधीक्षक डॉक्टर अरविंद शर्मा ने बच्चे की बदली होने के मामले को गंभीरता से लेते हुए हाईलेवल कमेटी गठित की है जो पूरे मामले की जांच करेगी। साथ ही पूरे प्रकरण की जानकारी गढ़ा थाने में दी गई है।

**नार्मल डिलीवरी हुई, हाथ पर लगा बेटे का टैग-** सूत्रों का कहना है कि महिला की सामान्य प्रसूती हुई थी और जब बच्चा पैदा हुआ था उस वक्त हाथ पर बेटे होने का टेग लगा था लेकिन जब महिला के रिश्तेदार को बच्चा दिया गया तो वह लड़की थी।

# महिला के परिजनों के ब्लैकमेल करने पर युवक ने की आत्महत्या

**शहडोल, देशबन्धु।** बुढार थाना क्षेत्र में एक युवक मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने घर जाता रहता है, तभी रास्ते में बाइक की टक्कर लगने से एक महिला घायल हो जाती है। जिसके बाद घायल महिला के परिजन मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में लेकर उसे जप्त कर लेते हैं। और बाइक चालक को धमकी देते हैं कि अगर तूने महिला का इलाज नहीं करवाया तो तुझे पुलिस के हवाले कर देंगे या जान से मार देंगे।

धमकी के बाद बाईक सवार युवक और उसके परिजन घबरा जाते हैं और महिला के परिजनो को पैसा देना शुरू कर देते हैं। पैसा पाने के बाद घायल महिला के परिजनों को लालच बढ़ जाती है और लगातार वह दबाव बनाते हुए पैसे की मांग करने लगते हैं। जब मोटी रकम मांगी गई तो बाइक सवार युवक के पास उन्हे देने के लिए पैसा नहीं था।

वह प्रताड़ित होकर आत्महत्या कर लेता है। इसके बाद पुलिस मामले की पड़ताल कर पूरे मामले को खोलकर सबके सामने रखते हुए आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बुढ़ार थानांतर्गत 30 दिसंबर 2024 को उदयराज सिंह गोड़ 21 वर्ष के मोटरसाइकिल से टकराने के बाद दस्सी यादव घायल हो गई थी। दुर्घटना के बाद महिला के परिजनों ने मोटरसाइकिल अपने कब्जे में रख ली और इलाज के नाम पर 11200 लिए।

# पांच नई जातियां हो सकती हैं ओबीसी में शामिल

## केंद्रीय सूची में शामिल करने प्रक्रिया प्रारंभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में पांच नई ओबीसी जातियों को केंद्रीय सूची में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस पहल के तहत कलार (जायसवाल), कुड़मी, दमामी, फूलमाली (फूलमारी), और लोधा (तंवर) जातियों को राष्ट्रीय स्तर पर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सूची में शामिल किया जा सकता है। शहर के समाज से जुड़े प्रतिनिधियों ने बताया कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने इस मुद्दे पर जनसुनवाई आयोजित की, जिसमें इन जातियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

**ये रहे प्रमुख बिंदु-** समाज के प्रतिनिधियों के अनुसार गत शुक्रवार को भोपाल में इस संबंध में आयोजित जनसुनवाई की अध्यक्षता राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने की। बैठक में राज्यमंत्री कृष्णा गौर, आयोग के सलाहकार राजेश यादव, सदस्य भुवन भूषण कमल, और अवर सचिव योगेश ढींगरा मौजूद थे।

**जातियों को शामिल करने का उद्देश्य-** प्रतिनिधियों के अनुसार इन जातियों को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने से उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर आरक्षण और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। इस प्रक्रिया के तहत, संबंधित जातियों की स्थिति और उनकी मांगों का आंकलन किया जा रहा है। बैठक में सर्वे रिपोर्ट की त्रुटियों को सुधारने के निर्देश दिए गए। मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि रिपोर्ट में मौजूद कमियों को जल्द दूर कर एक माह में समीक्षा के लिए आयोग को भेजा जाएगा।

**तंवर जाति पर हैं विवाद-** तंवर जाति के पक्ष ने आरोप लगाया कि लोधा (तंवर) पक्ष के एक सदस्य ने सामान्य जाति (राजपूत) का प्रमाण पत्र लेकर सरकारी नौकरी हासिल की। इसके बाद अपने बच्चों को अनुसूचित जाति (एसटी) प्रमाण पत्र का लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

समुदाय की आपत्ति- प्रतिनिधियों ने बताया कि तंवर समाज के अनुसार, ऐसे मामलों की वजह से तंवर जाति अनुसूचित जाति (एसटी) की सूची से बाहर हो गई है। आयोग ने इस विवाद की जांच के निर्देश दिए हैं।

सर्वे रिपोर्ट में सुधार आयोग द्वारा रिपोर्ट का पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा। केंद्रीय सूची में शामिल किए जाने का अंतिम निर्णय रिपोर्ट और जनसुनवाई के निष्कर्षों पर आधारित होगा। इस पहल से इन जातियों को शिक्षा, रोजगार, और सामाजिक सुरक्षा में अधिक अवसर मिलने की संभावना है, लेकिन जातिगत विवाद आयोग के निर्णय को प्रभावित कर सकता है।

# प्रदेश में बिजली दरें बढ़ाने की नहीं, घटाने की जरुरतः राजेन्द्र अग्रवाल

## ◎ विद्युत नियामक आयोग को आपत्ति प्रेषित

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी व प्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कम्पनियों द्वारा 1 अप्रैल 2025 से 7.52 प्रतिशत टेरिफ बढ़ाने हेतु मप्र विद्युत नियामक आयोग में याचिका दायर की है। जिस पर आयोग ने 24 जनवरी तक उपभोक्ताओं से आपत्ति आमंत्रित की है। विद्युत मामलों के जानकार राजेन्द्र अग्रवाल व राजेश चौधरी ने आयोग को याचिका में उल्लेखित 92 बिन्दुओं पर तथ्यों सहित आपत्ति लिखित में प्रषित करते हुए दावा किया है कि यदि आयोग वास्तव में गंभीरता पूर्वक आपत्तियों को संज्ञान मे लेता है तो प्रदेश में टेरिफ बढ़ाने की अपेक्षा 10 प्रतिशत तक कमी की जा सकती है।

श्री अग्रवाल ने मुख्यत: निजी विद्युत कम्पनियों से बिजली खरीदी में अतिरिक्त राशि की मांग टोरेंट पावर से सर्वाधिक मंहगी बिजली खरीदने का प्रस्ताव बिना बिजली खरीदे रू 2100 करोड़ के भुगतान का प्रस्ताव प्रदेश में उपलब्ध पवन ऊर्जा से ज्यादा की खरीदी हेतु 1500 करोड़ की मांग बर्किंग की आवश्यकता पर प्रश्नचिन्ह स्मार्ट मीटर स्थापना हेतु रु.754 करोड़ की मांग इत्यादि पर आपत्ति प्रकट की है।

श्री अग्रवाल ने इसके अतिरिक्त संशोधित टेरिक याचिका के नाम पर प्रदेश के उच्चदाब उद्योगों हेतु किलोवाट के बजाय किलोवोल्ट एम्पीयर से बिजली खपत की गणना रात्रि कालीन छूट समाप्त करने के न्यूनतम शुल्क वृद्धि के साथ साथ घरेलू उपभोक्ताओं हेतु 151 से 300 यूनिट के स्लेब को समाप्त करने के प्रस्ताव का तथ्यों सहित विरोध किया है। श्री अग्रवाल ने उल्लेखित 32 बिन्दुओं पर विस्तृत विवरण देने हेतु आयोग से व्यक्तिगत सुनवाई का मौका देने का अनुरोध किया है। स्मरणीय है कि आयोग ने वीडिया कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 11 फरवरी से 14 फरवरी तक उपभोक्ताओं की आपत्ति सुनने का निर्णय लिया है। जबकि देश की सभी अदालतों सर्वोच्च न्यायालय उच्च न्यायालय सहित अन्य ट्रिब्यूनल में व्यक्तिगत सुनवाई से मामलों का निपटारा किया जा रहा है। अध्यक्ष का पद खाली आयोग में पूर्व अध्यक्ष एसपीएस परिवार के 2 जनवरी 2025 को सेवा निवृत्त होने के पश्चात अभी तक कोई नियुक्ति नहीं हुई है।







# पुणे-दानापुर सहित अन्य ट्रेनों के खिरकिया स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव की अवधि बढ़ी

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पांच रेलगाड़ियों का खिरकिया स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव की अवधि को 21 जनवरी 2025 से अगले जुलाई माह तक विस्तारित करने का निर्णय लिया है। पमरे से गुजरने वाली पांच रेलगाड़ियां पुणे-दानापुर-पुणे एक्सप्रेस, हैदराबाद-हिसार एक्सप्रेस एवं अहमदाबाद-बरौनी-अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेनें खिरकिया स्टेशन पर अब आगामी 19 जुलाई 2025 तक रूकती रहेंगी। **प्रायोगिक हाल्ट अवधि की विस्तृत जानकारी** - गाड़ी संख्या 12149 पुणे-दानापुर एक्सप्रेस ट्रेन का खिरकिया स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय सुबह 08:00/08:02 बजे प्रायोगिक तौर पर प्रायोगिक ठहराव को 21 जनवरी 2025 से 19 जुलाई 2025 तक कर दिया गया है। गाड़ी संख्या 12150 दानापुर-पुणे एक्सप्रेस ट्रेन का खिरकिया स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय दोपहर 15:15/15:17 बजे प्रायोगिक तौर पर प्रायोगिक ठहराव को 21 जनवरी 2025 से 19 जुलाई 2025 तक कर दिया गया है।

# झेलम और मालवा समेत 8 ट्रेनें निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल यात्रियों के लिए एक निराशाजनक खबर है कि रेलवे प्रबंधन ने जम्मू जाने वाली झेलम, मालवा एक्सप्रेस कई ट्रेनों को निरस्त करने का फैसला लिया है। रेलवे ने जम्मू तवी स्टेशन पर चल रहे निर्माण और विकास कार्यों के चलते यह फैसला लिया है। जम्मू रूट पर यात्रा करने वाले यात्रियों की एक बार फिर परेशानी बढने वाली है। रेलवे ने जम्मूतवी जाने वाली कई ट्रेनों को निरस्त करने फैसला लिया है। रेल प्रशासन ने भोपाल रेल मंडल से गुजरने वाली 8 ट्रेनों को निरस्त किया है। रेलवे ने यह फैसला उत्तर रेलवे के जम्मू तवी स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों के चलते लिया है।

**ये ट्रेनें हुई निरस्त-** जम्मूतवी स्टेशन पर निर्माण कार्य के चलते गाड़ी संख्या 22705- तिरुपति-जम्मू तवी एक्सप्रेस, 14, 21, 28 जनवरी, 4, 11, 18, 25 फरवरी को, गाड़ी संख्या 22706 - जम्मू तवी-तिरुपति एक्सप्रेस, 17, 24, 31 जनवरी, 07, 14, 21, 28 फरवरी को, गाड़ी संख्या 12751- नांदेड़-जम्मू तवी एक्सप्रेस, 21 फरवरी और 28 मार्च को, गाड़ी संख्या 12752- जम्मूतवी- नांदेड़ एक्सप्रेस 23 फरवरी और 2 मार्च को, गाड़ी संख्या 11077- पुणे-जम्मू तवी एक्सप्रेस, 17 फरवरी से 04 मार्च तक निरस्त रहेंगी।

ये ट्रेन 16 ट्रिप निरस्त रहेंगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 11078- जम्मू तवी-पुणे जं. एक्सप्रेस, 19 फरवरी से 06 मार्च तक 16 ट्रिप के निरस्त रहेंगी। गाड़ी संख्या 12919- डॉ. अंबेडकर नगर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस, 01 से 05 मार्च तक 5 ट्रिप के निरस्त, गाड़ी संख्या 12920- श्री माता वैष्णो देवी कटरा-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस, 03 से 07 मार्च तक 5 ट्रिप के लिए निरस्त रहेंगी।

**सांगानेर तक चलेगी दयोदय एक्सप्रेस-** इधर, उत्तर पश्चिम रेलवे में चल रहे अधोसंरचना कार्य के कारण दयोदय एक्सप्रेस को 1 फरवरी 2025 को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया। जबलपुर से चलकर भोपाल मंडल के रुठियाई, गुना,अशोक नगर, मुंगावली स्टेशनों से होकर गुजरने वाली गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस सांगानेर स्टेशन तक चलेगी, यह गाड़ी सांगानेर से अजमेर के बीच निरस्त रहेगी। इस प्रकार वापसी में अजमेर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस 2 फरवरी 2025 सांगानेर स्टेशन से चलकर जबलपुर तक आएगी।

# महाकुंभ श्रृद्धालुओं की आस्था का प्रतीक : शोभना बंदोपाध्याय

**जबलपुर,देशबन्धु।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव अध्यक्ष सतीश कुमार के निर्देशन में प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ मेले में अधिकतम सुविधाएं यात्रियों को पहुंचाया जाना ही प्रथम उद्देश्य है। पमरे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय का मानना है कि महाकुंभ करोड़ों श्रृद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। इसकी धूम देश के अलावा विदेशों में भी की जा रही है।

हजारों विदेशियों ने महाकुंभ के स्नान प्रयागराज में किए है और निरंतर भीड़ बढ़ती जा रही है। इसे एक श्रृद्धा का प्रमुख केन्द्र माना जा रहा है, महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने कहा कि महाकुंभ एक सिर्फ एक मेला नहीं है बल्कि यह आस्था परम्परा और हिन्दू संस्कृति का संगम है। श्रृद्धालुओं के लिए यह एक पवित्र एहसास है। इसका इंतजार सभी श्रृद्धालुओं को बेसब्री से रहता है। इस वर्ष 144 वर्ष बाद पूर्ण महाकुंभ लग रहा है। यदि इसका विश्लेषण किया जाए तो 12 वर्ष लगातार 12 वर्षों तक के लगने के बाद पूर्ण महाकुंभ लगता है। महाकुंभ से जुड़े कई ऐसे रहस्य हमारे ग्रंथों में छिपे हुए हैं जिसको उजागर किया जाना आवश्यक है। मेले का इतिहास जानकारी के अनुसार कुंभ मेले का इतिहास वर्षों पुराना है। भारतवर्ष में यह मेला काफी अनूठा है जिसमें पूरे विश्व से लोग आते जाते हैं। हिन्दू पौराणिक कथाओं के अनुसार कुंभ मेला 12 वर्षों के दौरान 4 बार मनाया जाता है। इस मेले का आयोजन 4 तीर्थ स्थलों में होता है। उत्तराखंड में गंगा नदी पर हरिद्वार ,मध्यप्रदेश में शिप्रा नदी पर नासिक और देश के सबसे राज्य उत्तरप्रदेश में गंगा युमना और सरस्वती तीन नदियों के संगम पर प्रयागराज। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष कुंभ मेला 13 जनवरी 2025 को प्रयागराज उत्तरप्रदेश से शुरु किया गया और यह मेला 8 मार्च तक चलेगा

**मेले का इतिहास-** कुंभ मेला दो शब्दों कुंभ और मेला से बना हुआ है। कुंभ नाम अमृत के अमर पात्र या कलश से लिया है जिसे देवता और राक्षसों ने प्राचीन वैदिक शास्त्र में सर्वाधिक धार्मिक महत्व है। यह संस्कृति का भी एक महत्वपूर्ण प्रतीक माना जाता है। यह मेला प्रयागराज में 48 दिनों तक चलता है। इसमें दुनिया भर से साधू,संत,तपस्वी तीर्थ यात्री आदि इसमें हिस्सा लेते हैं। पुराणों के अनुसार ऐसा माना जाता है कि शंकराचार्य जी ने इसकी शुरुआत की थी,कुंभ की शुरुआत समुद्र मंथन से की गई थी।

ऐसा कहा जाता है कि महर्षि दुर्वासा के श्राप के कारण जब इन्द्र और देवता कमजोर पड़े तक राक्षसों ने देवताओं पर आक्रमण किया और उन्हें परास्त कर दिया। ऐसे में सभी देवता मिलकर विष्णु भगवान के पास गए और सारा व्रतांत सुनाया। तभी भगवान ने देवताओं को दैत्यों के साथ मिलकर समुद्र यानी क्षीरसागर में मंथन करके अमृत निकालने कहा। ये दूध सागर ब्रहांड के आकाशीय क्षेत्र में स्थित है। सभी देवता विष्णु जी के कहने पर दैत्यों से संधि करके अमृत निकलवाने के प्रयास में लग गए। जैसे ही समुद्र मंथन से अमृत निकला देवताओं ने इशारे पर इंद्र का पुत्र जयंत अमृत कलश लेकर उड़ गया। इस पर गुरु शंकराचार्य के कहने पर दैत्यों ने जयंत का पीछा किया और परिश्रम करके दैत्यों ने जयंत को पकड़ लिया और अमृत कलश पर अधिकार जमाने पर 12 दिनों तक युद्ध चला इस युद्ध के दौरान पृथ्वी के चार स्थानों पर अमृत कलश की कुछ बूंदे गिरी थी। जिनमें से पहली बूंद प्रयागराज में दूसरी हरिद्वार तीसरी बूंद उज्जैन एवं नासिक में गिरी इसके चलते ही इन शहरों में कुंभ मेले आयोजित किये जाते हैं।



इसी भाव्यता को ध्यान में रखते हुए शोभना बंदोपाध्याय ने प्रयागराज के लिए अलग अलग जोनों से यात्री ट्रेनों को संचालन को लेकर वार्ता की जाती है। इसके अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं। पमरे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक जी सिंह प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कुसाल सिंह सीसीएम रश्मि बघेल, राजेश शर्मा,अनुराग पटेरिया, विवेक कुमार रेल प्रबंधक, कमल तलरेजा जबलपुर ,भोपाल कोटा एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ.मधुर वर्मा, सौरभ जैन,सौरभ कटारिया,आदि सभी को निर्देशित किया है कि वह प्रयागराज के लिए अच्छी से अच्छी व्यवस्थाएं करके श्रृद्धालुओं महिलाओं को अच्छी से अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराएं।

इन निर्देशों के परिपालन करते हुए डॉ.मधुर वर्मा ने कटनी , मैहर,सतना,आदि स्टेशनों में उड़न दस्ता की टीम को पदस्थ किया है और यह सभी कर्मचारियों द्वारा मुस्तैदी से कार्य का संपादन कर रहे हैं। गौरतलब है कि जबलपुर मंडल के अलावा कोटा मंडल और भोपाल मंडल के कर्मचारियों की भी तैनाती आवश्यकता नुसार कर दी गई है यह शीर्ष प्रबंधन के द्वारा दिये गए कार्यो का संपादन करने में व्यस्त देखा जा रहा हैं। जबलपुर मंडल से मुंबई हावड़ा मेल पुणे पटना, मुंबई, बनारस महानगरी एक्सप्रेस साकेत एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रा करने वाली महिला यात्री इन्द्रा पांडे,आकांशा,संध्या कुशवाहा, रागिनी नामक एस गुप्ता,विक्रांत नेमा,सुनील दुबे आदि ने महाप्रबंधक व मंडल के शीर्ष प्रबंधन की प्रशंसा की है।



